
CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFL1 User: cci Time: 01-26-2026 22:53 Color:



WATCH GOD WA

NB
नवभारत



कोश्यारी को 'पद्म भूषण' मिलने पर विवाद
p5


# गड्ढा बना प्लॉट, बिल्डर ज़िम्मेदार: अथॉरिटी

Pravesh.Singh
@timesofindia.com

■ **नोएडा:** इंजिनियर युवराज की मौत के मामले में नोएडा अथॉरिटी की ओर से SIT को सौंपी गई रिपोर्ट में अथॉरिटी ने इस प्लॉट को गड्ढे के रूप में तब्दील होने के लिए सबसे बड़ा जिम्मेदार बिल्डर को बताया है। रिपोर्ट मंगलवार को शासन को सौंपी जा सकती है। अथॉरिटी ने कहा कि स्पोर्ट्स सिटी परियोजना के तहत 300 एकड़ प्लॉट का आवंटन अथॉरिटी ने किया था और उसके बाद बिल्डर ने उसे 24 सबलेसी को बेचा था। जिसमें एक सबलेसी आर्वेटी बिल्डर के प्लॉट पर यह घटना हुई है। इसमें बेसमेंट भी उसी बिल्डर ने खुदवाया था। सूत्रों के अनुसार नोएडा अथॉरिटी के ट्रैफिक सेल और पुलिस की भूमिका को भी रिपोर्ट में जिम्मेदार ठहराया गया है। नोएडा पुलिस व अथॉरिटी के किसी सीनियर अधिकारी पर गाज गिर सकती है। सीईओ को पहले ही हटाया जा चुका है। » देखें सप्लिमेंट

**अथॉरिटी की ओर से SIT को सौंपी गई रिपोर्ट**

**नोएडा में इंजिनियर की मौत का मामला**



आज मिलेगा इंसाफ? शासन को आज अपनी रिपोर्ट सौंप सकती है SIT

## मुख्य बिल्डर पर CBI केस दर्ज

**अथॉरिटी की** ओर से सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में 2022 में ही स्पोर्ट्स सिटी मास्टर प्लान निरस्त कर दिया है और इस पूरी परियोजना के मुख्य बिल्डर और अन्य पर सीबीआई में मुकदमा दर्ज है। मामला सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा है। अथॉरिटी ने बिल्डर को जितने नोटिस दिए, जो-जो कार्रवाई की है उस सबकी डिटेल अपनी फाइनल रिपोर्ट में एसआईटी को सौंपी है। हालांकि अपने अथॉरिटी के नोएडा ट्रैफिक सेल के आधे-अधूरे कामों का अथॉरिटी बचाव नहीं कर पाई। ट्रैफिक सेल का एक जेई इस मामले में बर्खास्त किया जा चुका है।

## बचाव करने वाले मुनेंद्र करेंगे साजिश करने वालों पर केस

युवराज की जान बचाने का प्रयास करने वाले मुनेंद्र उर्फ मोनिंदर के बयानों से पीछा छुड़ाने के प्रयास होने लगे हैं। इसके तहत पहले उसे अपराधी बताने को लेकर सूचनाएं वायरल की गईं। उसके बाद रविवार को एक पत्रकार ने उसे रुपये देकर पुलिस के खिलाफ बोलने की बात कही और विडियो बना वायरल कर दी। सूत्रों का कहना है कि पुलिस की ओर से एसआईटी को सौंपी गई रिपोर्ट में दावा किया है कि घटना के समय उसकी लोकेशन मौके पर नहीं थी, जबकि युवराज के पिता सार्वजनिक तौर पर मुनेंद्र का पानी में उतरने पर आभार जता चुके हैं। मुनेंद्र ने कहा है कि वह साजिश करने वालों पर केस दर्ज कराएंगे।



मुनेंद्र

WPL आज के मैच
गुजरात जायंट्स vs दिल्ली कैपिटल्स
7:30 pm से, गुजरात में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

## भारत-ईयू ट्रेड डील: कार और वाइन पर ड्यूटी घटने की चर्चा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत और** 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (EU) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (FTA) में कई चीजों पर इंपोर्ट ड्यूटी घटाने की संभावना है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि समझौता अंतिम रूप ले चुका है। सूत्रों के मुताबिक, कपड़ा और जूते जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के साथ कारों और वाइन को भी समझौते में शामिल किया जा सकता है। इस समझौते के पूरा होने की घोषणा 27 जनवरी को दिल्ली में होने की उम्मीद है। भारत ने कपड़ा, चमड़ा, रत्न-आभूषण और हस्तशिल्प के लिए शून्य-शुल्क पहुंच की मांग रखी है। दूसरी ओर, ईयू ऑटोमोबाइल और वाइन समेत अल्कोहलिक ड्रिंक्स पर ड्यूटी में कमी चाहता है। समझौते में कई सेवा क्षेत्रों के नियमों में ढील भी संभव मानी जा रही है। » पेज 8

File



UAE के राष्ट्रपति 19 जनवरी को दिल्ली में पीएम मोदी से मिले थे।

### इस्लामाबाद एयरपोर्ट प्रोजेक्ट रद्द

संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है और इस्लामाबाद इंटरनैशनल एयरपोर्ट को चलाने की अपनी योजना रद्द कर दी है। ET की रिपोर्ट के अनुसार, यह फैसला भारत के लिए राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के अचानक भारत दौरे के कुछ ही दिनों बाद आया है। पाक मीडिया के अनुसार पाक को 12.36 अरब रुपये का नुकसान उठाना पड़ सकता है। » पेज 10

**फटाफट खबरें**

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो भाइयों की मौत

गाजियाबाद में मोदीनगर-हापुड़ मार्ग पर रविवार देर रात भूसे से लदी ओवरलोडेड ट्रैक्टर-ट्रॉली नाले में पलट गई। हादसे में ट्रॉली के नीचे दबकर दो ममेरे भाइयों की मौत हो गई। बताया गया है कि दोनों भाई करीब तीन घंटे तक भूसे के ढेर में दबे रहे। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक और उसका सहयोगी फरार हो गए।

**काम की खबरें**

### सूरजकुंड मेले का टिकट महंगा मिलेगा

फरवरी में होने वाले सूरजकुंड मेले का टिकट इस बार महंगा मिलेगा। वीक डेज में 150 रुपये और वीकेंड पर 200 रुपये का टिकट होगा।

### ग्रैजुएशन कोर्स में दाखिल के लिए अब 4 दिन बाकी



ग्रैजुएशन कोर्सेज में दाखिले के लिए होने वाली CUET- UG-2026 में आवेदन करने के अब चार दिन ही बचे हैं।

### 'भारत रंग महोत्सव' आज से शुरू होगा

नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (NSD) का 25वां 'भारत रंग महोत्सव' दिल्ली में आज शुरू होगा।

## गैर-हिंदुओं के धार्मिक स्थलों में बैन पर मंथन

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

**उत्तराखंड के** पौराणिक धार्मिक स्थलों पर गैर-हिंदुओं के प्रवेश प्रतिबंध की मांग के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार धार्मिक संगठनों की राय के अनुसार आगे बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि तीर्थ सभा, गंगा सभा, केदार सभा और बद्री-केदार मंदिर समिति (BKTC) जैसे निकायों की जो सहमति होगी, उसी आधार पर फैसला लिया जाएगा। सरकार पुराने कानूनों का अध्ययन भी कर रही है। हरिद्वार की गंगा सभा ने 1916 के बायलॉज का हवाला देकर हरकी पैड़ी सहित कई स्थलों पर प्रतिबंध की मांग उठाई है। BKTC भी बैठक में बदरीनाथ, केदारनाथ समेत अपने अधीन करीब 52 मंदिरों में प्रवेश नियमों पर प्रस्ताव लाने की तैयारी में है।

File



सीएम पुष्कर सिंह धामी

**UCC में बड़ा बदलाव**

उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता (UCC) को और प्रभावी बनाने के लिए संशोधन अध्यादेश लागू किया। राज्यपाल की मंजूरी के बाद नए प्रावधान लागू हो गए हैं। इसमें अपील का अधिकार, गलत पहचान पर विवाह निरस्तीकरण, कड़े दंड की शक्तियां शामिल की गई हैं।

**डेटोनेटर भी ज़ब्त**

### नागौर में 10,000 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद

■ **NBT रिपोर्ट:** राजस्थान के नागौर जिले में पुलिस ने करीब 10,000 किलो अमोनियम नाइट्रेट और अन्य विस्फोटक सामग्री जब्त की है। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, गणतंत्र दिवस से पहले मिली सूचना पर पुलिस ने हरसौर गांव के एक फार्महाउस पर छापा मारा। वहां से 187 कट्टों में 9,550 किलो अमोनियम नाइट्रेट, डेटोनेटर, तार और फ्यूज वायर बरामद हुए। पुलिस ने फार्महाउस से सुलेमान खान को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि आरोपी से विस्फोटकों के स्रोत और उपयोग को लेकर पूछताछ जारी है।



**हैपी मॉर्निंग**

ऑपरेशन के बाद पिंटू ने डॉक्टर से पूछा- डॉक्टर साहब, क्या अब मैं ठीक हूं?
बेटा डॉक्टर साहब तो धरती पर ही रह गए, मैं तो यमराज हूं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 23.2°
4.2° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त 5:56 मंगलवार | सूर्योदय 7:11 बुधवार

हिमाचल में 1,000 से ज्यादा सड़कें बंद, मनाली में लंबा जाम।

**चिट्ठी लिखी** कहा, नए नियम से सामान्य वर्ग के छात्रों को नुकसान हो सकता है

## UGC के नए कानून का विरोध, सिटी मैजिस्ट्रेट ने दिया इस्तीफा

NBT



सिटी मैजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने बोर्ड पर नाम के आगे लिखा रिजाइन

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ

**बरेली के** सिटी मैजिस्ट्रेट और 2019 बैच के PCS अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (UGC) के नए कानून का विरोध और प्रयागराज के माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ हुई कथित बदसलूकी को इस्तीफे की वजह बताया है।

उन्होंने गणतंत्र दिवस पर कार्यालय में अपने नाम के आगे रिजाइन लिखकर फोटो जारी की और एक पत्र के जरिए वजह बताई। उन्होंने यूजीसी के 13 जनवरी 2026 के नए नियमों का विरोध करते हुए कहा कि इससे सामान्य वर्ग के छात्रों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। साथ ही प्रयागराज के माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्यों के साथ कथित बदसलूकी को भी कारण बताया। पत्र में उन्होंने प्रशासनिक कार्रवाई को धार्मिक और सांस्कृतिक अपमान बताया।


**शंकराचार्य के साथ हुई बदसलूकी को भी वजह बताया**

**झूठी मुस्कुराहट भी बड़ी असरदार**
अगर आप उदास हैं और जबरदस्ती भी मुस्कुराते हैं, तो दिमाग को लगता है कि आप खुश हैं और वह मूड ठीक करने वाले हॉर्मोन्स रिलीज करने लगता है।

## विचार

सफलता आपको यह सिखाती है कि खुद से प्यार करें, अपने काम से प्यार करें और जो कर रहे हैं, उसे सही तरीके से पूरी मेहनत और लगन से करें।
– माया एंजेलो (Maya Angelou)

## ज़रा हंस लें




अंकल: फ्री टाइम में क्या करते हो? चिंटू: जी फोन चार्ज करता हूं।
अंकल: और फ्री कब होते हो?
चिंटू: जब फोन की बैटरी खत्म हो जाती है

## कविता

### नारी मतलब शक्ति

AI Image



नन्हे पंख है पर बेटियां, गगन नाप लेती है।
पैरों में जंजीरें हो पर, सहज धाप लेती है।
लांघने दे मां चौखट मुझे,
डर तो घर में भी है।
सहारा नहीं सहारा बनूं,
वह बल मुझमें भी है।
यदि कायर, कातर शब्द मिले,
तो सहज अपमान है।
नारी जाति में जन्म लेना,
मुखरित स्वाभिमान है।
मैं अपलक प्रहरी बनकर मां,
देश को बचाऊंगी।
नारी है फौलादी ताकत,
लड़कर दिखलाऊंगी।
– संजय रुजभर,
NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।


# मंदिरों ने छुई नई ऊंचाई, सुरक्षित की गईं धरोहरें

Vivek.Narayanan@timesofindia.com

■ चेन्नै: हर साल मॉनसून के दौरान चेन्नै के कई पुराने मंदिरों में सड़क और नालियों का गंदा पानी भर जाता है। व्यासरपाडी के करीब 800 साल पुराने श्री रविस्वरर मंदिर में हर बरसात में आसपास की सड़कों का पानी गर्भगृह तक पहुंच जाता है। इसी तरह मन्नाडी के श्री कालिकंबल मंदिर में भारी बारिश के दौरान सीवर का पानी परिसर में भर जाता है। इन समस्याओं से निपटने के लिए अब मंदिरों को ऊंचा किया जा रहा है। श्री कालिकंबल मंदिर के 5 मंजिला राजगोपुरम को जैक लिफ्टिंग तकनीक से करीब 4 फीट ऊपर उठाया जा रहा है। वहीं श्री रविस्वरर मंदिर के गर्भगृह और मंडपों को मौजूदा फर्श से करीब 7 फीट तक ऊपर किया जा रहा है।

तमिलनाडु के अन्य हिस्सों में मौजूद पुराने मंदिरों को बाढ़, मिट्टी के कटाव और बढ़ते ट्रैफिक से होने वाले कंपन का खतरा बढ़ता जा रहा है। इसे देखते हुए हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्त विभाग ने 25 मंदिरों में स्ट्रक्चर को ऊपर उठाने और नींव मजबूत करने का फैसला लिया है। इंजिनियरों के अनुसार, मंदिरों की दीवारें 3 से 5 फीट मोटी होती हैं, जो पत्थर और चूने के मसाले से बनी हैं। जैक लिफ्टिंग एक नियंत्रित तकनीक है, जिसमें पूरे ढांचे को धीरे-धीरे ऊपर उठाया जाता है। मंदिर को ऊपर उठाने की मंजूरी 10 सदस्यीय राज्य स्तरीय कमिटी देती है। अधिकारियों के मुताबिक अब तक 11 मंदिरों में यह काम पूरा हो चुका है। इनमें चेन्नै के नौ, चेंगलपट्टू और तिरुपुर के एक-एक मंदिर शामिल हैं। चेन्नै में कोलाथुर, पाडी, विल्लिवक्कम और कोमलीश्वरनपेट जैसे इलाकों के मंदिरों में काम पूरा हो चुका है। पुरुषवाक्कम, व्यासरपाडी, अशोक नगर और वलसरवक्कम समेत 14 इलाकों में काम जारी है।

### 25 मंदिरों में जैक लिफ्टिंग तकनीक का इस्तेमाल










### मंदिर उठाने का प्रोसेस

- सबसे पहले मंदिर की पूरी स्ट्रक्चरल जांच की जाती है। इसमें नींव, वजन उठाने वाले हिस्से, मिट्टी और सब-सॉयल को परखा जाता है।
- मंदिर के एक हिस्से में कम से कम पांच फीट तक खुदाई की जाती है।
- मुख्य खंभों और दीवारों के नीचे एक साथ काम करने वाले स्क्रू जैक लगाए जाते हैं।
- मंदिर को बहुत धीरे-धीरे और एकसाथ छोटे-छोटे स्टेप्स में ऊपर उठाया जाता है।
- जब तय ऊंचाई तक मंदिर ऊपर आ जाता है तो उसी लेवल पर नया मजबूत सब-स्ट्रक्चर तैयार किया जाता है। इसके बाद मंदिर को स्थायी रूप से बैठा दिया जाता है और रास्तों व ड्रेनेज सिस्टम को नई ऊंचाई के अनुसार बदला जाता है।

### प्रोग्रेस रिपोर्ट

- अब तक 11 मंदिरों में काम पूरा हो चुका है
- 14 मंदिरों में काम अभी चल रहा है

हमारी प्राथमिकता श्रद्धालुओं की सेवा करना और मंदिरों को सुरक्षित करना है। इसमें भगवान हमारे साथ हैं।
-पीके शेखर बाबू, मंत्री, HR&CE मिनिस्टर

### अरुलमिगु सोमनाथ स्वामी मंदिर, कोलाथुर

- इस मंदिर का निर्माण करीब 300 साल पहले आर्कॉट के नवाब के समय कस्बे के जमींदार शिव मेस्त्र ने कराया था। इसके सामने दो तालाब हैं।

### अरुलमिगु रविस्वरर मंदिर, व्यासरपाडी

- यह मंदिर करीब 800 साल पुराना है। तमिलनाडु का इकलौता मंदिर है, जहां वेदव्यास के लिए अलग गर्भगृह है। ■ लोग बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाने से पहले ऋषि व्यास का आशीर्वाद लेते हैं।

### अरुलमिगु चेन्नै श्री कालिकंबल कमलेश्वर देवस्थानम

- महाकवि सुब्रमण्य भारती इस मंदिर में दर्शन के लिए आते थे। ■ मुख्य देवी पहले फोर्ट सेंट जॉर्ज के एक मंदिर में स्थापित थीं। ■ माना जाता है कि छत्रपति शिवाजी ने भी इस मंदिर में दर्शन किए थे।

# पुरानी पतंगों की डंडियों पर लहराए तिरंगे

Prashant.Rupera@timesofindia.com

TOI






BBA स्टूडेंट राजसी उबके ने इस्तेमाल हो चुकी पतंगों की बांस की डंडियों से तिरंगे की डंडियां बनाने की शुरू की पहल

■ वडोदरा : बसंत पंचमी त्योहार के आसपास जमकर पतंगबाजी होती है, इसी के साथ पुरानी और कटी पतंगों का ढेर जमीन पर गिर जाता है। लेकिन, इस बार 19 साल की राजसी उबके, अहमदाबाद की निरमा यूनिवर्सिटी में BBA की छात्रा, ने यह तस्वीर बदल दी। उन्होंने फेंकी हुई पतंग की बांस की डंडियों को इकट्ठा कर रिपब्लिक-डे के लिए प्लास्टिक-फ्री झंडे की डंडियों में तब्दील कर दिया।

राजसी ने 17 जनवरी को 'कचरे से आजादी' फाउंडेशन के तहत यह अनोखी पहल करते हुए अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने कचरा बीनने वालों से 50 रुपये प्रति किलो के हिसाब से इस्तेमाल की हुई बांस की डंडियां खरीदीं। फाउंडेशन की टीम ने 42 किलो पतंग वेस्ट से लगभग 1,800 झंडे की डंडियां बनाईं। ये डंडियां 26 जनवरी को रिपब्लिक-डे समारोह में प्लास्टिक डंडियों की जगह इस्तेमाल हुईं। बांस की डंडियां डुमाड, असोज और वास्का के स्कूलों, एक्सिम क्लब, रोटरेक्ट क्लब और रोटरी क्लब जैसी संस्थाओं में वितरित की गईं। प्राची पाटनी और रश्मिका प्रजापति ने कचरा बीनने वाले समुदाय को संगठित किया, उन्हें पतंग कचरे के प्रबंधन और मांझे के खतरों के बारे में शिक्षित किया।

### 'अपसाइक्लिंग सेंटर बन सकता है वडोदरा'

एक अनुमान के मुताबिक, इस मौसम में लगभग दो लाख पतंगें उड़ती हैं। इसलिए, अपसाइक्लिंग की गुंजाइश काफी है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक वॉलिंटियर का कहना है कि अगर खंभात पतंग बनाने का हब बन सकता है, तो वडोदरा अपसाइक्लिंग सेंटर के तौर पर उभर सकता है। अगले साल और ज्यादा कचरा बीनने वालों को जोड़कर और बाय-बैक कीमत बढ़ाकर पहल का विस्तार किया जाएगा। अभी वडोदरा में कचरा बीनने वाले करीब 400 लोग इससे जुड़े हैं।

### 6 लाख खर्च कर हेलिकॉप्टर से दिखाया अपना शहर

# मां-पिता के एक 'काश' को बेटे ने यूं बना दिया हकीकत

■ NBT रिपोर्ट, बेंगलुरु

TOI






- माता-पिता को हेलिकॉप्टर से सिंधनूर का एरियल टूर कराया
- हेलिकॉप्टर लैंडिंग से इलाके में त्योहार जैसा बना माहौल

**अक्सर कहा** जाता है कि माता-पिता अपने बच्चों के सपनों के लिए पूरी जिंदगी मेहनत करते हैं, लेकिन रायचूर के सिंधनूर से आई यह कहानी रिश्तों की इस तस्वीर को उलट देती है। यहां एक बेटे ने अपने माता-पिता की उस छोटी-सी ख्वाहिश को पूरा किया, जो उन्होंने सालों पहले यूं ही बातों-बातों में कही थी।

यह कहानी है सिंधनूर के रहने वाले अब्दुल शरीफ साब की। बेंगलुरु में एक प्राइवेट रियल एस्टेट फर्म में काम करने वाले अब्दुल ने अपने अम्मी-अब्बू के सपने को सच करने का फैसला किया। उनके वालिद शरीफ साब और मां सजादी बेग ने कभी कहा था कि वे अपने शहर सिंधनूर को आसमान से देखना चाहते हैं।

अब्दुल ने इसे दिल से लगा लिया और चुपचाप पैसे जोड़ने लगे। 17 जनवरी को आखिर वह पल आया, जब उन्होंने हेलिकॉप्टर बुक कर माता-पिता को सिंधनूर लाकर शहर का यादगार एरियल टूर कराया।

### 'खुशी के आगे ₹6 लाख कुछ नहीं'

इस सपने को पूरा करने में अब्दुल ने करीब 6 लाख रुपये खर्च किए। अब्दुल ने कहा कि जब मैंने अपने माता-पिता का सपना पूरा किया और उनके चेहरों पर जो खुशी देखी, उसके सामने यह खर्चा बहुत मामूली लगता है। हालांकि, अब्दुल का कहना है कि उनका इरादा पब्लिसिटी का बिल्कुल नहीं था। लेकिन जब शहर में हेलिकॉप्टर उतरा, तो लोगों की भीड़ जुटना लाजिमी था। कुष्टगी रोड के पास जहां हेलिकॉप्टर लैंड हुआ, वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। वहां का नजारा किसी त्योहार जैसा हो गया था। स्कूल के बच्चे और शहर के लोग इस दुर्लभ नजारे को देखने के लिए इकट्ठे हो गए।

## NBT जन्मदिन मुबारक

### बॉबी देओल



27 जनवरी 1969 को जन्मे बॉबी देओल ने 'बरसात' से डेब्यू किया। हाल ही में 'एनिमल' फिल्म में विलेन के रोल और 'आश्रम' वेब सीरीज के लिए खूब चर्चा में रहे।

### कॉनराड संगमा



मेघालय के CM कॉनराड संगमा का जन्म 27 जनवरी 1978 को हुआ। नैशनल पीपल्स पार्टी (NPP) के अध्यक्ष हैं और नॉर्थ-ईस्ट की राजनीति का बड़ा युवा चेहरा है।

### श्रेयस तलपड़े



27 जनवरी 1976 को जन्मे श्रेयस तलपड़े हिंदी और मराठी सिनेमा के एक्टर हैं। 'इकबाल' से करियर शुरू किया। 'गोलमाल' में अपनी कॉमेडी से मशहूर हैं।

### शहनाज गिल



27 जनवरी 1994 को जन्मी शहनाज गिल एक्ट्रेस और सिंगर हैं। 'बिग बॉस 13' से उन्हें पहचान मिली। उन्होंने फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से बॉलिवुड डेब्यू किया।

## THE ECONOMIC TIMES

### NPS में बदलाव, PFRDA ने बनाई कमिटी

■ NBT रिपोर्ट: पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी (PFRDA) ने नैशनल पेंशन सिस्टम (NPS) के निवेश नियमों की पूरी तरह से समीक्षा करने के लिए एक कमिटी बनाई है। ET के मुताबिक, इस कमिटी का नाम SAARG (स्ट्रैटजिक असेट अलोकेशन एंड रिस्क गवर्नेंस) है।



यह कमिटी NPS के निवेश ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए सुझाव देगी। कमेटी इस बात की जांच करेगी कि पैसा कहां और कैसे लगाया जाए। निवेश के नए विकल्पों को कैसे जोड़ा जाए। निवेश की वैल्यू को सही तरीके से कैसे मापा जाए। मॉर्गन स्टेनली इंडिया के पूर्व कंट्री हेड और सीईओ नारायण रामचंद्रन इस कमिटी के अध्यक्ष होंगे। बयान में कहा गया है कि कमिटी निवेश के तरीकों, रिस्क मैनेजमेंट और ग्राहकों के फायदों पर असर डालने वाले किसी भी मामले में सुझाव देगी।

# EU से FTA फाइनल, ऐलान आज

## टेक्सटाइल्स, लेदर, फुटवेयर और जेम्स एंड जूलरी के निर्यात को होगा फायदा

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

PTI



नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित 77वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (बीच में), यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन (बाईं ओर) और यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा।

■ नई दिल्ली : करीब 4 साल से लगातार चल रही बातचीत के बाद भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच फ्री ट्रेड अग्रीमेंट (FTA) का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को भारत और यूरोपियन यूनियन के शिखर सम्मेलन में इसका ऐलान होगा। हालांकि असल में यह समझौता करीब सालभर बाद अगले वर्ष लागू होगा। इस समझौते से भारत के टेक्सटाइल्स, लेदर एंड फुटवियर, जेम्स एंड जूलरी, केमिकल्स और समुद्री उत्पादों जैसी चीजों पर यूरोपियन यूनियन में लगने वाले आयात शुल्क में बड़ी राहत मिलेगी।

कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा, 'FTA पर बातचीत पूरी हो गई है। डील फाइनल हो गई है। भारत के लिहाज से यह व्यापार समझौता संतुलित है। इससे भारत और यूरोपियन यूनियन के आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे और दोनों जगहों पर निवेश भी बढ़ेगा।'

एक अन्य अधिकारी ने बताया, 'इस पर बातचीत शुक्रवार को पूरी हुई और दोनों पक्षों के नेताओं ने इसे शनिवार को मंजूरी दी।' उन्होंने बताया, 'समझौते की कानूनी शब्दावली पर काम हो रहा है। 5-6 महीने में यह पूरा होने पर समझौते पर औपचारिक रूप से दस्तखत होंगे। इसके बाद दोनों देशों में इसे मंजूरी देने की प्रक्रिया शुरू होगी। भारत में कैबिनेट मंजूरी की जरूरत होगी। EU में वहां की संसद इसे स्वीकृति देगी, लेकिन ऐसा नहीं होगा कि यूनियन के 27 में से हर देश से इस पर मंजूरी लेनी होगी। उम्मीद है कि करीब सालभर में यह सब हो जाएगा और अगले साल के शुरू में डील लागू हो जाएगी।'

**वार्ता के 18 दौर चले:** भारत और EU ने FTA पर बातचीत 2007 में शुरू की थी, लेकिन 2013 में गाड़ियों और वाइन पर टैरिफ सहित कुछ मुद्दों को लेकर बातचीत अटक गई। इसके बाद जून 2022 में बातचीत फिर शुरू हुई और अब 18 दौर की वार्ता के बाद FTA फाइनल हुआ है। अभी भारतीय निर्यात पर EU का टैरिफ औसतन 3.8% है, लेकिन समुद्री उत्पादों पर यह 26% तक, केमिकल्स पर 12.8% तक, लेदर गुड्स पर 17% तक है। EU से आने वाली चीजों पर भारत का आयात शुल्क औसतन 9.3% के करीब है।

### हितों का ध्यान

इस एफटीए में यूरोपियन यूनियन के कड़े पर्यावरण नियमों का मसला अहम था। यह अभी पूरी तरह नहीं सुलझा है। EU यह भी चाहता था कि भारत उसकी कारों के आयात में टैक्स छूट दे। वहीं, भारत के लिए एग्री और डेयरी सेक्टर अहम हैं। सूत्रों के मुताबिक, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के संवेदनशील पहलुओं का ध्यान रखा है और किसी सेक्टर में एक पक्ष को ज्यादा छूट मिली है, तो दूसरे पक्ष को किसी दूसरे सेक्टर में उसकी भरपाई की गई है।

### सबसे बड़ा समझौता!

एफटीए के दायरे में दोनों पक्षों के करीब 1.9 अरब लोगों का बाजार है। एक तरह से यह चीन और आसियान के 10 देशों के FTA से भी बड़ा व्यापार समझौता है। जहां चीन-आसियान FTA में आसियान एक कस्टम्स इकाई के रूप में नहीं है। वहीं, EU के सिंगल कस्टम्स यूनिट होने से भारत-EU FTA सबसे बड़ा द्विपक्षीय समझौता होगा।

# टैक्स छूट हटी पर क्रेज़ कायम, छोटी बचत स्कीमों का जलवा

## नए टैक्स सिस्टम के बावजूद जमकर पैसा लगा रहे लोग

AI Image



10 जनवरी तक नैशनल स्मॉल सेविंग्स फंड (NSSF) में 2.17 लाख करोड़ रुपये जमा हो चुके हैं।

■ NBT रिपोर्ट: नए टैक्स सिस्टम में निवेश पर छूट नहीं मिलने के बावजूद लोगों का भरोसा छोटी बचत योजनाओं (Small Savings) पर कायम है। सूत्रों के मुताबिक, 10 जनवरी तक नैशनल स्मॉल सेविंग्स फंड (NSSF) में 2.17 लाख करोड़ रुपये जमा हो चुके हैं। यह इस वित्त वर्ष के लिए तय किए गए बजट अनुमान का करीब दो-तिहाई (2/3) हिस्सा है।

ET के मुताबिक, पीपीएफ (PPF) और सुकन्या समृद्धि जैसी छोटी बचत योजनाओं में बजट से ज्यादा पैसा आने से केंद्र सरकार को बड़ी राहत मिलती है। इससे सरकार को अपनी जरूरतों के लिए बाजार से कम कर्ज लेना पड़ता है।

सरकार ने वित्तीय घाटे को कम करने के लिए 2025-26 में NSSF से 3.43 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में यह 4.12 लाख करोड़ रुपये था। सरकार का लक्ष्य है कि 2025-26 में वित्तीय घाटा कम करके जीडीपी का 4.4% (15.69 लाख करोड़ रुपये) लाया जाए, जो पिछले साल 4.8% था।

पिछले बजट में ज्यादा छूट देकर नए टैक्स सिस्टम को आकर्षक बनाया गया था। नए टैक्स सिस्टम में छोटी बचत पर कोई टैक्स छूट नहीं मिलती है। पुराने सिस्टम में धारा 80C के तहत साल में 1.5 लाख रुपये तक के निवेश पर टैक्स छूट है। अधिकारियों का कहना है कि करीब 75% टैक्सपेयर्स नए टैक्स सिस्टम में शिफ्ट हो चुके हैं। इसके बावजूद छोटी बचत योजनाओं में पैसा खूब आ रहा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि बैंक डिपॉजिट के मुकाबले इन योजनाओं में ब्याज दरें ज्यादा आकर्षक हैं। पिछले एक साल में RBI ने ब्याज दरों में 1.25% की कटौती की है।

### कितनी ब्याज दरें?

- सुकन्या समृद्धि : 8.2%
- सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम: 8.2%
- नैशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट (NSC): 7.7%
- किसान विकास पत्र (KVP): 7.5%
- PPF: 7.1%
- 5 साल टर्म डिपॉजिट: 7.5%
- मंथली इनकम अकाउंट स्कीम (MIS): 7.4%
- 5 साल की आरडी : 6.7%

# IIT-IIM में बढ़ेंगी सीटें? बजट से शिक्षा जगत को बड़ी उम्मीदें

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

AI Image



### शिक्षा पर बजट आवंटन?

2025 : 128,649 करोड़
2024 : 121118 करोड़
2023 :112899.47 करोड़




■ नई दिल्ली : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारत को शिक्षा का ग्लोबल हब बनाने का बड़ा लक्ष्य रखा गया है। विशेषज्ञ इस बात पर एकमत हैं कि लगातार हो रहे बदलाव के बीच 2026 का साल देश में शिक्षा के मोर्चे पर अहम होगा। ऐसे में 1 फरवरी को पेश होने वाले आम बजट में शिक्षा पर किए जाने वाले खर्च में अच्छी- खासी बढ़ोतरी की घोषणा की सभी को उम्मीद है।

विशेषज्ञों का कहना है कि दुनिया के कई विकसित देश अपनी जीडीपी का 6 से 10 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर खर्च करते हैं। भारत में यह नंबर अभी भी 4 से 5 प्रतिशत के बीच ही है। ऐसे में शिक्षा पर और खर्च करना होगा। शिक्षाविद् एस. के. गुप्ता का कहना है कि मौजूदा सरकार का विजन एकदम साफ है कि शिक्षा को सीधे तौर पर रोजगार से जोड़ा जाए और इसके लिए इंडस्ट्री का सहयोग लेना ही होगा।

विशेषज्ञ कहते हैं कि आईआईटी और आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में सीटों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। इन संस्थानों में बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं। सीटें बढ़ रही हैं लेकिन अभी ये कदम नाकाफी हैं। बजट में शैक्षणिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए अलग से फंड आवंटित किए जाने की मांग की जा रही है। कंपनियों के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड का एक हिस्सा शिक्षा के लिए जरूरी हो। बाजार की मांग को देखते हुए स्किल कोर्सेज तैयार करने, इंटर्नशिप के ज्यादा अवसर दिलाने व वोकेशनल ट्रेनिंग के लिए इंडस्ट्री का सहयोग जरूरी है।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ**

साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के प्रेजिडेंट प्रो. के. के. अग्रवाल का कहना है कि वैश्विक स्तर पर भारत के टैलेंट की मांग बढ़ रही है। भारत और विदेशी संस्थानों के बीच टाईअप और मजबूत हो। भारत और विदेशी संस्थानों के छात्र रिसर्च की फील्ड में मिलकर काम करें, इसके लिए सिस्टम को बेहतर करना होगा।

# बजट तैयार करने में जुटे हैं 7 अफसर

AI Image



■ पीटीआई, नई दिल्ली : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपने लगातार नौवें बजट को आखिरी रूप देने में जुट गई हैं। इस काम में वित्त मंत्रालय के अफसरों की एक टीम उनकी मदद कर रही है। वित्त मंत्री 1 फरवरी को लोकसभा में बजट पेश करेंगी। बजट 2026-27 को तैयार करने में मुख्य रचनाकार हैं आर्थिक मामलों की सचिव अनुराधा ठाकुर। वहीं, राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव पर टैक्स से जुड़े प्रस्तावों की जिम्मेदारी है। वहीं व्यय (खर्च) सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम सरकार के खर्चों, सब्सिडी में सुधार और केंद्रीय योजनाओं के लागू होने पर नजर रखते हैं। इसके अलावा वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (DIPAM) सचिव अरुनीश चावला, सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE) सचिव के मोसेस चलाई और मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन की भूमिका अहम रहेगी।

# नज़र आम बजट पर, किन सेक्टर्स पर दांव?

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

AI Image



■ नई दिल्ली : पिछले हफ्ते शेयर बाजार में 4 महीनों की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट के बाद निवेशकों की नजर आम बजट पर टिक गई है। सवाल यह उठ रहा है कि 1 फरवरी से पहले किन शेयरों पर दांव लगाया जाए कि बजट पेश होने के बाद बढ़िया रिटर्न मिले। विशेषज्ञ फिलहाल सतर्कता की बात कर रहे हैं, लेकिन बजट में उठाए जा सकने वाले कदमों के हवाले से कुछ सेक्टरों को निवेश के लिए बेहतर भी बता रहे हैं।

पिछले 15 दिनों में निफ्टी 1300 पॉइंट्स से ज्यादा गिरा है। हालांकि भारत और यूरोपियन यूनियन के FTA के ऐलान से मंगलवार को माहौल बदल सकता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बजट से पहले उतार-चढ़ाव दिख सकता है। उनका कहना है कि बजट को ध्यान में रखते हुए डिफेंस, इंफ्रा और रूरल थीम से जुड़े स्टॉक्स पर दांव लगाया जा सकता है।

50 से अधिक स्मॉलकेस मैनेजर्स के बीच प्री-बजट सर्वे में मुख्य रूप से यह राय सामने आई कि सरकार रक्षा तैयारियों पर खर्च बढ़ा सकती है। सबसे ज्यादा 40% मैनेजर्स ने डिफेंस सेक्टर को ज्यादा पैसा मिलने की उम्मीद जताई। पिछले साल निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स करीब 20% चढ़ा, हालांकि पिछले महीने भर में यह 1.8% गिरा है।

ओम्नीसाइंस के CEO विकास गुप्ता ने कहा, 'बजट से पहले डिफेंस स्टॉक्स में तेजी आ सकती है, लेकिन इनका वैल्यूएशन ऊंचा होने के चलते सतर्कता जरूरी है। केवल हथियार बनाने वाली कंपनियों के बजाय रणनीतिक खनिजों, एनर्जी, लॉजिस्टिक्स और साइबर सिक्योरिटी जैसे डिफेंस के बड़े दायरे से जुड़ी कंपनियां बेहतर हो सकती हैं।' वहीं, चॉइस ब्रोकिंग के VP कुणाल वी परार ने कहा, 'स्वदेशी पर सरकार के फोकस और रक्षा पर ज्यादा खर्च के चलते डिफेंस सेक्टर का आकर्षण बढ़ेगा। HAL, BEL और BDL हमारे टॉप पिक्स हैं।'

सर्वे में 29% मैनेजरों ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बजट में आवंटन बढ़ेगा। निफ्टी इंफ्रा इंडेक्स सालभर में 8.3% चढ़ा है, हालांकि पिछले महीने भर में 6.7% गिरा है। ओम्नीसाइंस के विकास गुप्ता ने कहा, 'रेलवे और दूसरी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों पर फोकस बढ़ सकता है। इस सेगमेंट में कई कंपनियां वाजिब वैल्यूएशंस पर दिख रही हैं। इन पर विचार किया जा सकता है। इसी तरह रूरल थीम से जुड़े अवसर भी हैं।' गुप्ता ने कहा, 'हमें PSU और प्राइवेट बैंक, पावर और क्लीन एनर्जी के अलावा रेलवेज और रोड सहित इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर अच्छे लग रहे हैं।'

### बाज़ार का माहौल

- **बड़ी गिरावट:** इस महीने सेंसेक्स 3,682 अंक और निफ्टी 1,080 अंक से ज्यादा टूट चुके हैं।
- **विदेशी निवेशकों का पलायन:** FPIs लगातार भारतीय बाजार से अपना पैसा निकाल रहे हैं।
- **रुपये में कमजोरी:** डॉलर के मुकाबले रुपया अब तक के निचले स्तर पर पहुंच गया है।
- **ग्लोबल टेंशन:** US-ईरान विवाद और नए ट्रेड टैरिफ की आशंका से ग्लोबल मार्केट में डर का माहौल।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP9 User: cci Time: 01-26-2026 23:12 Color:



न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज तो भूख जगाने की तरह है। असली काम तो 7 फरवरी से शुरू होगा। सीरीज जीतने के बाद अब सारा ध्यान वर्ल्ड कप खिताब का बचाव करने पर है। खिलाड़ी उसके लिए अच्छी तरह से तैयारी कर रहे हैं। -सुनील गावसकर, पूर्व कप्तान, भारतीय क्रिकेट टीम



**195.22**

स्ट्राइक रेट है अभिषेक शर्मा का टी20 इंटरनैशनल में। यह इस फॉर्मेट में बेस्ट स्ट्राइक रेट का रेकॉर्ड है। अभिषेक ने अब तक 36 मैचों में 1267 रन बनाए हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी टी20 सीरीज में संजू सैमसन ने कुल कितने रन बनाए है? A) 10 B) 19 C) 16 D) 13
2. रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप फाइनल किसने जीता? A) मणिपुर B) सिक्किम C) मेघालय D) बिहार

**कल के जवाब**
1. A) सलमान अली आगा 2. A) अमेरिका

**लकी WINNER**




1. अभिषेक चौधरी, द्वारका, दिल्ली
2. गगन पंत, लखनऊ, यूपी
3. रवि माथुर, गुरुग्राम, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## टी20 वर्ल्ड कप में ओपनर के तौर पर टीम में बने रहने का सैमसन के सामने चैलेंज

# संजू के पास बचे सिर्फ दो मैच!



संजू न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी सीरीज की तीन पारियों में सिर्फ 16 रन बना सके हैं

**भारत Vs न्यूजीलैंड**
**टी20 इंटरनैशनल सीरीज**

**संजू का टी20I में प्रदर्शन (2020 से)**

| साल | पारी | रन | एवरेज |
|---|---|---|---|
| 2020 | 6 | 64 | 10.66 |
| 2021 | 3 | 34 | 11.33 |
| 2022 | 5 | 179 | 44.75 |
| 2023 | 8 | 78 | 15.60 |
| 2024 | 13 | 436 | 43.60 |
| 2025 | 15 | 222 | 20.18 |
| 2026 | 3 | 16 | 5.33 |

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: प्रतिभा की कोई कमी नहीं लेकिन पिछले एक दशक के दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में प्रदर्शन में निरंतरता की कमी संजू सैमसन को भारतीय क्रिकेट की सबसे दिलचस्प विरोधाभासी शख्सियतों में एक बनाती है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन मैचों में 10, छह और शून्य के स्कोर के साथ उनका हालिया खराब प्रदर्शन भी निराशाजनक तस्वीर पेश करता है। ईशान को विराट दिए समीकरण: ईशान ने अपने खेल से सिलेक्टर्स के लिए सिरदर्द वाली स्थिति पैदा कर दी है। फिलहाल वह तिलक वर्मा की पोजिशन पर खेल रहे हैं। तिलक अनफिट होने के कारण इस सीरीज के शुरुआती तीन मैचों से बाहर थे। ... वहीं दूसरी ओर संजू के नजरिए से देखा जाए तो उनके पास सूट की एकादश का हिस्सा बने रहने के लिए दो मैच का समय बचा है। ... बल्ले की गति पर दें ध्यान: ... यह उन्हें 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाले गेंदबाजों के खिलाफ सफलता दिला सकती है। ... तकनीकी नहीं, मानसिक समस्या: ... कमी के कारण वह कभी शानदार तो कभी औसत दिखते हैं। यह हर खिलाड़ी के साथ होता है। हाल ही में सूर्यकुमार के साथ भी ऐसा हुआ है। बस इसे बेहतर तरीके से संभालना सीखना होता है। थोड़ा अधिक अभ्यास करना होता है।'

**अभिषेक बना रहे हैं दूसरे छोर से प्रेशर!**

ओपनर के तौर पर पिछली 12 टी20I इनिंग्स में संजू सैमसन दस बार पावरप्ले के भीतर ही आउट हो गए हैं। इन दस पारियों में उनका हाइएस्ट स्कोर 26 का रहा है, जबकि तीन बार वह खाता खोलने में नाकाम रहे। जिन दो बार वह पावरप्ले में आउट नहीं हुए, उनमें से एक में उन्होंने शतक जड़ा था। ... जिससे उन्हें टीम में जगह दिलाई है।

**NBT Lens**
खबरों के अंदर की बात

**टीम में बने रहेंगे श्रेयस**

... पुरुष चयन समिति ने सिफारिश की है कि श्रेयस अय्यर बाकी मैच के लिए तिलक वर्मा की जगह टीम में बने रहेंगे।

**सूर्य ने दूर की चिंता**

... दूसरे टी20I और गुवाहाटी में खेले गए तीसरे टी20I में सूर्य ने संयम दिखाकर पहली 10 गेंद के भीतर आउट होने की कमजोरी को दूर करने के बाद 360 डिग्री अंदाज में रन बटोरकर फैंस को खुश किया।

# अभिषेक की बैटिंग के विपक्षी भी हुए कायल

■ एजेंसियां, गुवाहाटी: भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा के मुरीदों की संख्या अब विपक्षी खेमों में भी बढ़ती जा रही है। तीसरे टी20I में उनकी पारी के बाद कीवी प्लेयर ने उन्हें घेर लिया और उनके उस बल्ले को हाथ में लेकर निहारने लगे, जिससे उनके खाते में सीरीज हार लिखी। इस दौरान कीवी प्लेयर अभिषेक की पीठ थपथपाते दिखे। मैच के बाद न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चैपमैन ने माना कि अभिषेक में छक्के जड़ने की अद्भुत क्षमता के साथ-साथ खेल की भी गहरी समझ है।

**मैच रिऐक्शंस**

चैपमैन ने कहा, 'सच कहूं तो उनकी बल्लेबाजी दमदार और विस्फोटक है। मैंने उन्हें ज्यादा खेलते हुए नहीं देखा है लेकिन छक्के मारने की उनकी क्षमता बेजोड़ है। जिस तरह से वह खेलते हैं, उससे लगता है कि वह अपनी बल्लेबाजी को लेकर काफी मंथन करते हैं। वह इस समय बहुत अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं। टी20 क्रिकेट की यही खासियत है। जब कोई खिलाड़ी बहुत अच्छा खेल रहा होता है तो उसे रोकना मुश्किल हो जाता है। हमें अपने खेल की समीक्षा करनी होगी।'



**टी20I में अभिषेक शर्मा**
मैच- 36, रन- 1267, हाईएस्ट- 135, औसत- 38.39, स्ट्राइक रेट- 195.22, सेंचुरी/ हाफ सेंचुरी- 2/8

**0** जीरो डॉट बॉल रही अभिषेक शर्मा की तीसरे टी20I मैच में 20 गेंदों पर बनाई गई 68 रन की पारी में। यह मेंस टी20I क्रिकेट में किसी बल्लेबाज की बिना डॉट बॉल खेले सबसे बड़ी पारी है जिसका बॉल दर बॉल डेटा उपलब्ध है

## रवि ने खोला कामयाबी का राज

भारतीय स्पिनर रवि बिश्नोई का मानना है कि एक साल की कड़ी मेहनत, आत्मनिरीक्षण और अपनी गेंदबाजी की लेंथ में नियंत्रण बनाए रखने पर काम करने से उनके प्रदर्शन में सुधार हुआ। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में शानदार प्रदर्शन करने वाले बिश्नोई ने मैच के बाद कहा, 'पिछले एक साल में मैंने अपनी लेंथ पर काम किया है क्योंकि पिछले IPL सत्र में मेरा प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा था। पिछले सत्र में मेरा अपनी लाइन और लेंथ पर मेरा ज्यादा नियंत्रण नहीं था। लेकिन मैंने स्टंप्स पर 5-6 मीटर की लेंथ पर गेंदबाजी करने की पूरी कोशिश की, क्योंकि उस लेंथ पर की गई गेंद पर शॉट लगाना मुश्किल होता है।' बिश्नोई ने इससे पहले पिछले साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए आखिरी मैच खेला था।



भारतीय लेग स्पिनर रवि बिश्नोई

## फटाफट खबरें

**गुकेश ने की वापसी**

■ विक आन जी: वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने लगातार दो हार के बाद टाटा स्टील मास्टर्स के आठवें दौर में स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव को हराकर वापसी की। गुकेश ने 41 चाल में जीत दर्ज की। अर्जुन एरिगैसी और आर प्रग्नानंदा के मुकाबले ड्रॉ रहे।



**शाई को मिली कमान**

■ सेंट जॉर्ज: शाई होप अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में स्पिनर रोस्टन चेज, अकील होसेन, गुडाकेश मोती और तेज गेंदबाज शमार जोसफ को भी शामिल किया गया है। पूर्व कप्तान जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड और रोवमैन पॉवेल की टीम में वापसी हुई है।

**ब्रैडमैन की कैप नीलाम**

■ गोल्ड कोस्ट: ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन की 1947-48 में भारत के खिलाफ पहनी गई 'बैगी ग्रीन' टोपी नीलामी में 4.60 लाख डॉलर में बिकी। यह टोपी उन्होंने भारतीय क्रिकेटर श्रीरंग सोहोनी को भेंट की थी।

**बार्सिलोना फिर टॉप पर**

■ मैड्रिड: बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग 'ला लिगा' में ओविएडो को 3-0 से हराकर फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया। विलारियाल को 2-0 से मात देने के बाद रियाल मैड्रिड कुछ समय के लिए टॉप पर पहुंचा था।

**शेख बने OCA अध्यक्ष**

■ ताशकंद: भारत के रणधीर सिंह के स्वास्थ्य कारणों से पद छोड़ने के बाद कतर के शेख जोआन बिन हमद अल थानी को एशियन ओलिंपिक असोसिएशन (OCA) का अध्यक्ष चुना गया।

# चैंपियन कीज को पेगुला ने किया बाहर



जेसिका पेगुला

■ एपी, मेलबर्न: अमेरिका की जेसिका पेगुला ने ऑस्ट्रेलियन ओपन की मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज को 6-3, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। रॉड लेवर एरिना में खेले गए मुकाबले में पेगुला ने पहला सेट सिर्फ 32 मिनट में अपने नाम किया। खास बात यह है कि दोनों अमेरिकी खिलाड़ी 'द प्लेयर्स बॉक्स' नाम का पॉडकास्ट साथ में होस्ट करती हैं।

**AO ऑस्ट्रेलियन ओपन**

**चार अमेरिकी होड़ में:** क्वॉर्टर फाइनल में पेगुला का सामना अब हमवतन अमांडा अनिसिमोवा से होगा। यह 2001 के बाद पहला मौका है जब अमेरिका की कम से कम चार खिलाड़ी विमिंस सिंगल्स के क्वॉर्टर फाइनल में पहुंची है। कोको गॉफ और 18 वर्षीय इवा जोविच पहले ही अंतिम-8 में जगह बना चुकी हैं। उधर, दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने मैडिसन इंग्लिश को 6-0, 6-3 से हराकर क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया। अंतिम-8 में स्वियातेक का सामना एलिना रिबाकिना से होगा।

**सिनर की टक्कर शेल्टन से:** मेंस वर्ग में वर्ल्ड नंबर-2 और लगातार दो बार के चैंपियन यानिक सिनर ने हमवतन लुसियानो डारडेरी को 6-1, 6-3, 7-6 से हराकर अंतिम-8 में जगह बनाई। यहां उनका सामना अमेरिका के बेन शेल्टन से होगा, जिन्होंने कैस्पर रूड को 3-6, 6-4, 6-3, 6-4 से हराया।

मैं इस पूरे टूर्नामेंट में बहुत अच्छा खेल रही हूं। गेंद को बहुत अच्छे से देख पा रही हूं और बहुत अच्छे से हिट कर रही हूं। मैं इसी लय को बनाए रखना चाहती हूं। - जेसिका पेगुला

**31** साल 328 दिन की उम्र में जेसिका पेगुला किसी ग्रैंडस्लैम की डिफेंडिंग चैंपियन को हराने वाली सबसे उम्रदराज प्लेयर हैं

**भांबरी की हार के साथ भारत चैलेंज खत्म**

मेलबर्न: युकी भांबरी और उनके स्वीडिश साथी आंद्रे गोरान्सन सोमवार को मेंस डबल्स के तीसरे राउंड में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भांबरी और गोरान्सन को ऑरलैंडो लूज और राफेल माटोस की ब्राजील की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-7, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। भांबरी पहले ही मिक्स्ड डबल्स से जबकि एन श्रीराम बालाजी मेंस डबल्स से बाहर हो चुके थे। माया राजेश्वरन और अर्नव पापरकर जूनियर वर्ग के पहले दौर में ही हार गए थे।

# भारतीय टीम के सामने आज जिंबाब्वे का चैलेंज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: अच्छी लय में चल रही भारतीय टीम ICC अंडर-19 वर्ल्ड कप के सुपर-सिक्स मुकाबले में आज जिंबाब्वे की चुनौती का सामना करेगी। मैच बुलावायो में खेला जाएगा। भारत अभी तक टूर्नामेंट में अजेय है और उसने अपने सभी तीन मुकाबले जीते हैं। जिंबाब्वे की चुनौती के बाद भारत को 1 फरवरी को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का भी सामना करना है। ऐसे में जिंबाब्वे के खिलाफ होने वाला मैच भारत के लिए इस बड़े मुकाबले से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने का अच्छा मौका होगा। पाकिस्तान के खिलाफ भारत अंडर-19 एशिया कप में मिली हार का बदला भी लेना चाहेगा।

**अंडर-19 वर्ल्ड कप**



भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे

**टेलिकास्ट: दोपहर 1:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर**

टूर्नामेंट में भारतीय टीम बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग तीनों ही डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे ने भी पिछले मैच में फिफ्टी जमाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए हैं। दूसरी ओर, जिंबाब्वे को टूर्नामेंट अभी भी अपनी पहली जीत का इंतजार है।

# रॉयल्स को हरा कलिंगा बने चैंपियन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: वेदांता कलिंगा लांसर्स ने सोमवार को मेंस हॉकी इंडिया लीग का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने भुवनेश्वर स्थित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में रांची रॉयल्स को 3-2 से मात दी। यह कलिंगा लांसर्स की इस सीजन रॉयल्स पर बिना कोई मैच गंवाए तीसरी जीत भी है। लांसर्स ने रॉयल्स को हराते हुए ही इस सीजन का आगाज किया था। दोनों एक बार फिर क्वॉलिफायर-1 में एक दूसरे के सामने आए थे, जहां लांसर्स ने फिर एक बार बाजी मारी थी।

**हॉकी इंडिया लीग 2026**

**हेंड्रिक्स ने दागे दो गोल:** लांसर्स के लिए जीत में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स और टीम के डिफेंस ने निभाई। हेंड्रिक्स मैच में दो गोल किए, जबकि लांसर्स के लिए एक गोल दिलप्रीत ने किया। रांची के लिए आइजीत सिंह हुंडल ने एक गोल किया। मैच खत्म होने से एक मिनट पहले टॉम बून गोल कर रॉयल्स की वापसी का मौका बनाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। इससे पूर्व, हैदराबाद तूफान्स ने HIL GC को 4-3 के अंतर से हराकर लीग में तीसरा स्थान हासिल किया।



ट्रॉफी के साथ कलिंगा लांसर्स टीम

**14** गोल किए केन रसेल ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए मौजूदा सीजन में, जो सर्वाधिक है

**19** गोल किए रांची रॉयल्स के टॉम बून ने इस सीजन। वह मौजूदा सीजन में सर्वाधिक गोल करने वाले प्लेयर हैं। उन्हें 10 लाख रुपये का इनाम भी मिला

# नैट ने लीग की पहली सेंचुरी जड़ी, मुंबई जीता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नैट सिवर-ब्रंट (100* रन, 57 बॉल, 16 फोर, 1 सिक्स) और हेली मैथ्यूज (56 रन, 3/10) की बदौलत मुंबई इंडियंस ने विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 15 रन से हराया। पहले बैटिंग करते हुए मुंबई ने चार विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु ऋचा की 90 रन की बदौलत 184/9 के स्कोर तक ही पहुंच पाई।

**विमिंस प्रीमियर लीग 2026**

इससे पूर्व, सिवर-ब्रंट ने शतकीय पारी खेलकर WPL इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों से लिखवा लिया।



सिवर ने खेली 100* रन की पारी

साल 2023 से शुरू इस लीग में सेंचुरी लगाने वाली वह पहली प्लेयर है। उनसे पहले 10 बार प्लेयर्स ने 90 रन का आंकड़ा पार किया था। अपनी पारी के दौरान सिवर ने इस सीजन 300 रन भी पूरे कर लिए, जो सर्वाधिक है। वह तीन अलग-अलग WPL सीजन में 300+ रन बनाने वाली पहली प्लेयर भी हैं।

## बिहार की टीम बनी प्लेट ग्रुप की चैंपियन

■ एजेंसियां, पटना: दूसरी पारी में पीयूष सिंह (216* रन) और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बिहार ने रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के फाइनल में मणिपुर को 568 रनों से हराकर एलीट ग्रुप में जोरदार वापसी की। मणिपुर हार के बावजूद अगले सीजन प्लेट ग्रुप में खेलेगी। बिहार ने पहली पारी में कप्तान और 'प्लेयर ऑफ द मैच' सकीबुल गनी (108) और बिपिन सौरभ (143) की बदौलत 522 रन बनाए। जवाब में मणिपुर 264 रन पर सिमट गया। दूसरी पारी में बिहार ने 505/6 का स्कोर बनाया। मणिपुर की दूसरी पारी 195 रन पर ढेर हो गई।

**रणजी ट्रॉफी**



सकीबुल गनी

# खेलने पर फैसले के लिए पाक लेगा समय

■ पीटीआई, लाहौर: पाकिस्तान ने आगामी मेंस टी20 वर्ल्ड कप में अपनी भागीदारी को लेकर अंतिम फैसला कम से कम शुक्रवार तक के लिए टाल दिया। पाक टूर्नामेंट से बाहर किए गए बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाते हुए भारत के खिलाफ अपने मैच का बहिष्कार करने पर विचार कर रहा है।

**टी20 वर्ल्ड कप विवाद**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने सोमवार को पीएम शहबाज शरीफ से मुलाकात के बाद कहा कि बोर्ड टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने पर आखिरी फैसला शुक्रवार या अगले सोमवार को लेगा। नकवी ने सोशल मीडिया पर इस बात की पुष्टि की कि सोमवार को पीएम के साथ उनकी मुलाकात के दौरान इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। नकवी ने ट्वीट किया, 'मेरी पीएम के साथ लंबी बैठक हुई और मैंने उन्हें मामले के बारे में बताया। उन्होंने निर्देश दिया कि हम सभी विकल्पों पर विचार करते हुए इसे सुलझाएं। यह तय हुआ कि आखिरी फैसला शुक्रवार या अगले सोमवार को लिया जाएगा।'

सूत्रों के अनुसार, पीएम को कई स्थितियों के बारे में बताया गया जिसमें भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करना भी शामिल है।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। आज प्रथम प्रमुख केंद्र तन लक्ष्मी भाव में चंद्रमा का प्रबल योग बन रहा है। रात 9 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। आपकी तरक्की देख आपके विरोधियों का मनोबल गिरेगा। आज के दिन ससुराल में आपको मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद व्यापार की वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोवांछित सिद्धि होगी।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्टिक काम को पूरा करने में आज दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी। अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चा होगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। इससे उन्नति के रास्ते खुलेंगे। इसलिए लगातार क्रियाशील बने रहें।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म अध्यात्म के मामले पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में कुछ वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज अपनी वाणी व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। अन्य पक्ष के लोगों से टकराव की नौबत न आने इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य व्यवसाय से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आसपास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। इसलिए उनसे सावधान रहें। पत्नी के पक्ष से लाभ मिल सकता है।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
माली हालत को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए सक्रियशील बने रहें। परिवार में सुख और शांति और विश्वास का आनंद उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजगार के क्षेत्र में भी कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके इंतजार में रहेगा।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में किया व्यापार आज के दिन काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजगार के घरेलू कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निष्ठापूर्ण नियमों का ध्यान रखें।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज का दिन स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से दीर्घकालिक विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खान पान में लापरवाही न बरतें। अन्यथा तबीयत खराब हो सकती है। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझ कर करें।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुलझा कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। परेशानी में फंसे किसी व्यक्ति की सहायता करेंगे तो शुभ परिणाम प्राप्त होंगे।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

वर्ष के स्वामी सूर्य और मंगल ग्रह बने हैं। राशि से बारहवें घर में शनि मंगल, बुध का त्रिग्रही योग जनवरी के शेष दिनों में आपको कुछ बड़े खतरे व जोखिम उठाने पड़ सकते हैं। फरवरी से लेकर मार्च अंत तक किसी राजकीय विवाद का अंत हो जाएगा। अप्रैल से नई महीने के मध्य कई प्रकार की समस्याएं उलझकर समाप्त हो जाएंगी। जून से लेकर जुलाई महीने तक अपने व्यवसाय, कारोबार को लेकर कुछ कष्ट हो सकता है। अगस्त से सितंबर में कुछ परिवार के मामले हल हो सकते हैं। अक्टूबर से लेकर नवंबर में मित्रों की सहायता से काम काज में मामूली लाभ होगी। दिसंबर में किसी पर्यटन यात्रा का आनंद उठाएंगे। जनवरी 2027 के अंत तक किसी नए कार्य क्षेत्र की योजनाएं बनेंगी। महिलाओं के लिए वर्ष जीवन स्तर को बढ़ाने वाला सिद्ध होगा। घर परिवार के सदस्यों की आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। इससे लंबे समय से चली आ रही आर्थिक समस्याएं हल हो जाएंगी। त्रिग्रही योग की शांति के लिए श्री मृत संजीवनी जाप सवा लक्ष कराएं। पीपल के पेड़ के नीचे रविवार को चार चांदी के चौकोर पत्तर रख दें। इससे आने वाले संकट टल जाएंगे। सुंदरकांड का पाठ करते रहें। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## कल का पंचांग
(बुधवार, 28 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 8, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, दशमी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 15, रज्जब 8, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तदनुसार अंग्रेजी तारीख 28 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल मध्याह्न 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। दशमी तिथि शाम 4 बजकर 37 मिनट तक उपरांत एकादशी तिथि का आरंभ। कृत्तिका नक्षत्र सुबह 9 बजकर 27 मिनट तक उपरांत रोहिणी नक्षत्र का आरंभ। ब्रह्म योग रात्रि 11 बजकर 54 मिनट तक उपरांत ऐन्द्र योग का आरंभ। गर करण शाम 4 बजकर 37 मिनट तक उपरांत विष्टि करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात वृष राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार शुभ नक्षत्र समाप्त।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 7 | 8 | | 6 | 5 | | 4 |
| 5 | | 1 | | | | 7 | | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| | | 5 | 6 | | 3 | 1 | | |
| 3 | | | | | | | | 5 |
| | | 9 | 4 | | 2 | 3 | | |
| | | | | 2 | | | | |
| 8 | | 6 | | | | 2 | | 7 |
| 1 | | 2 | 9 | | 7 | 8 | | 3 |

## TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बवलू डबलू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 ढ़ढ़ुध ढ़ुढ़क | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 रुद्र के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 21:00 वीरा |
| 13:30 भ से भड़े | |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDBP User: cci Time: 01-26-2026 22:59 Color:



NBT AI टाइम मशीन


## जब सबसे बड़ा नाजी कैंप हुआ आजाद

आज का दिन नाजी जर्मनी के सबसे कुख्यात यातना और मौत के कैंप को आजाद कराने से जुड़ा है। 1945 में ऑशविट्ज-बिरकेनौ कैंप में लाखों यहूदियों की हत्या की गई थी। इस कैंप को इंसानियत के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों का प्रतीक माना जाता है। कैंप में जो मारे गए थे, उनकी याद में आज इंटरनैशनल होलोकास्ट रिमेंबरेंस डे मनाते हैं। इसका मकसद नफरत के खिलाफ एकजुट होना है।



## भविष्य में नस्लवाद हो जाएगा खत्म


ChatGPT के अनुसार, भविष्य में क्षेत्रवाद, जातिवाद और नस्लवाद पहले जैसे मजबूत नहीं रहेंगे। पढ़ाई, तकनीक और लोगों के आपस में मिलने-जुलने से सोच बदलेगी। लोग यह कम पूछेंगे कि आप किस जाति या क्षेत्र से हैं। जाति और क्षेत्र पहचान से ज्यादा इतिहास की बात बन जाएंगे। नस्ल के आधार पर भेदभाव भी घटेगा, लेकिन अमीरी-गरीबी और सुविधाओं के फर्क से नया भेदभाव दिख सकता है। यानी भेदभाव खत्म नहीं होगा, पर कम और बदला हुआ होगा।



AI Images

SPEED News

### चेचक उन्मूलन से जुड़े फोएज नहीं रहे



डॉ. विलियम फोएज (Dr. William Foege) का 89 साल की उम्र में निधन हो गया। चेचक के खात्मे में उनका योगदान अहम था।



Agency


### म्यांमार में सेना समर्थित पार्टी जीती

'यूनियन सॉलिडैरिटी ऐंड डिवेलपमेंट पार्टी' ने सोमवार को दावा किया है कि म्यांमार के चुनाव में उसने जीत हासिल की है।

### दक्षिण चीन सागर पर फिलिपींस चिंतित



फिलीपींस ने चीन से कहा है कि दक्षिण चीन सागर के विवाद पर मनीला में चीनी राजनयिकों के साथ बहस को लेकर हम चिंतित हैं।



### प्रवासियों पर ऐक्शन रोकने की मांग

अमेरिका में मिनिसोटा के कोर्ट ने अवैध प्रवासियों पर ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई रोकने पर सुनवाई की है।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 यूरोपीय संघ में कितने देश हैं, जिससे भारत की डील हो रही? A. 25 B. 27 C. 30

2 उत्तराखंड किस तारीख को 'UCC' (समान नागरिक संहिता) दिवस मनाएगा ? A. 27 जनवरी B. 14 फरवरी C. 15 अगस्त

3 कनाडा की विदेश मंत्री कौन है, जिनके साथ एस. जयशंकर ने फोन पर बात की है? A. जॉर्जिया मेलोनी B. उर्सुला वॉन डेर लेयन C. अनीता आनंद

4 महाराष्ट्र के पूर्व गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी को कौन-सा सम्मान देने का विपक्ष विरोध कर रहा है? A. पद्म भूषण B. पद्म विभूषण C. पद्म श्री

5 डॉ. विलियम फोएज ने किस बीमारी के उन्मूलन में अहम भूमिका निभाई थी? A. कालाजार B. चेचक C. टीबी

**कल के जवाब**

A1 A. 5 A2 B. अशोक चक्र A3 C. तीन A4 B. 25 जनवरी को A5 A. यूरोपीय यूनियन

**लकी विनर्स**



1. प्रवीण कुमार झा, नोएडा
2. नमन सक्सेना, गाजियाबाद
3. अर्जुन सिंह, नई दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।


# बर्फबारी देखने गए टूरिस्ट फंसे, शिमला से मनाली तक सब जाम

■ आईएएनएस, मनाली

उत्तर भारत के हिमालयी इलाकों में बर्फबारी जारी है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के टूरिस्ट प्लेसों में बर्फबारी का लुत्फ उठाने पहुंचे लोगों के कारण लंबे जाम लग रहे हैं। हिमाचल के मनाली और शिमला का बुरा हाल है। टूरिस्ट ही नहीं, स्थानीय लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**तारा देवी से शिमला का 27 Km का सफर 7 घंटे में**

बर्फबारी का आवाजाही पर बुरा असर पड़ा है। हिमाचल की 1000 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। इनमें 500 से ज्यादा सड़कें शिमला जिला की हैं। वहीं, 600 रूट पर बस सेवाएं बंद करनी पड़ी हैं। जगह-जगह ट्रैफिक जाम लगा है। टूरिस्टों ने बताया कि मनाली से पतलीकूहल के बीच 20 किमी. लंबा जाम लगा हुआ है। वहीं, तारा देवी से शिमला के ढली तक 27 Km की दूरी तय करने में सात-आठ घंटे लग रहे हैं। रविवार और सोमवार को मौसम में आंशिक सुधार के बाद प्रशासन ने कुल्लू, शिमला, मंडी, कांगड़ा और चंबा जिलों में कई सड़कें खोली हैं। स्थानीय लोगों के लिए हालात और ज्यादा चुनौतीपूर्ण हैं। आलम ने कहा, दो से ढाई फीट बर्फ जम गई है। पारा शून्य से 10 डिग्री नीचे पहुंच गया है। नलों में पानी जम गया है। बिजली कटौती के बीच अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है।



हिमाचल में 1000 से ज्यादा सड़कें बंद, मनाली में 20 Km लंबा जाम

PTI

> सड़कें बंद हैं और ठंड बहुत ज्यादा है। बर्फबारी उम्मीद से ज्यादा हुई, लेकिन यही देखने हम आए थे। कुछ दिक्कतें जरूर हैं, फिर भी अनुभव अच्छा रहा। - *दिल्ली के टूरिस्ट*

### आज फिर बिगड़ेगा मौसम, अलर्ट जारी

मंगलवार को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल में बारिश और बर्फबारी का नया दौर शुरू हो सकता है। इस दौरान गरज-चमक, बिजली गिरने और 40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।



Bloomberg

### US में बर्फ का तूफान, प्लेन क्रैश

अमेरिका के बर्फीले तूफान में लगभग 10 लाख घरों में बिजली गुल है। 20 राज्यों के दो-तिहाई अमेरिकी इस तूफान की चपेट में हैं। 19 हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं। कोविड के बाद उड़ान रद्द होने की यह सबसे बड़ी संख्या है। बांगोर एयरपोर्ट पर बर्फबारी में प्राइवेट जेट क्रैश हो गया। इसमें सात लोगों की मौत हो गई।

# भारत से रिश्ता ऐतिहासिक: ट्रंप ड्रैगन-हाथी साथ डांस करें: चीन


■ पीटीआई, वॉशिंगटन/पेइचिंग

गणतंत्र दिवस पर अमेरिका, चीन, फ्रांस, भूटान समेत दुनियाभर से बधाई मिली और वैश्विक नेताओं ने भारत से मजबूत दोस्ती की बात करते हुए शुभकामनाएं दीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ऐतिहासिक रिश्तों का उल्लेख करते हुए भारत और अमेरिका को दुनिया का सबसे पुराना और सबसे बड़ा लोकतंत्र बताया। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बधाई संदेश में चार देशों के समूह क्वॉड के जरिये रक्षा, ऊर्जा, क्रिटिकल मिनरल्स और हिंद-प्रशांत में करीबी सहयोग का जिक्र किया। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी कहा कि पहली बार भारत की गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारतीय आसमान में अमेरिका में बने विमानों को उड़ते देखना अमेरिका और भारत की मजबूत होती राजनीतिक साझेदारी का शक्तिशाली प्रतीक है।

**गणतंत्र दिवस पर भारत को दुनियाभर से बधाई संदेश**


चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को बधाई संदेश में कहा कि भारत-चीन संबंध दोनों देशों और उनके लोगों के मूलभूत हितों के अनुरूप लगातार बेहतर और विकसित हो रहे हैं। विश्व शांति और समृद्धि को बनाए रखने व बढ़ावा देने में इनका बहुत महत्व है। चिनफिंग ने जोर देकर कहा कि भारत और चीन के लिए यह सही फैसला होगा कि दोनों देश अच्छे पड़ोसी, दोस्त और साझेदार बनें, एक-दूसरे की सफलता में मदद करें ...ड्रैगन और हाथी एक साथ नाचें। बता दें, भारत में हाथी को ताकत, समझदारी और अच्छाई का प्रतीक माना जाता है। चीन में ड्रैगन को ताकत, सौभाग्य और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान पहने प्रवासी भारतीयों ने विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशन में गणतंत्र दिवस मनाया।

**रिपब्लिक डे पर आई बधाई**



> अमेरिका के लोगों की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई देता हूं। अमेरिका और भारत दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते ऐतिहासिक संबंध साझा करते हैं। - *डॉनल्ड ट्रंप अमेरिका*

> भारत और चीन के लिए यह सही फैसला होगा कि दोनों देश अच्छे पड़ोसी, दोस्त और साझेदार बनें, एक-दूसरे की सफलता में मदद करें ...ड्रैगन और हाथी एक साथ नाचें। - *शी चिनफिंग, चीन*




### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा, फरवरी में मिलेंगे



फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने सोशल मीडिया X पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, '2024 में हमने साथ मिलकर जो गणतंत्र दिवस मनाया, उसकी कितनी अद्भुत यादें हैं। ...प्रिय मित्र मोदी, प्रिय भारतीय मित्रों, इस महान उत्सव के दिन पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। फरवरी में फिर मिलेंगे, साथ मिलकर आगे काम करते रहेंगे।' भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे ने कामना की कि स्थायी मित्रता और भी मजबूत होती रहे। सिंगापुर, श्रीलंका, ईरान, इस्राइल, ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों ने इस मौके पर शुभकामनाएं भेजी हैं।

### ब्रिटिश किंग चार्ल्स III ने अटूट साझेदारी को सराहा

ब्रिटेन के किंग चार्ल्स III ने गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति को भेजे संदेश में भारत-ब्रिटेन की अटूट साझेदारी की सराहना की। राष्ट्रपति को लिखे पत्र में उन्होंने 'राष्ट्रमंडल के लिए साझा मूल्यों और पारस्परिक सम्मान' पर प्रकाश डाला। वहीं, भारत में रूस के दूतावास ने हिंदी, गुजराती, मराठी, मलयालम, बंगाली और पंजाबी समेत कई भाषाओं में शुभकामनाएं दीं। एक विडियो में रूसी दूतावास ने कहा, 'भारत ने दुनिया को दिखाया है कि विविधता कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी ताकत है।'



किंग चार्ल्स III

### US के सांसद का दावा- भारत से डील में नवारो, वान्स रोड़ा

अमेरिकी सांसद टेड क्रूज (Ted Cruz) के लीक ऑडियो में दावा किया गया है कि भारत से व्यापार समझौते में वाइट हाउस के ट्रेड अडवाइजर पीटर नवारो, उपराष्ट्रपति जेडी वान्स और कभी-कभी खुद ट्रंप रोड़ा बने हैं। रिपब्लिकन सांसद क्रूज की यह ऑडियो रिकॉर्डिंग 2025 के बीच में दानदाताओं के साथ बैठकों की है। इसमें क्रूज कहते हैं कि भारत से ट्रेड डील में वाइट हाउस के भीतर विरोध है। पूछा गया कि सबसे ज्यादा अड़चन कौन डाल रहा है, तो क्रूज ने नवारो, वान्स का नाम लिया।



टेड क्रूज, सांसद

### अश्लीलता पर Grok की ईयू ने शुरू की जांच



ईयू ने माना बाल शोषण का केस

■ एएफपी, ब्रसल्स( बेल्जियम): इलॉन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी X के खिलाफ 27 देशों वाले यूरोपीय संघ ने जांच शुरू कर दी है। यूरोपीय संघ का आरोप है कि X का एआई चैटबॉट ग्रोक डीपफेक तस्वीरें फैला रहा है। यह महिलाओं और बच्चों की अश्लील तस्वीरें बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर रहा है। यूरोपीय संघ इसे बाल यौन शोषण का मामला मान रहा है। यूरोपीय आयोग ने कहा कि हम अपनी जांच में देखेंगे कि क्या सोशल मीडिया कंपनी X ने यूरोपीय संघ में ग्रोक को लॉन्च करने से पहले इसके जोखिमों पर कोई तैयारी की भी थी या नहीं। यूरोपीय संघ ने WhatsApp को उन मंचों की लिस्ट में शामिल किया है, जिन पर कड़े कंटेंट नियम लागू होंगे।

### फ्रांस: सोशल मीडिया पर बैन की तैयारी

■ एएफपी, पैरिस: फ्रांस 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है। वहां की संसद में इस विधेयक पर मतदान होने जा रहा है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि सितंबर से पहले सोशल मीडिया पर बैन लगा दिया जाएगा।

**15 साल से कम के बच्चों के लिए प्रतिबंध पर विचार**

### नाहयान के भारत दौरे के बाद पाक को झटका, एयरपोर्ट से पीछे हटा UAE

File



UAE के राष्ट्रपति 19 जनवरी को नई दिल्ली आए थे। अब UAE के इस्लामाबाद एयरपोर्ट की डील से पीछे हटने की खबर आई।

■ NBT रिपोर्ट

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीते दिनों भारत दौरे के बाद पाकिस्तान को यूएई से बड़ा झटका लगा है। पाकिस्तानी अखबार 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक यूएई ने इस्लामाबाद इंटरनैशनल एयरपोर्ट के संचालन से जुड़ी योजना से खुद को अलग कर लिया है। माना जा रहा है कि इससे पाकिस्तान को 12.36 अरब रुपये का नुकसान उठाना पड़ सकता है। यूएई और पाकिस्तान में यह समझौता अगस्त 2025 में हुआ था।

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब यूएई और सऊदी अरब के रिश्तों में खटास बढ़ती जा रही है और पाकिस्तान सऊदी अरब से नजदीकियां बढ़ा रहा है। करीब चार दशक पहले तक यूएई पाकिस्तान के सबसे बड़े ट्रेडिंग पार्टनर्स में से एक था। यूएई में काम करने वाले लाखों पाकिस्तानियों से भेजी जाने वाली रेमिटेंस भी पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा रही है। हालांकि समय के साथ सुरक्षा चिंताओं, लाइसेंस विवादों जैसी पाकिस्तानी हरकतों से यूएई का मन पाक से उखड़ गया। खराब गवर्नेंस और राजनीतिक दखल को यूएई के एयरपोर्ट समझौते से पीछे हटने की बड़ी वजह बताया जा रहा है। हालांकि पाकिस्तान ने समझौता टूटने की खबरों को गलत बताया है। उसने कहा कि UAE के साथ इस्लामाबाद एयरपोर्ट को लीज पर देने या चलाने को लेकर कभी कोई डील नहीं हुई।

**पाकिस्तान सरकार ने कहा, ऐसी कोई डील नहीं हुई थी**

**'सिंदूर से घुटनों पर आया था पाक'**

स्विस थिंक टैंक CHPM की रिपोर्ट में दावा किया गया कि पिछले साल मई में हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दक्षिण एशिया में वायु शक्ति का संतुलन पूरी तरह बदल दिया है। इस संदर्भ में भारत ने स्पष्ट रूप से हवाई श्रेष्ठता हासिल की, जिसके चलते पाकिस्तान को महज चार दिनों की लड़ाई के बाद सीजफायर की गुहार लगानी पड़ी। थिंक टैंक 'सेंटर फॉर मिलिट्री हिस्ट्री ऐंड पर्सपेक्टिव स्टडीज' की रिपोर्ट में 7 से 10 मई 2025 के 88 घंटे की जंग पर रिसर्च है।

## स्टडी में दावा, AI से बढ़ रहा डिप्रेशन का खतरा

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) टूल्स के बढ़ते इस्तेमाल के बीच अमेरिका में हुई बड़ी स्टडी में दावा किया गया है कि जो लोग AI चैटबॉट्स का अधिक इस्तेमाल करते हैं, उनमें अवसाद (Depression) और एंग्जायटी (Anxiety) के लक्षण अधिक देखे गए हैं। यह स्टडी अमेरिका के प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल JAMA Network Open में 21 जनवरी को छपी है। इस रिसर्च को मेसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल सहित अन्य अमेरिकी संस्थानों के सहयोग से किया गया है।

**20,847 अमेरिकियों पर 2025 में हुई है यह स्टडी**

**कैसे हुआ रिसर्च:** रिसर्च में 20,847 अमेरिकी वयस्कों को शामिल किया गया। यह रिसर्च ऑनलाइन सर्वे पर आधारित था, जो 2025 में अप्रैल से मई के बीच किया गया था। सर्वे में प्रतिभागियों से पूछा गया कि वे AI टूल्स (जैसे चैटबॉट्स और जेनरेटिव AI) का कितनी बार इस्तेमाल करते हैं। साथ ही उनकी मानसिक स्थिति को मापने के लिए PHQ-9 का इस्तेमाल किया गया।

**क्या सामने आया**

जो लोग AI का रोजाना या बार-बार उपयोग करते हैं, उनमें लो से मीडियम स्तर के डिप्रेशन के लक्षण ज्यादा देखे गए। ऐसे लोगों में एंग्जायटी और चिड़चिड़ापन जैसे लक्षण भी जुड़े हुए दिखे। शोधकर्ताओं ने साफ कहा कि यह स्टडी कारण और परिणाम साबित नहीं करती है।

**क्यों अहम है स्टडी**

बहुत बड़ी आबादी को शामिल किया गया। पहली बार AI उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच रिश्ते को वैज्ञानिक तरीके से मापा गया।

**क्या है संकेत**

AI जिंदगी को आसान बना रहा है, लेकिन यह स्टडी संकेत देती है कि इसके इस्तेमाल को लेकर सजग और संतुलित रहने की जरूरत है। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े लक्षणों को नजरअंदाज करना ठीक नहीं है, खासकर तब जब तकनीक रोजमर्रा की आदत बन चुकी है।

### मेक्सिको में फुटबॉल मैदान पर फायरिंग, 11 मौतें



■ एएफपी, सलामांका: मेक्सिको के गुआनाजुआतो में खेल मैदान पर हमला करते हुए बंदूकधारियों ने 11 लोगों की हत्या कर दी है। पुलिस ने बताया कि सेंट्रल मेक्सिको के सलामंका में रविवार को फुटबॉल मैदान पर बंदूकधारियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस घटना में 12 अन्य घायल हैं। इनमें से कई की हालत गंभीर है। घायलों में एक महिला और नाबालिग भी हैं।

## भारत आ सकते हैं कनाडा के PM

### विदेश मंत्रियों के बीच आर्थिक साझेदारी बढ़ाने पर हुई बात

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से टेलिफोन पर बात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। बातचीत में आर्थिक साझेदारी, AI (आर्टिफिशल इंटेलिजेंस) जैसे क्षेत्रों में उच्चस्तरीय आदान-प्रदान गहरा करने पर खास फोकस रहा।

यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिका ने कनाडा के पीएम कार्नी के चीन दौरे पर असहजता दिखाई है। ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर कनाडा चीन के साथ व्यापार समझौता करता है, तो अमेरिका कनाडाई सामान पर 100% टैरिफ लगा सकता है। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त ने बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी कुछ हफ्तों में भारत आ सकते हैं। यह भरोसा बहाली का संकेत माना जा रहा है।



जयशंकर की कनाडा की विदेश मंत्री अनीता से फोन पर बात हुई।

**भारत को साझेदार के रूप में देख रहा कनाडा**

बीते दिनों दावोस में कार्नी ने कहा था कि मिडल पावर्स को मिलकर काम करना चाहिए। उनके भाषण और फैसलों से साफ है कि वह मौजूदा हालात को देखते हुए आर्थिक और व्यापारिक संबंधों में विविधता की राह तलाश रहे हैं। भारत को भी ऐसे ही साझेदार की तरह देखा जा रहा है। उनके संभावित दौरे में आर्थिक रिश्तों को गहरा करने पर फैसले लिए जाएंगे। भारत और कनाडा के रिश्तों में उस वक्त मोड़ आया था, जब बीते साल 13 अक्टूबर को विदेश मंत्री अनीता आनंद ने भारत का दौरा किया।

### अमेरिका की रक्षा गारंटी पर 100% राजी है जेलेंस्की

■ एपी, विलनियस: यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने लिथुआनिया की राजधानी विलनियस के दौरे में कहा कि यूक्रेन के लिए अमेरिकी सुरक्षा गारंटी से जुड़ा प्रस्ताव '100% तैयार' है। अब यूक्रेन अपने साझेदार देशों से इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर की तारीख तय होने का इंतजार कर रहा है। इसके बाद यह दस्तावेज मंजूरी के लिए अमेरिकी कांग्रेस (संसद) और यूक्रेनी संसद में भेजा जाएगा। उनके बयान से रूस से जंग रुकने की उम्मीद बढ़ी है।



जेलेंस्की, यूक्रेन

**हजारों भारतीय प्रेफेशनल्स की मुश्किलें बढ़ीं**

## H-1B वीज़ा इंटरव्यू की तारीखें अब सीधे 2027 में

अमेरिका में काम कर रहे हजारों भारतीय प्रफेशनल के लिए बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। भारत में अमेरिकी दूतावास में H-1B वीजा स्टैंपिंग के लिए इंटरव्यू की तारीखें इस साल पूरी भर चुकी हैं। नई तारीखें 2027 से पहले की नहीं मिल रही हैं। नए नियमों के अनुसार नए वीजा या रेन्युअल के लिए स्टैंपिंग अपने देश में ही हो सकती है।


■ **2025 से शुरू हुई समस्या**

समस्या दिसंबर 2025 से शुरू हुई। तब सैकड़ों वीजाधारक भारत आकर फंस गए थे। दिसंबर में तय इंटरव्यू को मार्च 2026 में शिफ्ट किया गया। फिर इन्हें अक्टूबर 2026 और अब कई मामलों में 2027 तक टाल दिया गया है। हाल-फिलहाल में हालात सुधरने नहीं जा रहे।

■ **नए नियमों से मुश्किल**

15 दिसंबर 2025 से अमेरिका ने रोजगार आधारित वीजा आवेदकों के लिए सोशल मीडिया जांच जरूरी बना दी है। इससे हर आवेदन की जांच में ज्यादा समय लगने लगा और रोज होने वाले इंटरव्यू की संख्या घट गई।

**85,000** वीजा स्लॉट हैं सालभर में H-1B के अमेरिका में



AI Image

**थर्ड कंट्री स्टैंपिंग बंद**

अमेरिकी विदेश विभाग ने किसी तीसरे देश में वीजा स्टैंपिंग कराने की सुविधा खत्म कर दी है। इससे पूरा दबाव सिर्फ भारत स्थित दूतावास और कौन्सुलेट पर है। इंतजार लंबा हो गया।

**अन्य वीज़ा का भी बुरा हाल**

अमेरिकी विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर भी कई जगह पिटिशन आधारित H (स्पेशलिस्ट प्रोफेशनल), L (कंपनी के अंदर ट्रांसफर), O (असाधारण प्रतिभा), P (खिलाड़ी/कलाकार), Q (कल्चरल) वीजा के लिए भी भारत में कहीं अपॉइंटमेंट नहीं मिल रहे हैं।

**हर 20 मिनट में 1 भारतीय...**

■ 2025 में US बॉर्डर पर हर 20 मिनट में 1 भारतीय एंट्री करते धरा गया

■ 23,830 भारतीयों को सालभर में सीमा पर रोका गया, 85119 भारतीय 2024 में

■ 72% गिरावट आई सालभर में, फिर भी अमेरिका में अवैध प्रवास के टॉप देशों में भारत


CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFL2 User: cci Time: 01-26-2026 23:10 Color:



# NIA में स्ट्रीट क्राइम बड़ा चैलेंज, मगर हावी है 'सरप्राइज़ चेकिंग'

## इस बार नरेला इंडस्ट्रियल एरिया पहुंचा है NBT सुरक्षा कवच अभियान

Vishal.Sharma3@timesofindia.com




लगातार ऐक्शन: एरिया थाना एसएचओ और उनका स्टाफ सरप्राइज चेकिंग के जरिए लगातार ऐक्शन ले रहा है

■ नई दिल्ली: 'NBT सुरक्षा कवच' इस हफ्ते आउटर नॉर्थ जिले के इंडस्ट्रियल हब कहे जाने वाले नरेला इंडस्ट्रियल एरिया (NIA) में है। आज हम आपको बता रहे हैं कि यहां किस तरह के अपराध की चुनौतियां पुलिस फेस करती है। कैसे पुलिस और पब्लिक मिलकर क्राइम कंट्रोल करने के लिए काम कर रहे हैं। इस साझेदारी को किस तरह से और बेहतर बनाकर इलाके को 'क्राइम फ्री' बनाया जा सकता है। अगर आंकड़ों पर निगाह डालें तो यहां मोबाइल- चेन स्नैचिंग, चोरी और ड्रग्स सप्लाई बड़ी चुनौतियां थीं। जिस पर कंट्रोल करने के लिए डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी के नए विजन को ध्यान में रखते हुए एसीपी राकेश कुमार के सुपरविजन में नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना एसएचओ मनोज कुमार व उनका स्टाफ सरप्राइज चेकिंग के जरिए लगातार एक्शन ले रहे है। यही वजह है कि 'डिजिटल फुट प्रिंट' से लेकर लोकल इंटेलिजेंस की मदद से अपराधियों का बच पाना मुश्किल है। बड़ी संख्या में श्रमिक वर्ग रहता है। लिहाजा स्ट्रीट क्राइम एक बड़ी चुनौती है। मगर इससे भी बड़ा चैलेंज गैंगस्टर और उनके गैंग की तरफ से दहशत फैलाने की नाकाम कोशिश।

**मोबाइल-चेन स्नैचिंग, और ड्रग्स सप्लाई बड़ी चुनौतियां**

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के मुताबिक थाना नरेला, थाना अलीपुर और थाना शाहबाद डेयरी के हिस्सों को मिलाकर 1 जनवरी 2019 में थाना नरेला इंडस्ट्रियल एरिया बनाया गया था। इसमें एक तरफ अर्बन एक्सटेंशन रोड-I यानी GT रोड के T-पॉइंट से लेकर UER-II चौराहे तक, दूसरी तरफ वेस्टर्न यमुना, मुनक नहर पर पुल, तीसरी तरफ वेस्टर्न यमुना नहर लिंक रोड पर हनुमान मंदिर से UER-I और चौथी तरफ UER-II खेड़ा कलां क्रॉसिंग तक है। नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में पॉपुलर इलाके DSIIDC नरेला, DSIIDC सेक्टर-5, बवाना और होलंबी, JJ कॉलोनी, बवाना, मेट्रो विहार हैं जो रेवेन्यू विलेज टिकरी खुर्द, शाहपुर गढ़ी, होलंबी कलां, होलंबी खुर्द, खेड़ा खुर्द, सन्नोठ और बोरगढ़ से निकले हैं। आगे के इलाकों को रेजिडेंशियल कॉलोनियों JJ कॉलोनी, बवाना, मेट्रो विहार, स्वर्ण जयंती विहार में बांटा गया है, जहां RWAs कोऑर्डिनेशन के काम देखती है। यहां DDA द्वारा एक्वायर किए गए, ओपन एरिया और DDA द्वारा बनाए गए फ्लैट भी हैं। एरिया की 10 लाख की आबादी है। यहां सभी धर्मों और आस्थाओं के लोग रहते हैं। यहां पूजा की जगहें, मंदिर, मस्जिद और चर्च है।


**NBT सुरक्षा कवच**
**मिलकर बनाएं दिल्ली को ज्यादा सेफ**

इन कॉलोनियों में ज्यादातर बिहार, UP, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल जैसे राज्यों के लोग रहते हैं। महत्वपूर्ण जगहों में प्रगति पावर प्लांट, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली वेस्ट टू एनर्जी प्लांट, DTC का डिपो, TDPPL स्टेशन, SDM बवाना ऑफिस है। इलाके में लगभग 40 स्कूल हैं, ज्यादातर सरकारी हैं। इलाके में दो मेन सड़कें हैं। यानी UER-I और UER-II, जो GT रोड और IGI एयरपोर्ट और गुरुग्राम से जुड़ी हैं। कॉलोनियों और इंडस्ट्रियल एरिया में CCTV कैमरे लगे हैं। क्योंकि यह पूरा इलाका मिली-जुली आबादी वाली बस्ती का है। इंडस्ट्रियल है और लोग नौकरी के मौकों के लिए आते हैं। लोकल गांव और कॉलोनियां अंदर डेवलप हो रही हैं। कॉलोनियों के रूप में माइग्रेंट्स के लिए रेजिडेंशियल हब बन जाती हैं। नरेला और बवाना और UE रोड के साथ खुली सड़कें हैं, जिससे यह इलाका घरों में चोरी, गाड़ियों की चोरी के लिए चैलेंजिंग है। JJ कॉलोनियों में कुछ गंभीर और स्ट्रीट क्राइम भी होते हैं।

## 14 और 15 फरवरी को बांसेरा में ग्रीन एक्सपो

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बांसेरा पार्क में 14 और 15 फरवरी को पहली बार ग्रीन एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। यह एक्सपो सस्टेनेबल अर्बन डिवेलपमेंट पर आधारित होगा। इस एक्सपो का आयोजन DDA द्वारा LG वीके सक्सेना की निगरानी में किया जा रहा है। एक्सपो की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। LG वीके सक्सेना यमुना बाढ़ क्षेत्र में असिता, बांसेरा, वासुदेव घाट और यमुना वाटिका जैसे कई ग्रीन स्पेस को रिस्टोर करवा चुके हैं।

AI image




**शहरों को जलवायु परिवर्तन के लिए तैयार करना मकसद**

DDA के अनुसार, 14 और 15 फरवरी को होने वाले इस एक्सपो में शहरीकरण के ग्रीन और प्रकृति आधारित हल पर फोकस किया जाएगा। DDA राजधानी की अर्बन प्लानिंग और विकास में क्लाइमेट को प्राथमिकता दे रहा है। इस एक्सपो के जरिए दुनिया भर की बेस्ट प्रैक्टिसिस को एक राष्ट्रीय मंच मिलेगा। इस एक्सपो में DDA पॉलिसी मेकर, लीडर और शहरी विकास से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहा है। इसका मकसद भारतीय शहरों को जलवायु परिवर्तन के हिसाब से तैयार करना है। दो दिन चलने वाले इस एक्सपो में एक्जीबिशन, लाइव डिमॉन्स्ट्रेशन और एक्सपर्ट सेशन आयोजित किए जाएंगे। LG वीके सक्सेना के अनुसार, अब शहरों में पारंपरिक तरीके की जगह प्रकृति को ध्यान में रखकर विकास किए जाने की जरूरत है। DDA के वाइस चेयरमैन एन सरवना ने कहा कि DDA आज की चुनौतियों को समझते हुए विकास को आगे बढ़ा रही है।

## आज 'भारंगम' का आगाज़, पहला नाटक 'मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम'

File Photo



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (NSD) का 25वां 'भारत रंग महोत्सव' आज शुरू होगा। फेस्टिवल का पहला नाटक रेखा मेहरा का निर्देशित 'मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम' मंच पर होगा। शाम 6:30 बजे उद्घाटन समारोह में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, भारत रंग महोत्सव 2026 की 'रंगदूत' कलाकारा मीता वशिष्ठ, फिल्म डायरेक्टर मधुर भंडारकर बतौर खास मेहमान पहुंचेंगे। 27 जनवरी से लेकर 20 फरवरी तक चलने वाले इस फेस्टिवल में 277 नाटक प्रेमियों के बीच होंगे, देश-विदेश के रंगकर्मी प्रस्तुति देंगे। देश के 40 शहरों के अलावा 7 देशों तक यह फेस्टिवल पहुंचेगा। दिल्ली में 127 नाटक मंच पर होंगे। आज ही NSD अपने नाटकों के मंच को विस्तार देते हुए अपना रेडियो स्टेशन, पॉडकास्ट और ओटीटी चैनल भी शुरू कर रहा है। NSD के डायरेक्टर चितरंजन त्रिपाठी ने बताया कि हर साल करीब 25 नए प्रोडक्शन NSD में तैयार होते हैं। इसके अलावा भारत रंग महोत्सव में 250 से ज्यादा नाटक होते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार महोत्सव में मैथिली, भोजपुरी, तुलु, उर्दू, संस्कृत, ताई खामती और न्यीशी जैसी भाषाओं को शामिल किया गया है।

**27 जनवरी से लेकर 20 फरवरी तक चलेगा यह फेस्टिवल**

## ट्रक की टक्कर से युवक घायल

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा: सेक्टर 63 से गाजियाबाद वैशाली जा रहे युवक को ट्रक चालक ने लापरवाही से टक्कर मारी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के बाद उन्होंने सेक्टर 63 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले में ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है। पुलिस को सेक्टर 63 में रहने वाले समीर नाम के युवक ने बताया कि वह 24 जनवरी को गाजियाबाद जा रहे थे। इसी दौरान सेक्टर 63 बी ब्लॉक में राजस्थान नंबर के ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए समीर की स्कूटी में टक्कर मार दी। समीर सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

**पुलिस ट्रक ड्राइवर की तलाश में जुटी**

## घर में घुसकर लाखों की चोरी

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के मोहल्ला में चोरों ने ड्यूटी पर गए एक शख्स के बंद घर में घुसकर लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हापुड़ के भीमनगर मंडी पट्टी निवासी विक्की ने बताया गया कि 21 जनवरी को वह अपने पूरे परिवार के साथ पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गालंद गया था। शाम को उसका छोटा भाई घर का ताला लगाकर अपनी ड्यूटी पर मोदीनगर रोड पर स्थित ग्राम बदनौली गया था। रात में किसी समय चोरों ने घर में घुसकर लाखों की चोरी कर ली.

**थाना हापुड़ के देहात में हुई वारदात, मामला दर्ज**

## महानगर खेल

आप भी हमें अपनी खेल खबर और फोटो भेजिए
nbtreader@timesofindia.com पर। सब्जेक्ट में लिखें Khel

### विजय दहिया अकैडमी बनी चैंपियन



अभिषेक सिंह (71*, 4/39), प्रिंस मिश्रा (2/29) और परमजीत सहरावत (2/33) के दम पर विजय दहिया अकैडमी (175/5) ने दिनेश राय अकैडमी (174/10) को 5 विकेट से हराकर 5वां रोशन लाल सेठी मेमोरियल अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। दिनेश राय की ओर से शुभम ने 90 रन की पारी खेली। गौतम महेंद्रू बेस्ट बैटर, अभिषेक सिंह बेस्ट बोलर और अनिकेत पांडे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए।

### हरियाणा अकैडमी को खिताब



अभि (85), शौर्य (75) की अर्धशतकीय पारियों और लव बधवार (3/41), सुबी (2/33) व आदर्श जायसवाल (2/51) की गेंदबाजी से हरियाणा अकैडमी (281/4) ने एयरलाइनर अकैडमी (280/10) को 6 विकेट से हराकर पहला स्वेट प्री अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट अपने नाम किया।

### हिमांशु का तिहरा शतक

हिमांशु तालान (303* रन, 113 बॉल, 29 फोर, 29 सिक्स, 3/27) और नीलेश मंडल (50*) की बदौलत डीसीसी शार्ट्स (432/3) ने शट्स प्रीमियर लीग में अपकमिंग स्टार (228/10) को 204 रन से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की।

### अरहान, गुरनौनिध चमके

मोहम्मद अरहान (4/31), गुरनौनिध सिंह (53), नवित शर्मा (50), शिवांश जैन (2/38) और सुवीर (2/14) की मदद से डोगरा क्रिकेट अकैडमी (152/4) ने पांचवें संजीव टाक मेमोरियल अंडर-14 टूर्नामेंट में मौलाना आजाद सीसी (148/10) को 6 विकेट से मात दी।

### असीर ने जमाया शतक



असीर शम्स (113 रन, 10 फोर, 6 सिक्स) के शानदार शतक और आशीष यादव (4 विकेट) व अंकित मीणा (4 विकेट) की बदौलत आरसीएन क्रिकेट क्लब (213/6) ने डीडीसीए ओपन लीग में गुश क्रिकेट क्लब (212/10) को 4 विकेट से हराया। गुश क्रिकेट क्लब के लिए आयुष पांडे (74) और सागर धमोली (64) ने फिफ्टी जमाई थी।

### आरुष, ईशान चमके



आरुष (5/34), ईशान डबास (84 रन, 27 बॉल, 9 फोर, 7 सिक्स) और प्रभजीत सिंह (2/19) की बदौलत जनकपुरी अकैडमी (135/2) ने तीसरे विश्वकर्मा स्पोर्ट्स फाउंडेशन अंडर-15 टूर्नामेंट में टर्फ स्पोर्ट्स अकैडमी (134/10) को 8 विकेट से मात दी।

### प्रियांशु यादव की दमदार पारी

प्रियांशु यादव (68), प्रियांशु शर्मा (48), कुणाल (3/27) और वंश रावत (2/43) के शानदार प्रदर्शन से गुलिया क्रिकेट अकैडमी (237/9) ने माणिक चंद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में टेलीफेकन क्लब (177/6) को 60 रन से हराया।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFP User: cci Time: 01-26-2026 22:19 Color:


नोएडा/गाजियाबाद > मंगलवार, 27 जनवरी 2026 > माघ 7 शक 1947 माघ शुक्ल नवमी, विक्रम 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 23 > पेज 16* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू




कर्तव्य पथ पर राष्ट्रपति मुर्मू ने तिरंगा फहराया, जिसके बाद 21 तोपों की सलामी के साथ राष्ट्रगान गूंज उठा।

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



चीन और भारत अच्छे पड़ोसी, दोस्त और साझेदार हैं। विश्व शांति और समृद्धि को बनाए रखने और बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों का बहुत महत्त्व है। गणतंत्र दिवस की बधाई। -शी चिनफिंग, चीन के राष्ट्रपति




# जन गण मन

## कर्तव्य पथ पर दुनिया ने देखी ताकत





**ऑपरेशन सिंदूर** के दौरान इस्तेमाल की गई मिसाइलों का प्रदर्शन और गरजे फाइटर जेट।


**एयर पावर शो** दो राफेल, दो MiG-29, दो सुखोई और एक जगुआर जेट ने 'ऑपरेशन सिंदूर' फॉर्मेशन में फ्लाईपास्ट किया।



**विकास का संकल्प** पीएम मोदी ने राजस्थानी शैली के सुनहरे रंग की मोर पंख की आकृति की कढ़ाई वाला गहरे मरून रंग का साफा पहना। पीएम ने कहा, विकसित भारत का संकल्प और अधिक सुदृढ़ हो, यही कामना है।



**'जंगल वॉरियर'** फॉर्मेशन में परेड के दौरान CRPF की टीम ने स्टंट किया।




Piyal Bhattacharjee

**भैरव बटालियन** एक नई विशेष हमलावर इन्फैंट्री यूनिट है, परेड में सबका ध्यान खींचा।

**दिल्ली के** कर्तव्य पथ पर 77वें गणतंत्र दिवस की सुबह देशभक्ति के रंगों से खिल उठी। संस्कृति की खुशबू, विकास की रफ्तार और सैन्य ताकत की गूंज एक साथ नजर आई। 'ऑपरेशन सिंदूर' में इस्तेमाल हथियारों से लेकर स्वदेशी मिसाइलों और टैंकों तक भारत की शक्ति का भव्य प्रदर्शन हुआ। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग (EU) की चीफ उर्सुला वॉन डेर लेयेन चीफ गेस्ट रहे। आसमान में फाइटर जेट राफेल, सुखोई, मिग-29 और जगुआर ने गर्व का संदेश दिया। झांकियों में 'वंदे मातरम्' के 150 साल और आत्मनिर्भर भारत की कहानी सजी दिखाई दी।

PTI



**साझेदारी की ताकत** पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और EU चीफ उर्सुला की उपस्थिति भारत-EU साझेदारी की बढ़ती ताकत और साझा मूल्यों को दिखाती है।

### 'चीफ गेस्ट बनना बड़ा सम्मान'

चीफ गेस्ट बनना जिंदगी का सबसे बड़ा सम्मान है। एक सफल भारत दुनिया को ज्यादा स्थिर, खुशहाल और सुरक्षित बनाता है और हम सभी को फायदा होता है। -उर्सुला वॉन डेर लेयेन, EU चीफ

### अमेरिका का ऐतिहासिक नाता



अमेरिका और भारत दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते एक ऐतिहासिक बंधन साझा करते हैं। भारत सरकार और लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई। -डॉनल्ड ट्रंप, US राष्ट्रपति

Piyal Bhattacharjee




**शक्ति की कमान...** CRPF की सहायक कमांडेंट सिमरन बाला ने परेड के दौरान अर्द्धसैनिक बल की पुरुषकर्मियों की टुकड़ी का नेतृत्व कर इतिहास रचा। वह जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले से हैं।



# अखिल भारत हिंदू महासभा ने ताज के मुख्य मकबरे पर तिरंगा फहराने का किया दावा

■ NBT न्यूज, आगरा


झंडा फहराने वाले लोगों का कहना है कि वर्ष 1632 में ताजमहल निर्माण के बाद 2026 में पहली बार मुख्य मकबरे पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

गणतंत्र दिवस के मौके पर ताजमहल में राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान गाने का मामला सामने आया है। अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने ताजमहल परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रगान गाने का दावा किया है।

दावा किया गया कि गणतंत्र दिवस पर सुबह लगभग 9 बजे अखिल भारत हिन्दू महासभा से जुड़े कार्यकर्ता नंदू कुमार और नितेश भारद्वाज ने ताजमहल के मुख्य गुंबद पर तिरंगा फहराया और भारत माता की जय के नारे लगाए। झंडा फहराने वाले लोगों का कहना है कि वर्ष 1632 में ताजमहल निर्माण के बाद 2026 में पहली बार मुख्य मकबरे पर तिरंगा फहराया गया।

दोनों युवकों ने ताजमहल से निकलने के बाद राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद हड़कंप मच गया। संगठन ने इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मस्जिदों और मदरसों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के आह्वान से प्रेरित कदम बताया है। एसीपी ताज सुरक्षा पीयूष कांत ने बताया कि अभी तक एएसआई की तरफ से इसके बारे में कोई भी जानकारी और शिकायत नहीं की गई है।

# वेस्ट यूपी में मना गणतंत्र दिवस, ध्वज फहराया गया, प्रभात फेरी भी निकली

## सभी जिलों की पुलिस लाइन, कमिश्नरी और कलेक्ट्रेट में हुए आयोजन

NBT 3 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ


जिलाधिकारी मेरठ वीके सिंह ने कलेक्ट्रेट में झंडा फहराया।

वेस्ट यूपी में हर्षोल्लास के साथ 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। सभी जिलों में पुलिस लाइन, कमिश्नरी, कलेक्ट्रेट में ध्वज फहराकर एकता और अखंडता की शपथ ली गई। प्रभात फेरी निकाली गई। शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया।

मेरठ जिले की पुलिस लाइन में मंत्री दिनेश खटीक ने ध्वज फहराया। कमिश्नरी में कमिश्नर भानु चन्द्र गोस्वामी ने ध्वजारोहण किया। जिलाधिकारी मेरठ वीके सिंह ने कलेक्ट्रेट में झंडा फहराया। डीएम मेरठ ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस का संकल्प दिलाया। प्रभात फेरी निकाली गई। मुजफ्फरनगर जिले में मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर और पुलिस लाइन में हुए। जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया। पुलिस लाइन में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने परेड की सलामी ली और राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर एडीएम वित्त और राजस्व गजेंद्र कुमार, एडीएम प्रशासन सहित सभी एसडीएम और विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्रगान में भाग लिया और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

शामली जिले में जिलाधिकारी अरविंद कुमार ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने देशभक्ति और देश की संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह और जिलाधिकारी ने 130 पुलिसकर्मियों और जनपद के सात शहीद हुए जवानों के परिजनों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। 12 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। देशभक्ति गीतों पर नृत्य किया और भारतीय संस्कृति और वेदों का गुणगान किया।

मुरादाबाद जिले में पीएसी पश्चिमी जोन में विभिन्न पीएसी वाहिनियों में तैनात 12 अधिकारियों, कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक ने प्रशंसा चिन्ह गोल्ड और सिल्वर मेडल से सम्मानित किया। डीएम ने कलक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया। बिलारी तहसील में उपजिलाधिकारी थाने में सीओ ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

अमरोहा जिले में कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी (डीएम) निधि गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य समारोह में स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों की परेड का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। एक वर्ष के उत्कृष्ट कार्य के लिए विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बिजनौर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी जसजीत कौर और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। विभिन्न शिक्षण संस्थाओं, सरकारी दफ्तरों, स्वयंसेवी संस्थाओं और मदरसों में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

### बदायूं में वन और पर्यावरण मंत्री ने फहराया तिरंगा

बदायूं जिले में मुख्य समारोह पुलिस लाइन हुआ। वन और पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार और एमएलसी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पुलिस की टुकड़ियों ने परेड की सलामी दी। जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया। शहीद स्थल पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रभात फेरियां निकाली गईं। हाथरस जिले की पुलिस लाइन में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। परेड का निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया।

### फिरोजाबाद में कार्यक्रम




### सराहनीय कार्य के लिए डीएम ने दिए प्रशस्ति पत्र

■ NBT न्यूज, फिरोजाबाद: गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन में आयोजित किया गया। इसके साथ ही सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थाओं और सामाजिक संगठनों द्वारा भी ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। फिरोजाबाद पुलिस लाइन में आयोजित परेड की सलामी मंडल आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा ली गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी रमेश रंजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के अलावा जिले के सभी अधिकारी मौजूद रहे। मंडल आयुक्त और जिलाधिकारी द्वारा सराहनीय कार्य के लिए विभाग के लोगों को प्रशस्ति पत्र भी दिए गए।

# वीकेंड पर लगभग पांच लाख श्रद्धालु पहुंचे कान्हा की नगरी

■ NBT न्यूज, मथुरा


वृंदावन के प्रेम मंदिर के सामने रविवार को रेकॉर्ड भीड़ देखने को मिली।

इस वीकेंड पर कान्हा की नगरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और अपने आराध्य के दर्शन किए। वृंदावन के साथ ही बरसाना में शनिवार से सोमवार तक करीब 5 लाख श्रद्धालुओं ने प्रमुख मंदिरों के दर्शन किए। सबसे अधिक भीड़ वृंदावन स्थित ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर और बरसाना स्थित श्रीराधारानी मंदिर पर देखने को मिला। वहीं शाम के समय रविवार को वृंदावन के प्रेम मंदिर के सामने रेकॉर्ड भीड़ देखने को मिली। वहीं बांके बिहारी मंदिर की ओर जाने वाली गलियों में भी कई किलोमीटर तक लंबी-लंबी लाइनों में श्रद्धालु खड़े दिखाई दिए।

> सबसे अधिक भीड़ बांके बिहारी मंदिर और श्रीराधारानी मंदिर में देखने को मिला।

# आगरा: चंबल नहर में गिरी कार, 1 की मौत


ग्रामीणों की सहायता से कार में फंसे चारों लोगों को बाहर निकाला गया।

■ NBT न्यूज, आगरा: आगरा के बाह के चौरंगी इलाके में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर चंबल नहर में जा गिरी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों और पुलिस की मदद से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, कार में चार लोग सवार थे। सभी आगरा के बसई खुर्द से कचौरा की ओर जा रहे थे। जैतपुर थाना क्षेत्र में कमतरी मोड़ के पास अचानक ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और कार सीधे चंबल नहर में जा गिरी। तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

# मेरठ: गणतंत्र दिवस रैली में चले लाठी-डंडे, कई घायल

■ NBT न्यूज, मेरठ

लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर निकाली गई तिरंगा रैली में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। कई लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार शौकीन गार्डन कॉलोनी में आसिफ चौधरी का आइडियल एकेडमी स्कूल है। स्कूल द्वारा सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा रैली निकाली गई थी। कॉलोनी निवासियों का आरोप है कि आसिफ चौधरी दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है। स्कूल के पास एक कैंटीन खुलवाई है, जिसे उनका जीजा आदिल चलाता है। आरोप है कि इस कैंटीन में नशे का सामान खुलेआम बेचा जाता है। आसिफ पुलिस में अपनी पैठ होने की धौंस भी लोगों को देता है। लोगों का आरोप है कि पुलिस ने मौके पर पहुंचने के बावजूद स्कूल मालिक पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। पुलिस मामले में कुछ भी बोलने से बच रही है।

# यूट्यूबर अंजली अरोड़ा के मंगेतर को पुलिस ने टोल से किया अरेस्ट

## सांसद का फर्जी स्टीकर लगाकर कार चलाने का आरोप

■ NBT न्यूज, मेरठ

AI Image


कच्चा बादाम गाने से चर्चाओं में आई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अंजली अरोड़ा के मंगेतर आकाश सनसनवाल को रविवार देर शाम चेकिंग के दौरान मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर काशी टोल प्लाजा से गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि आकाश ने अपनी कार पर सांसद का फर्जी स्टीकर लगाया हुआ था।

एसओ परतापुर ने बताया कि रविवार की देर शाम पुलिस एक्सप्रेसवे पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दिल्ली से मेरठ की ओर आ रही स्कॉर्पियो को पुलिस टीम ने रोककर चेकिंग की। कार पर सांसद का स्टीकर लगा हुआ था। जांच करने पर स्टीकर फर्जी मिला। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी ड्राइवर आकाश सनसनवाल को हिरासत में ले लिया और परतापुर थाने ले आई। पूछताछ में आकाश सनसनवाल ने बताया कि वह सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, डांसर और मॉडल अंजलि अरोड़ा के मंगेतर हैं। वह कटवारिया सराय थाना किशनगढ़ दिल्ली के रहने वाले हैं। सोमवार को एसओ ने बताया कि आकाश को कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाया जा रहा है।

**चेकिंग अभियान में 16 वाहन सीज:** एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने गणतंत्र दिवस से पहले रविवार शाम को चेकिंग के दौरान 16 वाहन सीज किए।

# सहारनपुर में कॉलेज छात्र की संदिग्ध मौत, हंगामा

■ NBT न्यूज, सहारनपुर: सहारनपुर के थाना बिहारीगढ़ क्षेत्र में स्थित द्रोणाचार्य आयुर्वेदिक कॉलेज में पढ़ने वाले दिल्ली निवासी प्रथम वर्ष के छात्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक छात्र के परिजनों ने कॉलेज प्रबंधन और सीनियर छात्रों पर गंभीर आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई है। इसको लेकर परिजनों ने कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया और थाने में शिकायत दी। मृतक छात्र विशाल दिसंबर 2025 में द्रोणाचार्य आयुर्वेदिक हॉस्पिटल कॉलेज में BMS प्रथम वर्ष में दाखिल हुआ था। परिजनों के अनुसार 25 जनवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे मोनू नामक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि विशाल का एक्सीडेंट हो गया है और उसे मामूली चोट आई है। जब परिजन अस्पताल पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि विशाल की मौत हो चुकी है।

### परिजनों का आरोप हादसा नहीं, साजिश

परिजनों का आरोप है कि यह महज सड़क हादसा नहीं, बल्कि साजिश है। उनका कहना है कि कॉलेज में रैगिंग होती थी और विशाल को सीनियर छात्र लगातार परेशान करते थे। उसे जबरन मोटरसाइकिल पर बाहर भेजा गया, जबकि उसे बाइक चलानी नहीं आती थी।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो युवकों की मौत

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: बागपत जिले के नाहली गांव के पास सोमवार की सुबह करीब 5 बजे भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दबकर दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान बागपत कस्बे निवासी आकिब और हाशिम के रूप में हुई है। आकिब और हाशिम मोदीनगर से ट्रैक्टर-ट्रॉली में भूसा भरकर हापुड़ की ओर जा रहे थे। नाहली गांव के पास सामने से आ रही एक अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। दोनों भूसे के नीचे दब गए। ग्रामीणों ने जब तक बाहर निकाला दोनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs. To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

शिक्षा

कोचिंग क्लासेज

LAW COACHING, DELHI For Graduates & Law Students Online & Offline, EFFEKTIV LEARNING ACADEMY 9311223107

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

मैं, मोहसिन अंसारी, पिता अली हसन अंसारी, जन्म तिथि 09/04/1997, निवासी गली 1, मकान संख्या 22, पीतांजलि विहार, लोनी देहात, गाजियाबाद, यह सूचित करता/ करती हूँ कि मेरा नाम गलती से मोहसिन खान और मोहसिन अकरम लिखा गया था। अब से, मुझे सभी प्रयोजनों के लिए मोहसिन अंसारी के नाम से जाना जाएगा।

I, Sunita Arora W/o Sudhir Kumar R/o H.No. 201/16, Near Sethi Coal Depot, Nai Basti, Gurugram, Haryana, 122001, have changed my name from Sunita to Sunita Arora vide Affidavit dated 20-01-2026 sworn before Notary Ram Niwas, Gurugram.

खोया एवं पाया

LOST Share Certificate No. A1322/43 issued by IIT Delhi Teachers CGHS Ltd., favoring B.L.Juneja and Pushpa Juneja owners of B-74,Gyandeep Apartments, Mayur Vihar-1, Delhi -110091, while visiting the Market. Finder please Contact-8506804408

TIMES interact
BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
• FOR TENDER & NOTICE ADS PLEASE CONTACT AMAN : 9312633518
• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
• FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

TIMES interact HEALTH & WELLNESS

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

विवाहित जीवन में पायें
नई खुशियाँ नया जोश नई उमंग
SEX समस्या
आयुर्वेदिक सलाह लें
आकाश दवाखाना समय 10 - 7 तक
आजाद पुर दिल्ली
9953396533
8860003863

36 वर्षो के अनुभवी
सैक्स समस्याऐं
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मैन रोहतक रोड, मुंडकाली गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact

TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES

MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS


Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| Central Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| Noida + East Delhi | Sumit Negi | 98992 68321 |

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES


दूसरी पुण्यतिथि
श्री राम कृपाल मौर्या
10/02/1963 से 27/01/2024
अकेले बैठकर याद करती हूँ आपसे फिर मिलने के लिए ऊपर वाले से दुआएं करती हूँ और आज फिर मेरी आँखों में आँसू छलक आये ! मैं हमेशा आपके आदर्शों पर चलूंगी !
मैं आपके चरणों मे श्रद्धांजलि समर्पित करती हूँ आपकी पत्नी –यशोदा मौर्या। जैतपुर,बदरपुर, नई दिल्ली- 44


भावपूर्ण श्रद्धांजलि
श्रीमती राम माला जैन
27.01.2009
सत्रहवीं पुण्यतिथि
"अब तो अर्पण करूं, सब मैं प्रभु के लिए, शाश्वत सुख लखूं, निज का निज के लिए।"
आपके अपने विनोद जैन, प्रमोद जैन, प्रभा जैन, आर्यपुरा, पुरानी सब्जी मण्डी, दिल्ली–110007

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".
The silent joy of remembering a loved one. The moments you shared together. Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP3 User: cci Time: 01-26-2026 22:34 Color:



**लापता दिल्ली**

**पार्ट-1**

भीड़-भाड़ भरी दिल्ली से रोज लापता हो रहे हैं लोग। नवजात से लेकर बुजुर्ग तक शुमार है इस फेहरिस्त में। कुछ घरों की खुशी लौट आती है। कुछ के हिस्से में ताउम्र रहता है गम। इसी पर फोकस है एनबीटी की यह सीरीज।

# दिल्ली से हर रोज़ 63 लोग हो जाते हैं गायब

## कुछ लौटते हैं, कुछ को पुलिस ढूंढ लेती है, बाकी का नहीं चलता पता

देश की राजधानी की चमक-दमक पीछे एक ऐसी स्याह सच्चाई छिपी है, जो दिल कचोट देने वाली है। हर दिन किसी ना किसी घर से कोई गायब हो जाता है। किसी के माता-पिता लापता होते हैं तो किसी का बेटा या बेटी। कई नाबालिग भी बिछुड़ जाते हैं, जिनकी मां की आंखें इंतजार में पथरा जाती हैं। कई के हिस्से में खुशी आती है, क्योंकि उनका करीबी ढूंढ लिया जाता है। कुछ परिवार ऐसे भी होते हैं, जिनका इंतजार खत्म ही नहीं होता है... उनका 'प्रिय' तमाम कोशिशों के बावजूद मिल नहीं पाता है। दिल्ली में पिछले 11 साल के दौरान लापता हुए बुजुर्गों से लेकर बच्चे-बच्चियों तक की कहानी का पहला पार्ट पढ़िए अश्वनी शर्मा की स्पेशल रिपोर्ट में:




**पिछले 11 साल में...**

**2,55,432** हुए थे गुम पूरी दिल्ली से 11 सालों में

**2,01,455** लोगों वापस मिले या ढूंढ लिए गए

**53,977** लोग अब भी गायब हैं, कुछ पता नहीं

### इतने हो गए लापता

| साल | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| 2015 | 12243 | 12427 | 24670 |
| 2016 | 11342 | 12067 | 23409 |
| 2017 | 10685 | 12202 | 22887 |
| 2018 | 10590 | 13272 | 23862 |
| 2019 | 10874 | 13544 | 24418 |
| 2020 | 7300 | 10644 | 17944 |
| 2021 | 8638 | 13072 | 21710 |
| 2022 | 9957 | 13861 | 23818 |
| 2023 | 10202 | 14279 | 24481 |
| 2024 | 10141 | 14752 | 24893 |
| 2025 | 9174 | 14166 | 23340 |

### इतने मिल गए परिजनों से

| साल | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| 2015 | 10627 | 10431 | 21058 |
| 2016 | 9187 | 9992 | 19179 |
| 2017 | 8995 | 10583 | 19578 |
| 2018 | 8229 | 10310 | 18539 |
| 2019 | 8960 | 11546 | 20506 |
| 2020 | 5875 | 8780 | 14655 |
| 2021 | 6836 | 10651 | 17487 |
| 2022 | 7691 | 10936 | 18627 |
| 2023 | 6848 | 10001 | 16849 |
| 2024 | 6281 | 8979 | 15260 |
| 2025 | 5713 | 8672 | 14385 |

### इनका नहीं लग सका पता

| साल | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| 2015 | 1616 | 1996 | 3612 |
| 2016 | 2155 | 2075 | 4230 |
| 2017 | 1690 | 1617 | 3309 |
| 2018 | 2361 | 2962 | 5323 |
| 2019 | 1914 | 1998 | 3912 |
| 2020 | 1425 | 1864 | 3289 |
| 2021 | 1802 | 2421 | 4223 |
| 2022 | 2266 | 2925 | 5191 |
| 2023 | 3354 | 4278 | 7632 |
| 2024 | 3860 | 5773 | 9633 |
| 2025 | 3461 | 5494 | 8955 |

### टूटे सपने, अधूरी कहानियां और इंतज़ार

हर साल औसतन 23,221 लोग लापता हो रहे हैं। करीब 18,314 या घर लौट आते हैं या उन्हें ढूंढ लिया जाता है। लेकिन करीब 4907 के परिवारों के हिस्से में आता है सिर्फ इंतजार...। ये सिर्फ आंकड़े नहीं हैं, बल्कि हजारों परिवारों के टूटे सपने, उनकी अधूरी कहानियां और अपनों से मिलने के इंतजार की कहानी है।

### कोरोना महामारी के समय आई गिरावट

कोरोना के दौरान 2020 में लापता लोगों की संख्या सबसे कम 17,944 दर्ज हुई। 14,655 मिल गए। 3,289 नहीं मिले। इसके बाद फिर से गायब होने का ग्राफ फिर तेजी से चढ़ने लगा। इन 11 सालों पर नजर डालें तो हर साल पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के गुम की तादाद ज्यादा रही है, जो पिछले तीन साल के दौरान 14 हजार से ज्यादा दर्ज हो रहे हैं। पिछले तीन साल में ट्रेस होने के आंकड़ों में पहले की तुलना में गिरावट आई है, जो पुलिस के लिए एक चुनौती है।

### बालिग ज्यादा हुए हैं गायब

चौंकाने वाली बात ये है कि लापता होने वाली बालिगों की तादाद ज्यादा है। बीते 11 साल में 18 साल से बड़ी उम्र के 187191 गायब हुए, जिनमें 87531 पुरुष और 99668 महिलाएं थीं। इनमें से कुल 140251 मिल गए, जिनमें 65700 पुरुष और 74555 महिलाएं मिल गए। अभी 46948 अपने घर नहीं लौट सके हैं, जिनमें 25093 महिलाएं हैं। सबसे गुम होने वाले 19047 साल 2024 में रहे, जिनमें 10555 महिलाएं थीं। अनट्रेस का आंकड़ा भी सर्वाधिक 2024 का ही रहा जो 8283 है। सबसे ज्यादा 13728 को 2015 में खोजा गया था।

### 2024 में सबसे ज़्यादा गायब हुए

2015 से 2025 तक पुरुषों की तुलना में महिलाओं के लापता होने की तादाद ज्यादा रही है। इन 11 साल में 1,44,286 महिलाएं तो 1,11,146 पुरुष गुम हुए। इनमें से 1,14,181 महिलाओं और 87,274 पुरुषों को ढूंढ लिया गया। इसके बावजूद 30,105 महिलाएं और 37,297 पुरुष अब भी गायब हैं। सबसे ज्यादा 2024 में 24,893 लोग गुम हुए, जिनमें 14,752 महिलाएं थी और यह 11 साल का रेकॉर्ड है। सबसे ज्यादा 9633 लोग 2024 में ट्रेस नहीं हो सके। ढूंढने का बेहतरीन रेकॉर्ड 2015 का है, जो 2108 लोगों का रहा।

### लड़कियां ज़्यादा हुईं लापता


पिछले 11 साल में 18 साल से कम उम्र के 68233 लड़के-लड़कियां गायब हुए। इनमें 44638 लड़कियां थी। जबकि लड़के 23595 थे। सर्वाधिक लड़कियां 2023 में 4367 गुम हुईं। ज्यादा लड़के-लड़कियां 2015 में 7928 लापता हुए थे तो खोजे भी सर्वाधिक 7330 इसी साल गए। आंकड़ों पर गौर करें तो ट्रेस नहीं होने के डेटा 2024 और 2025 के निराशाजनक रहे। साल 2024 में 1305 तो 2025 में सबसे ज्यादा 1505 बच्चे नहीं ढूंढे जा सके। बीते 11 साल में कुल 61198 तलाश कर लिए गए, जबकि 7035 आज तक नहीं मिल सके हैं।

कल पढ़ें... आठ से कम उम्र के कितने बच्चे-बच्चियां गुम हुए और कितने बरामद

# गला दबाकर लूटा, चलते ऑटो से फेंका, लोगों ने ड्राइवर को पकड़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**ऑटो में** बिठाकर एक गैंग ने दिनदहाड़े एक शख्स से 38 हजार कैश और डेबिट कार्ड समेत अन्य दस्तावेज लूट लिए। गर्दन दबाकर जान से मारने की धमकी देते हुए कार्ड का पिन भी पूछ लिया। अक्षरधाम फ्लाईओवर पर चलते ऑटो से धक्का देकर फेंका। पीड़ित ने शोर मचाया तो वहां से गुजर रहे गाड़ी वाले मदद के लिए आगे आए। दो बदमाश चलते ऑटो से कूदकर भाग गए। पब्लिक ने ड्राइवर को दबोच लिया। इसकी शिनाख्त न्यू सीलमपुर निवासी इम्तियाज (39) के तौर पर हुई। फरार बदमाशों ने पीड़ित के डेबिट कार्ड का इस्तेमाल कर खाते से 33 हजार रुपये निकाल लिए।


AI Image

■ फरार दो आरोपियों ने पीड़ित का डेबिट कार्ड इस्तेमाल कर निकाल ली रकम

**ड्राइवर की पब्लिक ने की पिटाई**

पब्लिक ने ऑटो रुकवाया और ड्राइवर को काबू कर लिया, जिसकी पब्लिक ने पिटाई कर दी। पुलिस को कॉल कर बुलाया गया। कुछ समय बाद पीड़ित के फोन पर एटीएम से 33 हजार कैश निकलने का मैसेज आया। ईस्ट जिले के पांडव नगर थाना पुलिस ने मारपीट कर लूटने की धारा 309 (4) के तहत मुकदमा दर्जकर ड्राइवर इम्तियाज को अरेस्ट कर लिया।

फतेहदीप सिंह (58) परिवार समेत यूपी के बुलंदशहर में रहते हैं। वह अंबाला में कपड़े सिलाई का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह शनिवार को अंबाला से बस में सवार होकर कश्मीरी गेट पर उतर गए। वहां से आनंद विहार बस अड्डे के लिए ऑटो हायर किया। ऑटो वाला कश्मीरी गेट से सराय काले खां की तरफ से ले गया। सराय काले खां फ्लाईओवर पर ड्राइवर ने अपनी पहचान का बताते हुए दो लड़कों को बिठा लिया। कुछ दूर जाने के बाद करीब 4:50 बजे पीछे बैठे लड़कों ने मारपीट कर उनका पर्स छीन लिया।

पीड़ित से डेबिट कार्ड का पिन पूछने लगा, जो उन्होंने बताने से इनकार कर दिया। बदमाशों ने उनकी गर्दन को बुरी तरह से दबा दिया। वह घबरा गए और बदमाशों को पिन बता दिया। अक्षरधाम फ्लाईओवर के पास उन्हें चलते हुए ऑटो से उनके अन्य सामान समेत नीचे फेंक दिया। पीड़ित चिल्लाए तो वहां से गुजर रहे गाड़ी वाले ऑटो रुकवाने में जुट गए। इससे घबराकर पीछे बैठे दो बदमाश चलते ऑटो से कूदकर अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन की तरफ भागने में सफल रहे।

## शॉप में जूलर के सिर पर मारी रिवॉल्वर की बट

■ NBT रिपोर्ट, शाहबाद डेयरी : शाहबाद डेयरी इलाके में एक ज्वैलरी शॉप पर लाइसेंसी रिवॉल्वर की बट से हमला करने की सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया में वायरल है। आरोपी ने पीड़ित जूलर के सिर पर हमला किया। हमला कर फरार हो रहे शख्स को लोगों ने पकड़ लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया।

**आरोपी गिरफ्तार, लाइसेंसी रिवॉल्वर और 6 कारतूस बरामद**

डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी के मुताबिक 25 जनवरी की शाम करीब 6:34 बजे शाहबाद डेयरी पुलिस स्टेशन को बी-ब्लॉक से झगड़े और मारपीट की सूचना मिली। SI सतीश और स्टाफ तुरंत मौके पर भेजा गया। घटनास्थल पर पता चला कि घायल शख्स को लोगों ने हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। मुख्य हमलावर को ड्यूटी पर मौजूद पुलिस स्टाफ ने पकड़ लिया था। पीड़ित की पहचान शाहबाद डेयरी के प्रकाश सोनी के रूप में हुई।

## हेड कॉन्स्टेबल से सरकारी पिस्टल लूट ले गए बदमाश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

**दिल्ली में** हाई अलर्ट के बीच सफदरजंग एनक्लेव इलाके में दो बदमाश दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल से सरकारी पिस्टल लूटकर ले गए। हेड कॉन्स्टेबल ने सफदरजंग एनक्लेव थाने में शिकायत दी है। पुलिस केस दर्ज कर CCTV कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है।

**हाई अलर्ट के बीच दो बदमाशों ने फायरिंग कर की लूटपाट**

पुलिस सूत्रों के अनुसार हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार सफदरजंग एनक्लेव थाने में कार्यरत हैं। 22 जनवरी की दोपहर 2 बजे इलाके में गश्त पर थे। इसी दौरान रोज गार्डन में कुछ लोगों ने उन्हें बताया कि झाड़ियों में दो लोग नशा कर रहे हैं। राजकुमार मौके पर पहुंचे और नशा कर रहे दो लोगों को पकड़कर पूछताछ करने लगे। गुस्साए आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया और उनकी कमर पर लगी सरकारी पिस्टल लूटकर उन पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली लगी नहीं। इसके बाद दोनों हेड कॉन्स्टेबल को धमकी देकर पिस्टल लेकर IIT की ओर फरार हो गए।

सूत्रों के अनुसार वारदात को अंजाम देने के बाद एक आरोपी जंगल की ओर भाग गया जबकि दूसरे ने भागते हुए एक बाइक सवार को सरकारी पिस्टल दिखाकर रोक लिया और बाइक सवार के सिर पर पिस्टल लगाकर उसे लेकर हौज खास की ओर चले गए। जाते-जाते बदमाश ने पीड़ित को धमकी भी दी कि अगर पीछे आया तो जान से मार देंगे। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।


**महानगर में आज**



**जश्न-ए-अदब**

इंडिया हैबिटेट सेंटर में जश्न-ए-अदब साहित्योत्सव, स्टाइन ऑडिटोरियम, लोदी रोड, शाम 7 बजे से। गणतंत्र दिवस के मौके पर जश्न-ए-अदब साहित्योत्सव फाउंडेशन की ओर से विशेष कवि सम्मेलन में आज सुरेंद्र शर्मा, अशोक चक्रधर, ओम निश्चल, गजेंद्र सोलंकी जैसे कवियों को सुना जा सकता है।

**सपनों की जगह**



इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'ड्रीम्स, प्लेसेज एंड द स्पेसेज इन बिटवीन अ सोलो फोटोग्राफी', विजुअल आर्ट्स गैलरी, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक। आर्टिस्ट गौतम मनोहर की इस एग्जिबिशन के साथ जिंदगी के कई आयाम तस्वीरों में नजर आएंगे।

**कलाकारा संग**

त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'विद हर हेयर रनिंग वाइल्ड', गैलेरिया नव्य, मंडी हाउस, सुबह 11 से शाम 8 बजे तक। कलाकारा सीमा कोहली की इस एग्जिबिशन संग कला प्रेमी कुछ मास्टरपीस निहार सकते हैं।

**कैमरे के लेंस से**

ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसायटी में 14वीं ऑल इंडिया फोटो एग्जिबिशन और 13वीं ऑल इंडिया डिजिटल आर्ट एग्जिबिशन, 1 रफी मार्ग, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

दिल्ली की खबरों के लिए टेलिग्राम पर फॉलो करें
t.me/NBTDilli

## सोसायटी के पास स्पीड ब्रेकर लगाने की रखी मांग

■ NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा : महागुन मायवुड्स सोसायटी के समीप मुख्य रोड पर स्पीड ब्रेकर न होने के कारण हादसे हो रहे हैं। आसपास स्कूल होने के कारण बच्चे और लोग पैदल गुजरते हैं ऐसे में तेज रफ्तार से गुजर रहे वाहनों से हादसे होने का डर बना रहता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने मुख्य रोड पर स्पीड ब्रेकर बनवाने के लिए मांग की है।

सोसायटी के निवासी अनिल वर्मा ने बताया कि इस एरिया में महागुन मायवुड्स, गौड़ सिटी 2 के कई एवेन्यू बने हुए हैं, जोकि मुख्य रोड से जोड़ते हैं। इसी जगह पर दो से तीन बड़े स्कूल हैं, जिसमें काफी संख्या में बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्रासिंग रिपब्लिक से गौड़ सिटी 2 को जोड़ने वाली मुख्य रोड पर वाहन चालक तेज गति में गाड़ी लेकर जाते हैं। ऐसे में कई बार गलत दिशा और तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसे हो चुके हैं। एक महिला की भी जान डंपर ने ली थी। ऐसे में बच्चों और लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गौड़ सिटी वन के एंट्रेंस गेट से गौड़ सिटी 14 एवेन्यू को जोड़ने वाली मुख्य रोड पर स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं। साथ ही ट्रैफिक पुलिस गलत दिशा में दौड़ रहे वाहन चालकों के खिलाफ तत्काल एक्शन ले।

# नेटवर्क में समस्या, फिर भी वसूला बिल, लगा जुर्माना

## उपभोक्ता अदालत ने एयरटेल को 'सेवा में कमी' का जिम्मेदार ठहराया

Prachi.Yadav@timesofindia.com


AI Image

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली की एक उपभोक्ता अदालत ने भारती एयरटेल को लो नेटवर्क कनेक्टिविटी की शिकायत का समाधान किए बिना कंज्यूमर से बिल वसूली कर उसे मानसिक कष्ट देने के लिए 'सेवा में कमी' का दोषी ठहराया और मुआवजे के तौर पर शिकायतकर्ता को 15 हजार रुपये देने का निर्देश दिया।


साउथ दिल्ली की डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेसल कमीशन में प्रेसिडेंट मोनिका ए श्रीवास्तव और मेंबर किरण कौशल के फोरम ने आदेश में कहा कि विपक्षी (भारती एयरटेल लिमिटेड) को शिकायतकर्ता की समस्याओं को हल न करने और फिर भी उसके लिए चार्ज करने के लिए 'सेवा में कमी' का दोषी पाया गया है। जिसमें परफॉर्मेंस की क्वालिटी, प्रकृति और तरीके में कमी या अपर्याप्तता शामिल है। इसलिए शिकायत मंजूर की जाती है और पीड़ित को मानसिक परेशानी और मुकदमेबाजी की लागत के लिए मुआवजे के तौर पर 15,000/- रुपये देने का निर्देश दिया जाता है।

फोरम ने एंड्रयूज गंज निवासी राजेश नेगी की शिकायत पर 20 जनवरी को यह आदेश पारित किया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, वह 13 साल से एयरटेल का कस्टमर है। पोस्ट पेड कनेक्शन के साथ मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। कई महीनों से लो नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे थे। कस्टमर केयर सेंटर से कई बार इसकी शिकायत भी की, लेकिन उसने समस्या हल किए बिना नंबर बंद कर दिया। इसके बाद, 3 हजार 800 रुपये का बिल लेट फीस के साथ वसूला।

लीगल नोटिस के जवाब में एयरटेल ने माना कि शिकायतकर्ता ने अपने घर के अंदर लो नेटवर्क कनेक्टिविटी की शिकायत की थी। दावा किया कि उसके वहां आउटडोर कनेक्टिविटी/नेटवर्क संतोषजनक मिला। यह भी कहा कि उसने समस्या को हल करने की पूरी कोशिश की। नजदीकी सेल साइट की रेंज भी बढ़ाई। हालांकि, उसने कभी इंडोर कवरेज की जांच नहीं की क्योंकि यह कई फैक्टर यानी कारकों पर निर्भर करता है। इस पर कंज्यूमर कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता को कनेक्शन देने से पहले एयरटेल को उन मल्टीपल फैक्टर की जांच करनी चाहिए थी जिसकी वजह से नेटवर्क कनेक्टिविटी में दिक्कत आ सकती थी।

## NH-9 पर कैंटर ने बाइक में मारी टक्कर, कारीगर की मौत

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के नैशनल हाइवे-9 पर देर रात बाइक को तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार वेल्डिंग कारीगर की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।


AI Image

जानकारी के मुताबिक, हसनपुर के गांव सिहाली निवासी दिल हसन और उसका भाई सैफ अली बाइक से रविवार की देर रात वापस घर को लौट रहे थे। जैसे ही वह बाइक NH-9 स्थित नए बाईपास स्थित कुचेसर चौपला पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे कैंटर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान चालक कैंटर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने पुलिस को सड़क हादसे की सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप सिंह सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे और एम्बुलेंस की मदद से दिल हसन और सैफ अली को सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दिल हसन की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, सैफ अली की गंभीर हालत देखकर डॉक्टरों ने मेरठ के लिए रेफर कर दिया।

## 4 दिन पहले खरीदी थी कार, पहिये निकालकर ले गए चोर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कालकाजी में चोर चार दिन पहले खरीदी गई कार के चारों पहिये निकालकर ले गए। सुबह जब कार मालिक बाहर निकले तो अपनी कार ईंटों पर खड़ी देखी।



पीड़ित की शिकायत पर गोविंदपुरी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोविंदपुरी निवासी नमनदीप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 जनवरी की रात 3 बजे कार को रोड किनारे खड़ी कर घर चले गए। सुबह जब वह आए तो कार ईंटों के सहारे खड़ी थी।

## बाड़े से 25 बकरियां चोरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कालिंदी कुंज इलाके में एक प्लॉट में बनाए गए बाड़े से चोर 25 बकरियां चोरी कर ले गए। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस को शिकायत में धर्मेंद्र ने बताया कि वह परिवार के साथ गोविंदपुरी में रहते हैं। उनकी मौसी सुनीता मदनपुर खादर में रहती हैं और बकरियां पालती हैं। 20 जनवरी को वह मौसी के घर आए थे। मौसी के पास करीब 40 बकरियां थीं। 21 जनवरी की रात करीब 2:30 बजे बकरियों की आवाज सुनकर उनकी आंख खुली तो बाड़े का दरवाजा खुला था। उनका मोबाइल भी गायब था। चेक किया तो बाड़े में 25 बकरियां कम थीं। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है।

# साउथ दिल्ली में अवैध निर्माण पर HC दिखा सख्त, MCD और DDA को जांच का टास्क

Prachi.Yadav@timesofindia.com




■ **नई दिल्ली :** हाई कोर्ट ने साउथ तमाम इलाकों में अवैध अतिक्रमण और निर्माण के आरोपों की जांच के लिए एमसीडी और डीडीए से लेकर दिल्ली पुलिस तक को टास्क दिया है। जामिया नगर के जोगाबाई गांव में अवैध निर्माण की जांच के लिए कोर्ट ने दो एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किए। एमसीडी, डीडीए और बीएसईएस को नोटिस जारी कर जनहित याचिका पर जवाब भी मांगा। कोर्ट ने छह कॉलोनियों और आसपास के इलाकों में अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर एमसीडी को सर्वे करने और अन्य अथॉरिटीज को कार्रवाई करने का टास्क दिया।

**जामिया नगर से लेकर छतरपुर तक अवैध अतिक्रमण के आरोप**

दोनों आदेश चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने दो अलग-अलग याचिकाओं पर पारित किए हैं। जामिया नगर से जुड़ी याचिका एकता फाउंडेशन की है, जो उसकी प्रेसिडेंट शबनम खान के जरिए दायर की गई। उन्होंने प्रॉपर्टी नंबर S-2/A-14, MCD वार्ड नंबर 189, गांव जोगाबाई, जामिया नगर, नई दिल्ली में 250 वर्ग गज की एक साइट पर अवैध निर्माण का आरोप लगाया और निर्माण कार्य को रोकने और अवैध निर्माण गिराने के निर्देश की मांग की। यह इलाका खसरा नंबर 519/258 में बताया गया है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट के सामने विवादित साइट की कुछ ताजा तस्वीरें भी पेश की। दूसरी ओर, एमसीडी ने कहा कि याचिका तथ्यों की जांच के बिना दायर की गई है, इसलिए इसे भारी जुर्माने के साथ खारिज किया जाना चाहिए।

विरोधाभासी दावों को देखते हुए कोर्ट ने वास्तविकता की जांच के लिए दो एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किए और उन्हें 31 जनवरी को विवादित परिसर की जांच करने और रिपोर्ट कोर्ट को देने का निर्देश दिया। संबंधित अधिकारियों को उस दौरान जांच दल के साथ रहने और पुलिस को सुरक्षा मुहैया कराने की जिम्मेदारी मिली है। अगली सुनवाई 25 फरवरी को होगी।

**6 इलाकों में अवैध निर्माण के आरोप**

दूसरी याचिका पवित सिंह की है। इसमें (1) सैदुल्लाजाब, पर्यावरण कॉम्प्लेक्स, (2)फ्रीडम फाइटर कॉलोनी, नेब सराय, (3) मैदान गढ़ी, (4) राजपुर, (5) छतरपुर, (6) लाडो सराय और (7) साउथ दिल्ली के आस-पास के इलाकों में मौजूद कुछ कथित अवैध निर्माण और अतिक्रमणों के संबंध में कार्रवाई के निर्देश की मांग की गई। मुख्य मांग अतिक्रमण हटाने को लेकर उठी। इस पर कोर्ट ने 21 जनवरी को आदेश पारित करते हुए कहा कि चूंकि याचिका में उठाया गया मुद्दा अलग-अलग इलाकों में मौजूद बहुत सारी प्रॉपर्टीज से जुड़ा है, इसलिए हमें यह सही लगता है कि याचिकाकर्ता को एमसीडी और डीडीए के स्पेशल टास्क फोर्स के संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने की इजाजत दी जाए।

# निवेश पर 200% मुनाफे का झांसा देकर ₹16 लाख का लगाया चूना

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली


AI Image

■ सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर पीड़ित को जाल में फंसाया

■ शुरुआत में मुनाफे की रकम निकालने दी

■ फर्जी ऐप पर लाखों का बैलेंस दिखा अकाउंट फ्रीज कर दिया

**शेयर बाजार** में निवेश पर 200 फीसदी तक मुनाफे का सपना दिखाकर साइबर ठगों ने संगम विहार निवासी एक व्यक्ति से करीब 16 लाख रुपये की ठगी कर ली। साउथ डिस्ट्रिक्ट की साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित संगम विहार निवासी रवि कौशिक ने बताया कि कुछ दिन पहले फेसबुक पर उन्हें निवेश पर 200 फीसदी मुनाफे का दावा करने वाला एक प्रमोशनल लिंक दिखाई दिया। लिंक पर क्लिक करते ही उन्हें एक वट्सऐप ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में करीब 160 सदस्य थे और एडमिन के तौर पर दिनेश ठक्कर और अनीता रिवेरा के नाम दिख रहे थे। पीड़ित के अनुसार ग्रुप में रोजाना शेयर मार्केट से जुड़ी भविष्यवाणियां, मुनाफे के स्क्रीनशॉट और बड़े निवेश की रसीदें पेस्ट की जाती थीं।

पीड़ित के अनुसार 3 फरवरी 2025 को ग्रुप एडमिन बताने वाली अनीता रिवेरा ने उन्हें वट्सऐप विडियो कॉल पर संपर्क किया। उसने निवेश पर गारंटीड रिटर्न का वादा करते हुए एक मोबाइल एप डाउनलोड करवाया और ऐप पर उनका ट्रेडिंग अकाउंट खोल दिया गया। पीड़ित ने शुरुआत में ऐप पर बताए गए अकाउंट में 49 हजार रुपये ट्रांसफर किए। एक हफ्ते में ऐप पर 50 हजार रुपये का मुनाफा दिखाया गया। जब उन्होंने रकम निकालने की कोशिश की तो पैसा उनके बैंक अकाउंट में आ गया। यहीं से ठगों ने उनका पूरा भरोसा जीत लिया। इसके बाद अनीता रिवेरा ने फोन कर आईपीओ में निवेश का प्रस्ताव दिया और 150 से 200 फीसदी मुनाफे का दावा किया। अलग-अलग किश्तों में रवि कौशिक से 16,29,019 रुपये कई बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए गए। कुछ ही दिनों में एक एप पर पीड़ित के अकाउंट में 78 लाख रुपये का बैलेंस दिखने लगा। जब उन्होंने यह रकम निकालने की कोशिश की तो ठगों ने कहा कि रकम निकालने के लिए पहले 20 फीसदी कमीशन जमा करना होगा। पीड़ित ने बैलेंस से ही कमीशन काटने की बात कही, लेकिन उन पर और पैसे डालने का दबाव बना उन्हें ब्लॉक कर दिया गया। पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP4 User: cci Time: 01-26-2026 21:59 Color:



# गणतंत्र के जश्न ने भरा जोश



## कर्तव्य पथ पर ड्रोन की दहाड़, ब्रह्मोस की झलक



Abhishek.Gautam1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दिल्ली की ठंडी हवा में कर्तव्य पथ पर सुबह कुछ अलग ही गर्माहट थी। तिरंगा पूरे शान से लहरा रहा था और देशभक्ति का रंग हर चेहरे पर साफ झलक रहा था। जैसे ही परेड की पहली टुकड़ी ने कदमताल शुरू की, हर कदम के साथ आत्मनिर्भर भारत की ताकत, अनुशासन और आत्मविश्वास जमीन पर उतरता चला गया। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग और युवा, हर कोई इस ऐतिहासिक पल को अपने मोबाइल कैमरे में कैद करने में जुट गया। तालियों की गड़गड़ाहट और 'वंदे मातरम्' की गूंज ने पूरे माहौल को जोश से भर दिया। हर जुबान पर एक ही नारा भारत माता की जय था।




### बग्घी से पहुंचीं राष्ट्रपति

गणतंत्र दिवस समारोह शुरू होते ही वो ऐतिहासिक बग्घी भी नजर आई जिसमें सवार होकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू यूरोपियन यूरोपियन कमिशन की प्रेजिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ समारोह स्थल पर पहुंचीं। उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र से सम्मानित किया।

### इंडिया गेट पर छुट्टी मनाने उमड़ी लोगों की भीड़

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गणतंत्र दिवस पर भारी संख्या में लोग छुट्टी सेलिब्रेट करने इंडिया गेट पहुंच गए। चलते ट्रैफिक के बीच से सड़क पार करने की वजह से इंडिया गेट सर्कल पर ट्रैफिक की रफ्तार रुक गई। इससे वहां ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति बन गई। हालांकि ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इंडिया गेट पहुंचे लोग लगातार चलते ट्रैफिक के बीच से सड़क पार करते रहे, जिस वजह से ट्रैफिक की रफ्तार धीमी पड़ी। भारी संख्या में लोग कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। दोपहर 12:30 बजे जैसे ही समारोह खत्म हुआ, लोग कर्तव्य पथ से निकलकर इंडिया गेट पहुंचने लगे। समारोह खत्म होने के बाद आम लोग भी बड़ी संख्या में अपने घरों से निकलकर इंडिया गेट छुट्टी सेलिब्रेट करने पहुंचे।

**देर शाम तक इंडिया गेट सर्कल पर रही जाम की स्थिति**



### सफल भारत दुनिया को और सुरक्षित बनाता है: उर्सुला

■ पीटीआई, नई दिल्ली

27 देशों के यूरोपीय यूनियन (EU) के दो शीर्ष नेताओं एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने सोमवार को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। उर्सुला ने कहा, सफल भारत दुनिया को अधिक स्थिर, समृद्ध और सुरक्षित बनाता है। यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष कोस्टा और यूरोपियन कमिशन की प्रेजिडेंट उर्सुला ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भव्य परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखा। कोस्टा और उर्सुला मंगलवार को पीएम मोदी के साथ शिखर वार्ता करेंगे। गणतंत्र दिवस परेड में यूरोपीय यूनियन की एक छोटी सैन्य टुकड़ी ने भी हिस्सा लिया। समारोह के बाद उर्सुला ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'समारोह में मुख्य अतिथि होना मेरे लिए जीवन भर का सम्मान है।'

**EU के दो शीर्ष नेता समारोह में मुख्य अतिथि रहे**

स्पीकिंग ट्री NBT धर्म कर्म

**2 फरवरी से शुरू होकर 22 जुलाई तक होंगी शादियां**

# शुरू हो रहे बैंड, बाजा, बरात के शुभ मुहूर्त

Hemlata.Bhardwaj
@timesofindia.com



AI Image

दो फरवरी को शुक्र के उदय के साथ ही एक बार फिर बैंड, बाजा, बरात का सीजन शुरू हो जाएगा। यूं तो हर साल 15 जनवरी को धनुर्मास खत्म होते ही शादियों के मुहूर्त शुरू हो जाते हैं, लेकिन इस बार शुक्र ग्रह अस्त होने के कारण जनवरी में शादी के लिए मुहूर्त नहीं हैं। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि शादी-विवाह के लिए दो ग्रहों गुरु और शुक्र का प्रबल और उदय होना जरूरी है, ऐसे में 11 दिसंबर से अस्त हुए शुक्र के कारण शादियां अब तक रुकी हुई थीं।

### गुरु-शुक्र का प्रबल होना जरूरी

एस्ट्रोलॉजर, आध्यात्मिक गुरु और लाइफ कोच नंदिता पांडेय बताती हैं, शुक्र विवाह के कारक होते हैं और फिलहाल शुक्र अस्त हैं, इसलिए इस समय में विवाह-शादी निषेध हैं। गुरु और शुक्र दोनों ही ग्रह विवाह, सुख-संपन्नता और मांगलिक कार्यों के कारक ग्रह माने गए हैं। शास्त्रों के मुताबिक विवाह में गुरु ग्रह का भी उदय होना जरूरी है। विवाह का दिन और लग्न तय करते समय वर एवं वधु की जन्म पत्रिका अनुसार सूर्य, चंद्र और गुरु की गोचर स्थिति का ध्यान रखना अति आवश्यक होता है।

### 2 फरवरी से शुरू होंगे मुहूर्त

अखिल भारतीय ज्योतिष परिषद के महासचिव आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा बताते हैं, 2 फरवरी को शुक्र उदय हो रहे हैं। इसके अगले दिन 3 फरवरी से शुभ विवाह मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। इस बार जुलाई तक शादियों के कई शुभ मुहूर्त हैं। सिर्फ 19 मार्च यानी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से 26 मार्च तक मुहूर्त नहीं हैं। वहीं 17 मई से 15 जून तक ज्येष्ठ अधिक मास के दौरान भी किसी तरह के शुभ कार्य नहीं हो सकेंगे।

आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा बताते हैं, 23 जुलाई आषाढ़ शुक्ल भड़ली नवमी से कार्तिक शुक्ल एकादशी 20 नवंबर तक देवशयन काल रहेगा। इसमें विवाह आदि मंगलकार्य नहीं होंगे।


नंदिता पांडेय


कृष्ण दत्त शर्मा

### ये रहेंगे विवाह के मुहूर्त

**फरवरी :** 3, 4, 5, 10, 13, 15, 19, 21
**मार्च :** 6, 9, 10, 11, 12
**अप्रैल :** 20, 21, 25, 26, 29, 30
**मई :** 5, 6, 7, 8, 9, 10, 13
**जून :** 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29
**जुलाई :** 1, 6, 7, 11, 22



AI Image


### अबूझ साए

अबूझ साए उन दिनों को कहते हैं, जो स्वयं में इतने शुभ होते हैं कि उन दिनों पर शादी-विवाह के लिए अलग से मुहूर्त निकालने की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन 2026 में शुक्र और गुरु ग्रहों की स्थिति के कारण कुछ अबूझ मुहूर्त भी मांगलिक कार्यों के लिए वर्जित रहेंगे, जबकि भड़ली नवमी और देवउठनी एकादशी जैसे दिन बेहद शुभ रहेंगे।

**फुलेरा दूज:** 19 फरवरी 2026
**अक्षय तृतीया:** 19 अप्रैल 2026
**भड़ली नवमी:** 22 जुलाई 2026 (विवाह के लिए बेहद शुभ)
**देवउठनी एकादशी:** 20 नवंबर 2026 (4 महीने के बाद शुभ कार्यों की शुरुआत)



### ई-मेल करें मंदिर वाली सेल्फी



अनिल गर्ग ने तिरुपति बालाजी मंदिर, तिरुपति से भेजी ये फोटो


**ऐसे भेजें अपनी सेल्फी**

**nbtreader@timesofindia.com** पर अपने और शहर/गांव के नाम के साथ वट्सऐप करें। मंदिर के बारे में भी जरूर लिखें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम अगले अंक में छापेंगे। सब्जेक्ट में लिखें- **Dharma Karma Selfie**

## प्राण एक, बुद्धि एक और मन भी एक ही है



सत्संग
डॉ. सुरक्षित गोस्वामी
योग गुरु



AI Image

ब्रह्मांड में व्याप्त प्राण संपूर्ण सृष्टि को गति प्रदान करता है और वही प्राण सभी जीवों का संचालन करता है। वास्तव में मूल प्राण एक ही है, किंतु शरीर में कार्य के अनुसार इसके पांच प्रमुख रूप माने गए हैं–प्राण, अपान, समान, उदान और व्यान। इसी प्रकार 'महत्' अर्थात ब्रह्मांडीय बुद्धि भी मूलतः एक ही है।

**बुद्धि को प्राण की तरह वास्तविक रूप में विभाजित नहीं कर सकते**

बुद्धि को प्राण की तरह वास्तविक रूप में विभाजित नहीं किया जा सकता, परंतु मनुष्यों में उसके प्रयोग के आधार पर वह कई रूपों में दिखाई देती है।

जैसे पृथ्वी एक है, लेकिन मनुष्य ने उसे देशों और सीमाओं में बांट दिया, वैसे ही बुद्धि भी मूलतः एक होते हुए अनेक प्रकार की प्रतीत होती है। गीता में बुद्धि के अनेक रूपों का उल्लेख मिलता है।

अक्सर यह माना जाता है कि मुक्ति के लिए बुद्धि का नाश आवश्यक है, परंतु बुद्धि का नाश संभव नहीं, क्योंकि वह प्रकृति का तत्व है। गुरु-ज्ञान के माध्यम से बुद्धि निश्चयात्मिका बनती है और अंततः परमात्मविषयक होकर केवल ईश्वर-चिंतन में लीन हो जाती है।

ज्ञानयोग द्वारा बुद्धि सूक्ष्म, शुद्ध और विवेकयुक्त बनती है। वही बुद्धि, जो पहले संसार में उलझाती थी, आत्मसाक्षात्कार का साधन बन जाती है। जैसे चेहरे को देखने के लिए दर्पण आवश्यक है, वैसे ही आत्मा के साक्षात्कार के लिए विवेक की आवश्यकता होती है। मन भी अनेक प्रतीत होता है, परंतु ब्रह्मांडीय मन एक ही है। श्रीकृष्ण कहते हैं–"मन्मनाभव", अर्थात मन को मुझमें स्थिर करो। इससे मन का बिखराव समाप्त होता है और वह बुद्धि में, फिर आत्मा में लीन हो जाता है। यही स्थिति मुक्ति है। इस प्रकार कॉस्मिक प्राण, कॉस्मिक बुद्धि और कॉस्मिक मन–तीनों एक ही ब्रह्म के स्वरूप हैं।

**ऐसे भेजें अपने सवाल**

आपके भी मन में है धर्म-कर्म से संबंधित कोई सवाल, कोई उलझन, जिसका चाहते हैं जवाब तो हमें **nbtreader@timesofindia.com** पर लिखकर भेजें। अपने नाम, शहर/गांव का भी जिक्र करें। सब्जेक्ट में 'Dharma Karma' लिखें।

### सप्ताह के व्रत और त्योहार


डॉ. अश्विनी शास्त्री

**(27 जनवरी से 2 फरवरी 2026 तक)**

*इस सप्ताह के बारे में विशेष: वर्तमान सप्ताह का शुभारंभ माघ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि, भरणी नक्षत्र और शुक्ल योग के साथ हो रहा है। यह शुक्ल पक्ष इसी सप्ताह 1 फरवरी, रविवार को माघ पूर्णिमा वाले दिन समाप्त हो जाएगा और अगले दिन यानी 2 फरवरी, सोमवार से फाल्गुन मास का कृष्ण पक्ष आरंभ हो जाएगा। इस सप्ताह जया एकादशी, भीष्म एकादशी, भीष्म द्वादशी, प्रदोष व्रत, माघ पूर्णिमा, गुरु प्रतिपदा आदि का आयोजन किया जाएगा।*

## शास्त्रों में माघ महीने की बताई महिमा, इसे माना गया 'देवमास'

■ **जया एकादशी व्रत** (29 जनवरी, गुरुवार)




माघ के महीने में शुक्ल पक्ष की एकादशी अर्थात् 11वीं तिथि को जया एकादशी का व्रत रखने का विधान शास्त्रों में बताया गया है। वैसे तो भारतीय संस्कृति में सभी 24 एकादशियों को अमोघ फल देने वाला बताया गया है, किंतु जया एकादशी को दुख, दरिद्रता और कष्टमुक्ति के लिए विशेष रूप से प्रभावी माना गया है। ऐसा विश्वास है कि इस दिन व्रत रखने वाले को कभी भी भूत, पिशाच आदि की योनि प्राप्त नहीं होती। इस दिन पूरे विधि विधान से भगवान नारायण की पूजा करनी चाहिए। इस व्रत में केवल फलाहार करने और अन्न त्याग करने का विधान है।



■ **भीष्म एकादशी** (29 जनवरी, गुरुवार)
माघ महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को भीष्म एकादशी का व्रत रखा जाता है। यह प्रमुख रूप से दक्षिण भारत के राज्यों में रखा जाता है। उत्तर भारत में यह व्रत शांतनु और गंगा के पुत्र भीष्म को समर्पित है।

■ **भीष्म द्वादशी** (30 जनवरी, शुक्रवार)
माघ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी के ठीक दूसरे दिन भीष्म द्वादशी मनाई जाती है। इसे गोविंद द्वादशी भी कहते हैं। ऐसा कहा गया है कि इस दिन रखा जाने वाला व्रत सभी बीमारियों को मिटाता है और व्रती को योग्य संतान की प्राप्ति होती है। भीष्म द्वादशी के दिन षोडशोपचार विधि से भगवान लक्ष्मीनारायण की पूजा करनी चाहिए।

■ **गुरु प्रतिपदा** (2 फरवरी, सोमवार)
गुरु प्रतिपदा वाले दिन भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा का स्मरण और सम्मान किया जाता है। यह दिन केवल एक तिथि नहीं, बल्कि उस भाव का उत्सव है जिसमें गुरु को जीवन का प्रकाशस्तंभ माना गया है। भारतीय दर्शन में कहा गया है कि 'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः' अर्थात गुरु ही सृष्टि, पालन और संहार के प्रतीक हैं।



■ **माघ पूर्णिमा** (1 फरवरी, रविवार)
माघ पूर्णिमा हिंदू पंचांग के अनुसार एक पावन पर्व है। इस दिन को आध्यात्मिक चेतना, आत्मशुद्धि और दान-पुण्य के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। शास्त्रों में माघ मास को "देवमास" कहा गया है। इसकी पूर्णिमा इस मास की साधना का शिखर मानी जाती है। माघ पूर्णिमा का सबसे बड़ा आकर्षण है पवित्र नदियों में स्नान करना व दान देना।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP5 User: atul.kumar1 Time: 01-26-2026 22:59 Color:



# राष्ट्रपति भवन में रिसेप्शन, बिखरी नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों की अठरंगी छटा


ग्रैंड वेलकम: गुलाबी ठंड के बीच खिली गुनगुनी धूप में अमृत उद्यान के सेंट्रल गार्डन में कार्यक्रम, राष्ट्रपति मुर्मु के आगमन से औपचारिक शुरुआत।

■ आशीष पांडे, नई दिल्ली

गणतंत्र के जश्न के लिए वह एक खूबसूरत दोपहर थी। जनवरी की गुलाबी ठंड के बीच खिली गुनगुनी धूप, बारिश के बाद निखरा दिल्ली का साफ आसमान और राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान का सेंट्रल गार्डन, सब कुछ अद्भुत था। गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'एट होम' रिसेप्शन की रौनक को इस बार की थीम ने और बढ़ा दिया था, जो पूरी तरह पूर्वोत्तर भारत पर केंद्रित थी।

पूर्वोत्तर की 'अष्टलक्ष्मी' की झलक न सिर्फ आमंत्रण पत्र पर अंकित थी, बल्कि प्रवेश करते ही मेहमानों को पहनाए जा रहे खास पटकों पर भी गर्व से चमक रही थी। अमृत उद्यान में कदम रखते ही पूर्वोत्तर की समृद्ध टेक्सटाइल और बुनकर परंपराओं के साथ पॉटरी और बांस शिल्प से की गई कलात्मक सजावट को देखा जा सकता था। मेहमानों के लिए लगाई गई मेजों पर भी अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा की हस्तशिल्प कला के अनूठे नमूने सजाए गए थे। राष्ट्रपति भवन के द्वार से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के रास्ते पर नॉर्थ-ईस्ट राज्यों के कलाकार मेहमानों का स्वागत कर रहे थे। अलग-अलग राज्यों के लोकनृत्य भी देखे जा सकते थे। अरुणाचल का रिखंपदा और अजी लहमू, असम का बिहू और दाओसरी देलाई, मणिपुर का बसंत रास और ढोल चोलम, मेघालय का वाड चो क्वा, मिजोरम का चेरो, नगालैंड का नर्नांता, सिक्किम का कुंग स्युआंग ग्ये और त्रिपुरा का होजागिरी नृत्य... ये नाम पढ़ने में आपको जटिल लग सकते हैं, लेकिन कलाकारों का सरल और स्नेहपूर्ण भाव हर किसी का मन मोह रहा था।

**हाई-टी के मेन्यू में भी था पूर्वोत्तर के स्वाद का कमाल**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। यहां न केवल राजनीतिक हस्तियां और राजनयिक मौजूद थे, बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकार और समाज के लिए योगदान देने वाले अनेक कार्यकर्ता भी आमंत्रित थे। लद्दाख, महाराष्ट्र और राजस्थान से आए कुछ कलाकार राजदूतों की कतार के बीच खड़े राष्ट्रपति का इंतजार कर रहे थे, लेकिन भीड़ के बीच भी जब राष्ट्रपति की नजरों ने उन्हें ढूंढकर उनका अभिवादन किया, तो उनकी आंखें खुशी से चमक उठीं।

हाई-टी का मेन्यू भी पूर्वोत्तर के स्वाद का कमाल दिखा रहा था। धुम्का सूप के साथ वेज मोमो, चने के आटे के पैनकेक (जिन्हें मणिपुर में पकनम कहा जाता है), मणिपुर और मिजोरम के केले के पकौड़े 'लाफू थारो बोरा', और मेघालय के राइस केक 'पुमालोई' जैसे रोचक व्यंजनों ने राष्ट्रपति भवन में पूरी दुनिया के सामने भारत की 'विविधता में एकता' को बहुत ही प्रभावी अंदाज में प्रस्तुत किया। सिंगापुर की एक महिला राजनयिक तो इन व्यंजनों की प्रशंसा करते नहीं थक रही थीं।

इस शानदार शाम में समां बांधा एक विशेष बैंड ने, जिसमें पूर्वोत्तर के आठों राज्यों के कलाकार शामिल थे। वे अपने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ अनूठी जुगलबंदी करते हुए लोक संगीत का जादू बिखेर रहे थे, जो इस गणतंत्र उत्सव की स्मृतियों में हमेशा के लिए बस गया।

## राहुल-खरगे को पिछली सीट, कांग्रेस ने जताया कड़ा विरोध

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


Social Media
गणतंत्र दिवस परेड के दौरान राहुल और खरगे पीछे की सीट पर दिखे।

कर्तव्य पथ पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पिछली लाइन में बैठाए जाने पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई। पार्टी ने इसे विपक्षी नेताओं का अपमान बताया। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने कांग्रेस सरकार के समय की फोटो शेयर की। तस्वीर में बीजेपी नेता लालकृष्ण आडवाणी, अरुण जेटली और सुषमा स्वराज को पहली पंक्ति में बैठे हुए दिखाया गया है। तिवारी ने लिखा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं को सम्मानपूर्वक अगली पंक्ति में जगह मिली। कहा कि आज लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे को तीसरी पंक्ति में बैठाया गया। उन्होंने कहा कि सब याद रखा जाएगा। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने इसे सरकार की हीन भावना और कुंठा का परिचायक बताया।

**सुरजेवाला ने कहा, ये सरकार की हीन भावना और कुंठा को दिखाता है**

**2024 में भी हुआ विवाद**

2024 के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी राहुल गांधी को 5वीं पंक्ति में बैठाया गया था, जिस पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई थी। पार्टी ने इसे प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताया था।

## राहुल के पटका न पहनने पर BJP-कांग्रेस आमने-सामने

■ पीटीआई, गुवाहाटी


Social Media
राष्ट्रपति भवन में कार्यक्रम, मणिपुर के पारंपरिक स्कार्फ को लेकर विवाद।

असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी के पारंपरिक पटका पहनने से कथित तौर पर इनकार करने को लेकर बिना शर्त माफी की मांग की। पटका, मणिपुर का पारंपरिक 'स्कार्फ' है।

सरमा ने कहा, 'समय बदल सकता है, लेकिन राहुल गांधी का रवैया अफसोसजनक रूप से अपरिवर्तित नजर आ रहा है... राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से लेकर विदेशी गणमान्य व्यक्तियों तक, सभी ने सम्मान और गर्व के साथ पटका पहना। केवल राहुल गांधी ने ही इससे दूरी बनाई।'


इसके बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट कर जवाब दिया। उन्होंने एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दिख रहे हैं। उन्होंने भी पटका नहीं पहना है।

**राहुल के पटका न पहनने पर सवाल के बाद खेड़ा ने राजनाथ की फोटो शेयर की, जिसमें वे भी पटका नहीं पहने नजर आ रहे हैं।**

खेड़ा ने सवाल किया, क्या हिमंत, राजनाथ सिंह से भी माफी की मांग करेंगे? कांग्रेस नेता अलका लांबा ने एक्स पर कहा कि हिमंत के मुताबिक राजनाथ सिंह को इस्तीफा दे देना चाहिए।

## कोश्यारी को पद्म भूषण पर घमासान

■ पीटीआई, मुंबई: विपक्षी पार्टियों ने महाराष्ट्र के पूर्व गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण देने के फैसले को महाराष्ट्र का अपमान बताया। शिवसेना (UBT) नेता संजय राउत ने सोमवार को कहा, कोश्यारी ने उद्धव के नेतृत्व वाली सरकार को गिराकर राज्य में लोकतंत्र और संविधान की हत्या की थी। कांग्रेस नेताओं हर्षवर्धन सपकाल और वर्षा गायकवाड़ ने भी इस फैसले की आलोचना की।



भगत सिंह कोश्यारी

## कच्छ में फहराया दुनिया का सबसे बड़ा खादी का तिरंगा



■ NBT रिपोर्ट: गणतंत्र दिवस पर सोमवार को गुजरात के कच्छ में खादी से बना दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा फहराया गया। इस तिरंगे को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए तैयार किया था। 225 फुट लंबे, 150 फुट चौड़े इस तिरंगे का वजन करीब 1400 किलोग्राम है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार रहे।



## केदारनाथ धाम में फहराया तिरंगा




■ NBT रिपोर्ट, देहरादून: केदारनाथ में 4 फुट से ऊंची बर्फ के बीच सोमवार को पुलिस और ITBP के जवानों ने तिरंगा फहराया गया। न्यूनतम तापमान -16 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया।

AMITY UNIVERSITY SUMMER SCHOOL 2026
2-WEEK RESIDENTIAL PROGRAM FOR CLASS IX, X, XI, XII & 2026 XII PASSING OUT STUDENTS
THIS SUMMER, DISCOVER FUTURE UNDERGRADUATE PROGRAMMES AND CAREER PATHWAYS
MAKE AN INFORMED CHOICE
20th Batch commencing from 1st-12th June '26
LIMITED SEATS AVAILABLE
Attend lectures by Amity University faculty in your preferred discipline
Gain practical experience at 400+ hi-tech labs and learning studios
Attend leadership and communication skill enhancement workshops
Experience university campus life at the 85 acre campus
CHOOSE FROM 30+ COURSES INCLUDING:
• Computer Science • Artificial Intelligence
• Biotechnology • Forensic Science
• Marketing & Sales • Accounting & Finance
• Psychology • Data Science • Film & Drama
• Law • Architecture & Interior Design
JOIN OVER 4,000 STUDENTS FROM 900+ SCHOOLS WHO HAVE ALREADY PARTICIPATED

To apply, visit www.amity.edu/summerschool or scan the QR code
Amity University, Sec. 125, Noida (New Delhi NCR) | Helpline: 70-422-92131 / 70-422-92134

राष्ट्रीय कैडेट कोर
प्रधानमंत्री एनसीसी रैली
28 जनवरी 2026
करिअप्पा परेड ग्राउंड, दिल्ली छावनी
"राष्ट्र प्रथम, कर्तव्यनिष्ठ युवा"


"एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना का संचार करता है। अतः मैं युवाओं से आग्रह करता हूं कि वे बड़ी संख्या में एनसीसी से जुड़ें।"
– माननीय प्रधानमंत्री
वर्ष 2025 की प्रमुख उपलब्धियाँ
75,000 से अधिक एनसीसी कैडेट्स ने ऑपरेशन सिंदूर में सहभागिता की।
एनसीसी दल ने माउंट एवरेस्ट (8,849 मीटर) पर सफल चढ़ाई की (जिसमें 5 बालक एवं 5 बालिका कैडेट्स शामिल थे)।
राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वय से 94,400 युवा आपदा मित्र कैडेट्स को 28 राज्यों के 315 जिलों में प्रशिक्षित किया जा रहा है; इसके अंतर्गत 14,268 कैडेट्स को प्रशिक्षित किया जा चुका है।
एनसीसी का विस्तार 17 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कैडेट्स तक किया गया, जिनमें 40 प्रतिशत बालिका कैडेट्स शामिल हैं।
8.5 लाख कैडेट्स ने प्रशिक्षण शिविरों में भाग लिया, जिनमें 9 विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर तथा 33 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' शिविर शामिल हैं।
लगभग 1,318 कैडेट्स ने साइक्लिंग, प्रवाल पुनर्स्थापन, पदयात्रा एवं नौकायन अभियानों (जिसके अंतर्गत अंडमान-निकोबार एवं लक्षद्वीप में लगभग 1,818 किलोमीटर की दूरी तय की गई) में भाग लिया।
लगभग 13,000 कैडेट्स ने मैराथन, पदयात्रा, जल-जागरूकता अभियानों एवं साइक्लिंग अभियानों में भाग लिया, जिसमें पुणे से दिल्ली, रांची से दिल्ली तथा गुवाहाटी से जोरहाट तक कुल 3,302 किलोमीटर की दूरी शामिल है।
लगभग 50,000 कैडेट्स ने पर्वतारोहण, ट्रैकिंग, व्हाइट वॉटर राफ्टिंग, पैरा जंप्स, पैरासेलिंग, स्कूबा डाइविंग एवं अन्य साहसिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों एवं शिविरों में भाग लिया।
पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत 560 टन प्लास्टिक कचरा एकत्र किया गया, जिसमें से 390 टन का पुनर्चक्रण किया गया।
'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत 8 लाख पौधे लगाए गए, जिसमें 4.5 लाख कैडेट्स ने सहभागिता की।
राष्ट्रीय अभियानों में सहभागिता
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस - 8.7 लाख कैडेट्स
विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद क्विज - 4.5 लाख कैडेट्स
साइबर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान - 14,200 कैडेट्स
वंदे मातरम् स्मरणोत्सव - 6 लाख कैडेट्स
स्वच्छोत्सव (राष्ट्रव्यापी समारोह) - 2,094 स्वच्छता लक्ष्य इकाइयाँ
संविधान दिवस - 4 लाख कैडेट्स ने संविधान की प्रस्तावना पर शपथ एवं विशेष सभाओं में सहभागिता की।



www.nccindia.gov.in @NationalCadetCorpsIndia @HQ_DG_NCC @nccindiaofficial @Nccindiaofficial
कार्यक्रम
सीधा प्रसारण : डी डी नेशनल/डीडी न्यूज पर 1530 बजे
सीधा रेडियो प्रसारण: एफएम रेनबो 102.6 मेगाहर्ट्ज पर 1530 बजे
CBC10110/13/0002/2526

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP6 User: cci Time: 01-26-2026 21:23 Color:






राष्ट्रों के बीच मैत्री संबंध पारस्परिक सम्मान और विश्वास पर ही स्थापित हो सकते हैं -*महात्मा गांधी*

# दुनिया की नज़र

यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन का यह कथन कि समृद्ध भारत दुनिया को अधिक स्थिर, समृद्ध और सुरक्षित बनाता है - केवल कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं है। यह आज की वैश्विक परिस्थितियों की सच्चाई है, जिसमें भारत की बढ़ती भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के गणतंत्र दिवस समारोह का हिस्सा बनने के बाद उन्होंने यह मेसेज दिया, ऐसे में इसका महत्व और बढ़ जाता है।

**बढ़ता भरोसा** । पहली बार यूरोपीय संघ के दो वरिष्ठ नेता 26 जनवरी का हिस्सा बने हैं। भारत और EU के बीच आज उच्चस्तरीय सम्मेलन होने जा रहा है और दोनों तरफ से मुक्त व्यापार समझौते को लेकर सकारात्मक संकेत मिले हैं। यह सब भारत-EU संबंधों की गहराई और एक-दूसरे पर बढ़ते भरोसे को दर्शाता है।



भारत-EU शिखर सम्मेलन

**स्थिरता में भूमिका** । यूरोप को आज अगर अपनी मुश्किलों का हल भारत में दिख रहा है, तो इसकी वाजिब वजहें हैं। हकीकत तो यह है कि कई और देश, जो महाशक्तियों के आपसी संघर्ष से दूर रहकर ऐसी व्यवस्था चाहते हैं, जिसमें उनके भी हितों का ख्याल रखा जाए - उनके लिए भी भारत एक उम्मीद है। कोरोना के बाद जब चीन प्लस वन की बात चल रही थी, तब भारत की बढ़ती भूमिका को सभी ने स्वीकार किया। आईफोन की सफलता ने दिखाया कि देश के पास वह क्षमता है, जिसकी ग्लोबल सप्लाई चेन को जरूरत है।

**संतुलन की जरूरत** । भारत ने इसी तरह की वैश्विक जिम्मेदारी तब भी दिखाई, जब रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से ग्लोबल ऑयल सप्लाई अत्यधिक दबाव में थी। भारत ने ऐसे कई मौकों पर अपनी भूमिका के जरिये संतुलन स्थापित करने में मदद की है। डॉनल्ड ट्रंप की नीतियों और चीन की आक्रामकता की वजह से फिर उसी संतुलन की जरूरत है।

**कई क्षेत्रों पर असर** । भारत और EU के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता केवल आयात-निर्यात तक सीमित नहीं है। इसमें व्यापार के अलावा स्ट्रैटिजिक और टेक्निकल कोऑपरेशन, सुरक्षा, ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों पर भी फोकस होगा। यूरोप के लिए भारत एक बड़ा बाजार और भरोसेमंद साझेदार है, जो बात-बात पर टैरिफ की धमकी नहीं देता। वहीं, नई दिल्ली के लिए EU रास्ता है टेक्नॉलजी और इनोवेशन का।

**सभी को फायदा** । दोनों के बीच वर्कफोर्स को लेकर भी एक समझौता हो सकता है, जिससे यूरोप को काम करने वाले मिलेंगे और स्किल्ड भारतीयों को नौकरी। इससे अमेरिका के दरवाजे बंद होने से जो दबाव बढ़ा है, वह कम होगा। आज जब संरक्षणवादी नीतियों का बोलबाला है, तब भारत और यूरोप मिलकर नई राह दिखा सकते हैं। दोनों के सहयोग का फायदा दुनिया को मिलेगा।

## ऐवें कुछ भी

# अपन भीड़ में ठीक

इधर एक पेंग्विन चर्चा में है। एक जर्मन फिल्म मेकर वर्नर हर्जोग ने 2007 में डॉक्यूमेंट्री बनाई थी। अंटार्कटिका में एक पेंग्विन अपनी बिरादरी को छोड़कर उल्टा पहाड़ों की तरफ अकेले चली जा रही है। पूरी फैमिली समंदर में, ये भाई साब/बहन जी पहाड़ों की तरफ। जहां कोई नहीं। उसे कई बार वापस लाया गया लेकिन जैसे ही छोड़ा गया उसकी पदयात्रा उसी अकेलेपन की तरफ शुरू।



आलोक सिंह भदौरिया

ऐसे ही एक और सज्जन हैं अमेरिका के क्रिस्टोफर थॉमस नाइट। भाई साब 1986 में कार लेकर निकले। जहां टंकी खाली हुई कार छोड़कर जंगल में कूद गए। वहां 27 साल रहे, लोगों से छिपकर। गुजारे के लिए खाली घरों में छोटी-मोटी चोरी करते रहे। कानून के हाथ लंबे होते हैं। 2013 में पकड़े गए। 20 साल की उम्र में वनवास शुरू किया था 47 के होकर निकले। 27 साल में केवल एक बार एक दूसरे इंसान से Hi बोले थे। पकड़े गए तो पूछा गया वापस आकर कैसा लगा? बोले, इंसानों की आवाज, शोर, भीड़ बर्दाश्त नहीं हो रही।

एक और फोटो वायरल हो रही है, मनाली की। किलोमीटरों लंबी लाइन है कारों की। चारों तरफ बर्फ है, जाम लगा है। फोटो के ऊपर लिखा है, सब आ गए न मनाली, कोई रह तो नहीं गया दिल्ली में? अंटार्कटिका की पेंग्विन और अमेरिका के क्रिस्टोफर अगर भारत में होते तो क्या करते? यहां खुले में शौच से लेकर सुलभ शौचालय तक में लाइन लगानी पड़ती है। जंगल में तेंदुए, भालू, बाघ कूद-कूदकर बाहर आ रहे हैं। इनसे मुलाकात होती तो बताते कि भइया वापस चलो जंगल में अब प्राइवेसी नहीं रह गई।




जंगल इतने कटे हैं कि साधु-संत तक एकांतवास नहीं कर पा रहे। बहुतों ने इसी उम्मीद में यूट्यूब चैनल खोल लिए चलो कम से कम डिजिटल जंगल में सन्नाटा मिलेगा। लेकिन यहां भी सब्सक्राइबर्स और व्यूज की माया पीछा नहीं छोड़ रही। लगता तो नहीं इस देश में अब कहीं एकांत बचा है। वैसे ज्यादा एकांत में चले जाओ तो लुटने का डर बढ़ जाता है। अपन तो भीड़ में ही ठीक हैं।

## बोल वचन

दिलीप लाल

# चीले की गर्मी

चने, मूंग आदि के आटे के घोल को तवे पर फैलाकर बनाया जाने वाला नाश्ता 'चीला' आम जनजीवन का हिस्सा है। शादी-समारोह में चीला-चटनी तो एक कॉन्सेप्ट डिश है। इसे चिल्ला भी कहते हैं।



AI Image

एक मुहावरा है- चिल्ले का जाड़ा, यानी कड़ी सर्दी जो 40 दिनों तक रहती है। बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड में इसे चिलरा, चिकवा या चितांव के नाम से भी जानते हैं। यहां गेहूं या चने के आटे में नमक, प्याज, हरी मिर्च और देसी मसाले मिलाकर तवे पर सेंका जाता है। छत्तीसगढ़ में यह 'चिला' है। गुजरात में यही व्यंजन 'पुडा' कहलाता है, जबकि महाराष्ट्र में इसके सरल रूप 'धावन' और 'थालीपीठ' के रूप में मिलते हैं। दक्षिण भारत में चावल या दाल के घोल से बना डोसा और उत्तपम इसी का परिष्कृत रूप है। अंग्रेजी में इसे Indian Savory Pancake या Chickpea Flour Pancake कहकर काम चला सकते हैं। इस व्यंजन की शुरुआत कहां से हुई, इसका कोई प्रमाण नहीं मिलता। लेकिन, माना जाता है कि इसका जन्म भारतीय किसान और श्रमिक समाज की उस जरूरत से हुआ, जहां कम समय और सीमित साधन में भरपूर ऊर्जा चाहिए थी।

---

### उच्च शैक्षणिक संस्थानों में समानता के लिए जारी नई गाइडलाइंस को लेकर सामान्य वर्ग आशंकित

# UGC से यह गुस्सा सामान्य नहीं

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग** (UGC) की जनवरी में जारी गाइडलाइन के खिलाफ देशभर के छात्रों और शिक्षाविदों के एक बड़े तबके में भारी रोष दिख रहा है। Promotion of Equity in Higher Education Institutions Regulations, 2026 को लेकर सामान्य वर्ग आशंकित है। उसका कहना है कि यह गाइडलाइन निष्पक्ष नहीं और इसके जरिए सामान्य वर्ग के छात्रों का उत्पीड़न हो सकता है।



उमेश चतुर्वेदी

**विवाद इसलिए** । नए नियमों में 'जातिगत भेदभाव' का मतलब केवल एससी, एसटी और ओबीसी के खिलाफ भेदभाव को बताया गया है। विरोध करने वालों का कहना है कि यह परिभाषा एकतरफा है, इसमें सामान्य वर्ग के खिलाफ भेदभाव या झूठी शिकायतों का कोई जिक्र नहीं है।

**विस्तृत व्याख्या** । इस मामले में चल रहे विवादों पर बात करने से पहले नए नियमों को समझना जरूरी है। इन नियमों में भेदभाव को पूरी तरह गलत और पक्षपाती व्यवहार माना गया है। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष ही नहीं, जाति, धर्म, नस्ल, लिंग, जन्मस्थान या विकलांगता के आधार पर भेदभाव भी गलत है। नियम यह भी कहते हैं कि शिक्षा में समानता रोकने वाला या किसी की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला हर काम अनुचित माना जाएगा।

**समानता के लिए समिति** । गाइडलाइंस के तहत हर उच्च शिक्षण संस्थान में समान अवसर केंद्र (EOC) बनाना अनिवार्य होगा। इस केंद्र का काम होगा संस्थान में बराबरी, सामाजिक समावेशन और सभी को समान अवसर देना। साथ ही, कैंपस में भेदभाव से जुड़ी शिकायतों का समाधान करना भी इसकी जिम्मेदारी होगी। हर संस्थान में EOC के तहत एक समता समिति बनानी होगी। इसका अध्यक्ष संस्थान का प्रमुख होगा। समिति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग और महिला का प्रतिनिधित्व जरूरी होगा।



**निष्पक्षता पर संशय** । सामान्य वर्ग को आशंका है कि जिस तरह से एससी-एसटी एक्ट के गलत इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट तक टिप्पणी कर चुका है, वैसे ही UGC की गाइडलाइंस का भी दुरुपयोग हो सकता है। आलोचकों का मानना है कि समता समितियां शायद ही निष्पक्ष रह पाएं। उन्हें जो शक्तियां दी जा रही हैं, उनका सामान्य वर्ग के छात्रों के खिलाफ इस्तेमाल हो सकता है। गलत शिकायत पर सजा का प्रावधान भी नहीं है।




**विरोध की वजह**
- नियमों में सामान्य वर्ग के साथ भेदभाव का जिक्र नहीं
- झूठी शिकायत के बाद भी सजा का प्रावधान नहीं है
- SC-ST एक्ट के दुरुपयोग के कुछ मामलों से चिंता

**सामाजिक विभाजन का डर** । सामान्य वर्ग के एक बड़े तबके को लगता है कि नए नियम सुधार के बजाय शैक्षणिक परिसरों में जातिवाद को बढ़ावा देंगे और इससे सामाजिक विभाजन को बढ़ावा मिलेगा। इन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उनकी फंडिंग रोकी जा सकती है, उनका डिग्री देने का अधिकार छीना जा सकता है और गंभीर उल्लंघन की स्थिति में मान्यता भी रद्द की जा सकती है।

**राजनीतिक फैक्टर** । UGC का कहना है कि नए नियम साल 2012 के उसके भेदभाव-विरोधी ढांचे की व्यवस्था को ही मजबूत करते हैं। उसका तर्क है कि उच्च शिक्षा में जातिगत भेदभाव की शिकायतों में 2019 की तुलना में 2023 में 118.4% की वृद्धि हो चुकी है। हकीकत यह भी है कि यह निर्णय हैदराबाद विश्वविद्यालय में रोहित वेमुला की आत्महत्या की 10वीं बरसी और सर्वोच्च न्यायालय के 2025 के निर्देश के बाद आया है। रोहित वेमुला केस को लेकर उस वक्त देश के तमाम केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कैंपस का राजनीतिक तापमान बढ़ गया था। विपक्ष ने इस मामले को BJP के खिलाफ राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया था। तब सामान्य वर्ग के स्टूडेंट्स ने BJP का साथ दिया था।

**बढ़ता असंतोष** । एससी-एसटी उत्पीड़न के कानून को चाहे जितना भी समानता लाने वाला माना जाता हो, लेकिन जिस तरह उसके फर्जी इस्तेमाल की घटनाएं बढ़ी हैं, उससे सामान्य वर्ग इसका विरोधी हो गया है। सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के बावजूद नौकरियों और पढ़ाई में आरक्षण की व्यवस्था को लेकर क्षोभ व असंतोष अब भी व्याप्त है। UGC के नए नियमों ने उसी असंतोष को बढ़ा दिया है।

**चुनावों पर असर** । सामान्य वर्ग इस नियम के कितना खिलाफ है, इसे समझने के लिए सोशल मीडिया को देखना होगा, जहां #UGCRollback ट्रेंड करता रहा। करणी सेना सहित कुछ संगठन भी इस नियम के विरोध में उतर आए हैं। समाज के भीतर ही भीतर गुस्से की लहर है। इसका असर आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल और असम के चुनावों में दिख सकता है। BJP की ओर से इस विवाद को थामने की कोशिश अभी नहीं दिख रही। हालांकि, उसके सांसद निशिकांत दुबे प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सामान्य वर्ग के छात्रों को कोई नुकसान न होने का आश्वासन दिया है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

---

## कांटे की बात

हमारा मानना है कि भारत और चीन के लिए अच्छे पड़ोसी, दोस्त और पार्टनर्स बने रहना ही एक बेहतर विकल्प है। हमें उम्मीद है कि दोनों देश अच्छे और स्थिर संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक-दूसरे का सहयोग करेंगे।



-शी चिनफिंग
*चीन के राष्ट्रपति*

## AI की दुनिया

# नए मशीनी वर्कर, ऑफिस का हर काम कर देंगे

*इलॉन मस्क की AI कंपनी xAI का एक प्रॉजेक्ट इन दिनों चर्चा में है। xAI के पूर्व इंजीनियर सुलेमान घोरी ने एक पॉडकास्ट में बताया कि कंपनी 'ह्यूमन एमुलेटर' नाम का ऐसा AI सिस्टम बना रही है, जो वर्चुअल दुनिया में इंसानों की तरह काम करता है।*



AI Image

**मैनेजर खा रहे धोखा**

**ह्यूमन एमुलेटर** किसी भी सामान्य सॉफ्टवेयर पर इंसानों की तरह काम कर सकता है - ईमेल लिखना, फाइलें देखना, डेटा मैनेज करना, सबकुछ। घोरी का दावा है कि ये AI वर्कर इतने असली लगते हैं कि कई बार xAI के मैनेजर तक धोखा खा जाते हैं। कई बार पता ही नहीं चलता कि काम करने वाला इंसान नहीं, AI है।

**माइक्रोसॉफ्ट से होड़**

**कंपनी में** इन 'मशीनी वर्कर्स' को टीम का हिस्सा माना जाता है और कुछ को तो इंटरनल ड्यूटी चार्ट में स्टाफ की तरह शामिल किया गया है। यह प्रॉजेक्ट सीधे मस्क की निगरानी में चल रहा है। उनका लक्ष्य माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस जैसे Word, Excel और Outlook का AI आधारित विकल्प तैयार करना है, जिसे मजाकिया तौर पर 'Macrohard' नाम दिया गया है। *-प्रदीप तिवारी*

## जनता जंक्शन

इरफान





---

# जिनकी आवाज़ में दुनिया ने हिंदुस्तान देखा

## रियर व्यू मिरर


न्यूजरूम में कोई फुसफुसाते स्वर में कहता, 'मार्क साहब आ गए', और सभी की निगाहें कांच के उस दरवाजे की ओर उठ जातीं, जहां से वह लहीम-शहीम शख्स दाखिल होता। हममें से कुछ लोग उठकर उनकी अगवानी के लिए जाते और वह सबसे मुस्कुराकर हाथ मिलाते और बताते कि अपना प्रोग्राम रिकॉर्ड करवाने बीबीसी स्टूडियो आए हैं।



राजेश जोशी

कोई इस बात को कहता नहीं था, लेकिन भीतर से सब महसूस करते कि हम हिंदुस्तान के आधुनिक इतिहास की सबसे सटीक गवाही देने वाले रिपोर्टर को देख रहे हैं। वह रिपोर्टर जिसने इस मुल्क के सुख और ढेर सारे दुखों - युद्ध, क्रूरता, दंगे, फौजी बूटों की धमक, आतंकवाद, नरसंहार, इमरजेंसी, बाबरी मस्जिद का ढहाया जाना - को बहुत करीब से देखा और टीवी-इंटरनेट युग से पहले पूरी दुनिया को बताया कि आजाद भारत किस हाल में है।

'दिल्ली से मार्क टली का डिस्पैच' - रेडियो पर लगभग हर दिन सुना गया यह वाक्य सत्तर और अस्सी की पीढ़ी के लिए देश व दुनिया को समझने का जंतर-सा बन गया था। इस वाक्य के बाद मार्क साहब अपनी शांत-ठहरी आवाज और नपे-तुले शब्दों के जरिए भारतीय राजनीति और समाज के पेचीदा पहलुओं को ऐसी साधारण पर गहरी भाषा में समझाते, जिसे बहुजन आसानी से समझ जाएं। उन्होंने भारत में रहते हुए जो नजर विकसित की, उसी ने उनकी आवाज को दूर-दराज गांवों की अंतिम झोपड़ी तक मकबूलियत दिलवाई। आज भी आपको ऐसे लोग मिल जाएंगे, जिनके लिए बीबीसी का मतलब मार्क टली है।



इमरजेंसी में जब सरकार ने उन्हें भारत से बाहर निकाला तो उन्होंने देश छोड़ना कबूल किया, लेकिन इंदिरा गांधी की सेंसरशिप के सामने अपनी आवाज का झुकना मंजूर नहीं किया। दिसंबर 1992 में अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहाने आई हमलावर भीड़ ने उनकी लगभग लिंचिंग कर दी थी क्योंकि उन्होंने रिपोर्टिंग की मूल मर्यादा - सच को पूरी ईमानदारी के साथ सामने रखना - पर आंच नहीं आने दी थी। पत्रकारिता के लिए उन्होंने सरकार और हत्यारी भीड़ का ही सामना नहीं किया, खुद बीबीसी के कॉरपोरेट-प्रतिष्ठान से भी लोहा लिया और आखिरकार 1994 में इस्तीफा दे दिया।

जब लाइक्स, सब्सक्राइब और शेयर का बुखार चढ़ने लगा तो बीबीसी ने 2011 में हिंदी रेडियो को बंद करने की घोषणा कर दी। मैंने ब्रिटिश सरकार के नाम एक अपील लिखी और विक्रम सेठ, अरुंधति रॉय आदि के साथ मार्क टली को भी फोन करके पूछा कि क्या आप इस अपील पर दस्तखत करेंगे? उन्होंने बिना हिचकिचाए इजाजत दे दी। लंदन से निकलने वाले अखबार 'द इंडिपेंडेंट' ने मार्क टली की फोटो के साथ उस अपील को छापा। बीबीसी हिंदी रेडियो को तब बचाया जा सका।

मार्क टली सही मायनों में आजाद पत्रकारिता के 'धुरंधर' रहे। चाटुकारिता की बजाए पत्रकारिता चुनने वाले नई पीढ़ी के रिपोर्टरों को वह हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

*(लेखक आजाद पत्रकार हैं। वह बीबीसी हिंदी रेडियो के अंतिम संपादक रहे)*

---

# हालात से संघर्ष नहीं, स्वीकार करने की सीख देती है प्रकृति

स्वामी अवधेशानंद गिरि

**प्रकृति स्वयं** में एक मौन गुरु है, जो बिना शब्दों के मनुष्य को शांति, संतुलन और सहअस्तित्व की शिक्षा देती है। उसके हर नियम में जीवन के लिए गहरा संदेश निहित है। प्रकृति न तो हड़बड़ी करती है, न ही किसी से प्रतिस्पर्धा, फिर भी उसका प्रत्येक कार्य पूर्णता और नियमितता के साथ संपन्न होता है। यही उसका सबसे बड़ा शांति-संदेश है।

प्रकृति का पहला नियम है संतुलन। दिन और रात, गर्मी और सर्दी, वर्षा और सूखा - सब एक निश्चित अनुपात में आते हैं। यदि यह संतुलन बिगड़ जाए, तो जीवन संकट में पड़ जाता है। मनुष्य के जीवन में भी जब इच्छाएं, भावनाएं और व्यवहार संतुलन में रहते हैं, तभी मानसिक शांति संभव होती है। अति हर स्थिति में अशांति को जन्म देती है। प्रकृति हमें यह सीख बार-बार देती है।

प्रकृति का दूसरा नियम है स्वीकार्यता। नदी चट्टानों से टकराती है, फिर भी रुकती नहीं, वह मार्ग बदल लेती है। वृक्ष आंधी में झुक जाते हैं, टूटते नहीं। जो व्यक्ति जीवन की परिस्थितियों को स्वीकार कर लेता है, उसके भीतर तनाव और असंतोष अपने आप कम हो जाता है।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

प्रकृति का तीसरा नियम है मौन और धैर्य। बीज धरती में चुपचाप पड़ा रहता है, समय आने पर ही अंकुरित होता है। फल पकने में समय लेता है, जबरदस्ती नहीं। यह हमें सिखाता है कि हर परिणाम का अपना समय है। अधैर्य और उतावलेपन से मन अशांत होता है, जबकि धैर्य आत्मिक शांति प्रदान करता है। जंगल में असंख्य जीव रहते हैं, फिर भी एक-दूसरे के लिए स्थान बना रहता है। जब मनुष्य भी प्रकृति के नियम को स्वीकार करता है, तभी संघर्ष कम होता है।

प्रकृति यह सिखाती है कि शांति बाहर नहीं, भीतर से उपजती है। जैसे प्रकृति अपने नियमों का पालन करती है, वैसे ही यदि मनुष्य भी संयम, संतुलन और स्वीकार्यता को जीवन का आधार बना ले, तो व्यक्तिगत ही नहीं, सामाजिक शांति भी संभव है। प्रकृति का शांत प्रवाह हमें यही सिखाता है- सरल रहो, संतुलित रहो और सहज रहो।

*प्रस्तुति : सुभाष चन्द्र शर्मा*

---

# उत्तराखंड में BJP को अपनों से चुनौती

पूनम पाण्डे

**उत्तराखंड में** विधानसभा चुनाव अगले साल की शुरुआत में होने हैं। उससे पहले BJP के सामने विपक्ष से ज्यादा अपने ही चुनौती पैदा कर रहे हैं। पार्टी के अंदर खेमेबाजी साफ दिख रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विरोधी खेमे के लोग बार-बार चर्चा छेड़ रहे हैं कि चुनाव से पहले सीएम बदले जा सकते हैं, जबकि धामी के करीबी बता रहे हैं कि किस तरह पार्टी के सीनियर नेता उनके काम से खुश हैं।

### अंकिता भंडारी केस का असर

उत्तराखंड में कुछ वक्त पहले अंकिता भंडारी मर्डर केस को लेकर राज्य भर में विरोध दिखा। BJP के भीतर भी इसे लेकर सवाल उठने लगे। सीधा निशाना मुख्यमंत्री पर भी साधा गया। कई दिनों तक विरोध-प्रदर्शन और सोशल मीडिया में आउटरेज के बाद सीबीआई जांच के आदेश दिए गए। मामला फिलहाल शांत होता दिख रहा है, लेकिन महिला सुरक्षा का मुद्दा किसी भी चुनाव में अहम रोल निभाता है और कानून-व्यवस्था का असर भी चुनावी नतीजों पर दिखता है।

विशुद्ध राजनीति
कसौटी

BJP को चुनौती सिर्फ विरोधियों से नहीं, पार्टी के भीतर की गुटबाजी से भी मिलती दिख रही है। गदरपुर से पार्टी विधायक और पूर्व मंत्री अरविंद पाण्डे कई मौकों पर सरकार को घेर चुके हैं। कुछ दिनों पहले किसान आत्महत्या के मुद्दे पर उन्होंने शासन-प्रशासन को आड़े हाथों लिया था। इसके बाद अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए प्रशासन ने उनके एक ऑफिस को ढहाने का नोटिस भी दिया।



माघ खिचड़ी के आयोजन के बहाने अरविंद पाण्डे के घर पर BJP के कई नेताओं के जुटने की प्लानिंग थी। लेकिन, दिल्ली से पार्टी के सीनियर नेताओं के दखल के बाद इस कार्यक्रम को रद्द किया गया। इसमें पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, एक पूर्व मुख्यमंत्री और एक कद्दावर सांसद के भी जाने की बात थी।

उत्तराखंड में पिछले विधानसभा चुनाव में BJP ने लगातार दूसरी जीत हासिल की थी। इसके पहले तक हर चुनाव में सत्ता बदलती रही थी। अब पार्टी हैट्रिक बनाने की कोशिश कर रही है, पर पहले अपने भीतर की गुटबाजी से निपटना होगा। राज्य में लंबे वक्त से 5 मंत्री पद खाली हैं। उत्तराखंड की विधानसभा के साइज के हिसाब से वहां मुख्यमंत्री और साथ में 10 मंत्री हो सकते हैं। लेकिन, राज्य में 3 मंत्री पद कभी नहीं भरे और कुछ वक्त पहले 2 और मंत्री पद खाली हो गए। इन विभागों को सीएम ने अपने पास रख लिया। BJP के भीतर इसे लेकर भी विरोध दिखता रहा है।

### 'ऑपरेशन कालनेमि' पर जोर

हालांकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी BJP की राजनीतिक लाइन को आगे बढ़ा रहे हैं। वह कई काम करने का दावा तो कर ही रहे हैं, साथ ही यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने वाला उत्तराखंड BJP शासित दूसरे राज्यों के लिए मॉडल का काम कर रहा है। हरिद्वार के कुंभ क्षेत्र में गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित करने का मामला चल ही रहा है। सीएम धामी राज्य में लैंड जिहाद, लव जिहाद और थूक जिहाद जैसी मानसिकताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की बात करते रहे हैं। कुछ महीने पहले उन्होंने कहा था कि 'ऑपरेशन कालनेमि' के माध्यम से उन लोगों और समूहों की पहचान व गिरफ्तारी की गई है, जो सनातन हिंदू धर्म को बदनाम करने की कोशिश कर रहे थे।

---

## रीडर्स मेल

### भारत की नीति सही

24 जनवरी के संपादकीय 'दूरी ही अच्छी' में अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की प्रस्तावित नीतियों और भारत के लिए उनसे जुड़ी चुनौतियों को स्पष्ट रूप से सामने रखा गया है। ट्रंप की विदेश नीति व्यक्तिकेंद्रित रही है। ऐसे में 'बोर्ड ऑफ पीस' जैसी पहल शांति से अधिक हस्तक्षेप का माध्यम बन सकती है। भारत की कूटनीति हमेशा संतुलन, बहुपक्षवाद और राष्ट्रीय हितों पर आधारित रही है। भारत जैसे जिम्मेदार और स्वतंत्र विदेश नीति वाले देश के लिए ट्रंप की नीति से दूरी बनाए रखना ही हितकर होगा।

**धीरज शर्मा, नोएडा**

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP7 User: cci Time: 01-26-2026 23:08 Color:



## फटाफट खबरें

### पतंग 'लूट' रहे दो बच्चे ट्रेन से कटे

■ भाषा, चंडीगढ़ : चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में रेल पटरियों पर पतंग 'लूट' रहे 10 और 13 साल के दो लड़कों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। लड़कों का समूह कटी पतंग को पकड़ रहा था और वे अंबाला से जालंधर जा रही ट्रेन नहीं देख सके। घटना रविवार की है।

### बंगाल के गोदाम में आग, सात की मौत

■ पीटीआई, कोलकाता: पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में सोमवार तड़के 2 गोदामों में लगी आग में 7 लोगों की मौत हो गई। बुझाने में दमकल की 12 गाड़ियों को 7 घंटे मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने बताया कि फंसे लोगों के परिवारों के मुताबिक यह संख्या 10 से अधिक हो सकती है।

### प्रेशर बम फटे, 11 सुरक्षाकर्मी घायल

■ भाषा, रायपुर : छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में माओवादियों के लगाए प्रेशर बमों में हुए विस्फोट से 11 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि रविवार को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान कर्रेगुट्टा पहाड़ियों के जंगल में धमाके हुए। घायलों में 10 राज्य पुलिस की इकाई जिला रिजर्व गार्ड (DRG) के हैं, एक CRPF का जवान है।

### लैंडमाइन फटने से जवान घायल

■ पीटीआई, जम्मू : जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लाइन ऑफ कंट्रोल (LOC) के पास लैंडमाइन फटने से सेना का एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को जब सैनिक केरी में एक फॉरवर्ड एरिया में गश्त कर रहे थे, तभी लैंडमाइन फट गई।

### रजिस्ट्री से प्रतिवादी पर सवाल नहीं : SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की कि रजिस्ट्री किसी याचिकाकर्ता के इस फैसले पर सवाल नहीं उठा सकती या आपत्ति नहीं कर सकती कि वह किसी विशेष पक्ष को प्रतिवादी के रूप में शामिल करे। कोर्ट ने 23 जनवरी के आदेश में यह टिप्पणी की।

### मणिपुर : घरों में लगाई गई आग

■ भाषा, इम्फाल : मणिपुर के कांगपोकपी जिले में संदिग्ध उग्रवादियों ने सोमवार दोपहर कई घरों और फार्महाउसों में आग लगा दी। जिससे राज्य के पहाड़ी इलाकों में तनाव फैल गया। पुलिस के अनुसार, यह घटना कुकी बहुल जिले के सोंगलुंग गांव में हुई। असम राइफल्स समेत सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए थे।

### जासूसी का शक, युवक हिरासत में

■ भाषा, जैसलमेर : सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के शक में राजस्थान के जैसलमेर से एक युवक को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बताया गया कि वह सीमावर्ती इलाके में ई-मित्र केंद्र संचालित कर रहा था और कथित तौर पर पाकिस्तानी महिला हैंडलर के संपर्क में था।

### 'आजादी की रक्षा SC का मकसद'

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने कहा है कि शीर्ष अदालत की स्थापना सरकार के ऐसे फैसलों को सही ठहराने के लिए नहीं हुई है, जिनसे लोगों की आजादी छीनी जाए या मानवाधिकारों का उल्लंघन हो। गोवा में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि SC का मकसद व्यक्तिगत स्वतंत्रता, मानवाधिकारों की रक्षा करना है।

### दीपम विवाद अब सुप्रीम कोर्ट में

■ पीटीआई, नई दिल्ली: तमिलनाडु के थिरुप्परनकुंड्रम पहाड़ी पर दीपम जलाने की अनुमति देने वाले मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता राम रविकुमार ने कहा है कि हाई कोर्ट ने ASI और पुलिस की अनुमति को अनिवार्य बनाकर मंदिर के अधिकारों को कमजोर किया है।

# 2050 तक 2 डिग्री बढ़ेगा पारा, आधी आबादी होगी परेशानः स्टडी




■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

15-20 साल पहले जितनी ठंड पड़ती थी, अब उतनी नहीं पड़ती है ऐसी कई रिपोर्ट आपने भी पढ़ी ही होंगी। अब भविष्य की तस्वीर दिखाने वाली ऑक्सफर्ड की एक स्टडी सामने आई है। दावा किया गया है कि 2050 तक गर्मी से धरती की आधी आबादी परेशान होगी। भारत, नाइजीरिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान और फिलिपिंस पर बढ़ते तापमान का ज्यादा असर होगा। 2050 तक वैश्विक तापमान 2 डिग्री से ज्यादा होगा। रिपोर्ट के अनुसार, पैरिस एग्रीमेंट का लक्ष्य दुनिया के तापमान को 1.5 डिग्री बढ़ने से रोकना है, लेकिन अब ऐसा होना लगभग नामुमकिन हो चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, 2010 में दुनिया की 23% आबादी अत्यधिक गर्मी की मार झेल रही थी। अगले दशक यह बढ़कर 41% हो गई है।

### दोगुना होगा तापमान

2006 से 16 के दौरान ग्लोबल औसत तापमान प्री-इंडस्ट्रियल स्तर की तुलना में एक डिग्री बढ़ा था। स्टडी के अनुसार, एक डिग्री की तुलना में 2050 तक ब्रिटेन, स्वीडन, फिनलैंड में पारा 150% सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इस तुलना में नॉर्वे में 200% और आयरलैंड में 230% तक तापमान की बढ़ोतरी होगी। रिपोर्ट के अनुसार, ठंडे देशों में तापमान बढ़ने का पूरी दुनिया के हर सेक्टर पर काफी ज्यादा गंभीर असर हो सकता है।

**200%** तक नॉर्वे में पारा बढ़ेगा

**230%** तक आयरलैंड में तापमान बढ़ सकता है

### 1.5 डिग्री से ज्यादा तापमान पर असर




इंजिनियरिंग साइंस के असोसिएट प्रोफेसर डॉ. जीसस लिजाना ने कहा कि इस स्टडी में पता चलता है कि ठंड और गर्मी में अधिकतर बदलाव 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा तक पहुंचने से पहले ही हो जाते हैं। इसके लिए महत्वपूर्ण उपायों को शुरू में ही लागू करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगले 5 साल में कई घरों में एसी की जरूरत हो सकती है, लेकिन यदि वैश्विक तापमान वृद्धि 2 डिग्री पर पहुंचा तो हालात बिगड़ सकते हैं। स्मिथ स्कूल ऑफ एंटरप्राइज एंड द एनवायरमेंट की असोसिएट प्रोफेसर डॉ. राधिका खोसला ने बताया कि 2050 तक कार्बन उत्सर्जन को नेट जीरो का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भवन निर्माण क्षेत्र को कार्बनमुक्त करना होगा। 1.5 डिग्री से अधिक तापमान वृद्धि का शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर रहन सहन और कृषि तक हर चीज पर प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट के अनुसार, अत्यधिक गर्मी में कूलिंग के लिए बिजली की मांग बढ़ेगी और कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ जाएगा।

# उत्तराखंड में आज मनेगा UCC दिवस

## देहरादून में होगा कार्यक्रम, सीएम धामी लेंगे हिस्सा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

उत्तराखंड में मंगलवार को समान नागरिक संहिता (UCC) दिवस मनाया जाएगा। राज्य में 27 जनवरी 2025 को समान नागरिक संहिता लागू हुई थी। सरकार का कहना है कि आयोजन केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और न्याय के उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम राजधानी देहरादून में होगा, जिसमें सीएम पुष्कर सिंह धामी और वरिष्ठ अधिकारी भी हिस्सा लेंगे। धामी ने कहा है कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना, जिसने UCC को लागू किया है और अब दूसरे राज्य भी इसे देख रहे हैं। बीजेपी के प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने कहा कि कई अन्य राज्य भी अब समान नागरिक संहिता लागू करने की योजना बना रहे हैं। उत्तराखंड में लागू यह कानून पूरे देश के लिए नजीर बनेगा और समानता और न्याय के मूल्यों को मजबूत करेगा। यूसीसी दिवस मनाने की पहल राज्य में समान अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।




### समानता बढ़ाना UCC का मकसद

सरकार का कहना है कि नागरिक मामलों में समानता, निष्पक्षता और बेहतर शासन को बढ़ावा देने के मकसद के साथ यह शुरुआत की गई है। सरकार इस उपलब्धि को जनता तक पहुंचाने के लिए कई कार्यक्रम कर रही है। यह पहल न केवल राज्य के लिए गौरव की बात है बल्कि देश के लिए एक उदाहरण है।

### एक साल में 4.7 लाख शादियां रजिस्टर्ड

राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार, यूसीसी लागू होने के एक साल के अंदर ही 4.74 लाख से ज्यादा शादियों का पंजीकरण हो चुका है। यूसीसी से पहले अनिवार्य विवाह पंजीकरण अधिनियम 2010 के तहत शादियां रजिस्टर होती थीं। उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी लागू करने की प्रक्रिया के तहत मई 2022 में उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति बनाई, जिसने 2.33 लाख सुझावों और 43 बैठकों के बाद डिटेल रिपोर्ट तैयार की। उस पर आधारित विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत किया गया और वहां से पारित होने के बाद इस कानून को लागू किया गया।

### बदलावों को गवर्नर से मिली मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (UCC) को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने इसमें संशोधन किया है। एक साल पूरा होने से पहले सरकार के लाए गए UCC में संशोधन अध्यादेश को राज्यपाल ने स्वीकृति दे दी है। इस स्वीकृति के साथ ही UCC का संशोधन अध्यादेश प्रदेश में लागू हो गया है। संशोधन अध्यादेश के माध्यम से संहिता के विभिन्न प्रावधानों में सुधार किए गए हैं, जिससे समान नागरिक संहिता के प्रभावी, पारदर्शी और सुचारु क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जा सके।

#### ये हैं बदलाव

■ आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 के स्थान पर अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 तथा दंडात्मक प्रावधानों के लिए भारतीय न्याय संहिता, 2023 को लागू किया गया है। धारा 12 के तहत सचिव के स्थान पर अपर सचिव सक्षम प्राधिकारी नामित किया।

■ उप-पंजीयक से निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही न होने पर मामले को खुद पंजीयक और पंजीयक जनरल को भेजने का प्रावधान।

■ उप-पंजीयक पर लगाए गए दंड के विरुद्ध अपील का अधिकार देकर दंड की वसूली भू-राजस्व की तरह किए जाने का प्रावधान जोड़ा गया है।



CM पुष्कर धामी

■ विवाह के समय पहचान से संबंधित गलत प्रस्तुति को विवाह निरस्तीकरण का आधार बनाया गया है।

■ विवाह और लिव-इन संबंधों में बल, दबाव, धोखाधड़ी या कानून के खिलाफ किए जाने वाले काम के लिए सख्त दंड।

■ लिव-इन संबंध की समाप्ति पर प्रमाण पत्र जारी करने का प्रावधान किया गया है।

■ अनुसूची-2 में 'विधवा' शब्द की जगह 'जीवनसाथी' जोड़ा गया है।

■ विवाह, तलाक, लिव-इन संबंध और उत्तराधिकार से संबंधित पंजीकरण को रद्द करने की शक्ति पंजीयक जनरल को प्रदान की गई है।

# 'अपनी लेम्बोर्गिनी लेकर जाइए, पार्क कीजिए और कम्युनिटी सर्विस करिए'

Lamborghini

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com



AI image

■ यह टिप्पणी करते हुए हाई कोर्ट ने तेज रफ्तार से कार चलाने वाले के खिलाफ दर्ज FIR की जांच पर लगाई रोक

■ नई दिल्ली : कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐसे शख्स के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले पर रोक लगा दी, जिस पर बेंगलुरु के ट्रैफिक में लेम्बोर्गिनी को कथित रूप से लापरवाही से चलाने का आरोप था। घटना के विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। कोर्ट ने यह आदेश तब दिया, जब चालक के वकील ने बताया कि आपराधिक मामला दर्ज होने से एक महीने पहले ही उसने इस घटना के लिए 5,500 रुपये का जुर्माना अदा कर दिया था और कम्युनिटी सर्विस करने के लिए भी तैयार है। इस पर जस्टिस ने कहा कि अपनी लेम्बोर्गिनी ले जाइए, पार्क कीजिए, सामुदायिक सेवा कीजिए। हाई कोर्ट में बताया गया कि घटना दिसंबर 2025 की है। सोशल मीडिया पर कार के तेज रफ्तार से ट्रैफिक में दौड़ने का विडियो हाल ही में वायरल हुआ तो करीब डेढ़ महीने बाद मामला दर्ज किया गया। चालक के वकील ने कोर्ट के सवालों के जवाब में कहा कि उनका मुवक्किल सामुदायिक सेवा करने के लिए तैयार है। वकील ने आगे कहा कि आपराधिक मामला एक महीने की देरी से दर्ज किया गया, क्योंकि यह एक महंगी गाड़ी से जुड़ा था, जिसने सोशल मीडिया पर सबका ध्यान खींचा। हाई कोर्ट ने टिप्पणी की कि सिर्फ जुर्माना भरना कम है। BNSS के तहत, हम आपसे सामुदायिक सेवा करने को कहेंगे। कोर्ट ने 6 फरवरी को आपराधिक मामला रद्द करने की याचिका पर अगली सुनवाई तक चालक को अंतरिम राहत दे दी।

# आज से बंगाल दौरे पर नितिन नवीन

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : बीजेपी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन मंगलवार से दो दिन के पश्चिम बंगाल दौरे पर रहेंगे। वे मंगलवार और बुधवार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर और आसनसोल जाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन पहली बार पश्चिम बंगाल जा रहे हैं। पहले दौरे के लिए उन्होंने बंगाल की उन जगहों को चुना है, जहां ज्यादातर वोटर गैर-बंगाली हैं। दुर्गापुर और आसनसोल में बड़ी संख्या में गैर बंगाली वोटर हैं। ऐसे वोटर्स बड़ी संख्या में हैं, जो मूल रूप से बिहार के हैं। बिहार से आने वाले नितिन नवीन के इस दौरे की पूरी तैयारियां की गई हैं। यहां वे अलग-अलग इलाकों में कार्यक्रमों में शामिल होंगे और संगठन की बैठक भी करेंगे। पार्टी के सीनियर नेताओं और कार्यकर्ताओं की भी मीटिंग लेंगे। बीजेपी को उम्मीद है कि नितिन नवीन के दौरे से बिहार मूल के वोटर्स तक अच्छा मैसेज जाएगा साथ ही कार्यकर्ता भी ज्यादा सक्रिय होंगे। ये दोनों इलाके पश्चिम बर्दमान में आते हैं।



■ उन इलाकों पर फोकस रहेगा, जहां गैर-बंगाली वोटर ज्यादा

■ दुर्गापुर, आसनसोल में बिहार के वोटर्स की संख्या ज्यादा

### कभी BJP यहां थी मजबूत

बीजेपी एक वक्त में यहां मजबूत थी लेकिन फिर कमजोर पड़ गई। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने बर्दमान-दुर्गापुर और आसनसोल ये दोनों सीटें जीती थी, लेकिन 2024 में दोनों सीटें तृणमूल कांग्रेस के खाते में चली गई। तृणमूल कांग्रेस के बर्दमान-दुर्गापुर से सांसद कीर्ति आजाद और आसनसोल से सांसद शत्रुघ्न सिन्हा दोनों बिहार से हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव में पश्चिम बर्दवान की 9 में से 6 सीटें तृणमूल कांग्रेस ने जीती थी। बीजेपी की नजर इन 9 सीटों पर है, जहां बिहार मूल के वोटर्स जीत-हार तय कर सकते हैं। राज्य में अगले कुछ महीनों में चुनाव होने हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 77 सीटें जीती थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी का प्रदर्शन उससे खराब रहा।

यहां वे अलग-अलग इलाकों में कार्यक्रमों में शामिल होंगे, संगठन की बैठक करेंगे

# 'NEET अभ्यर्थियों को गारंटीड सीट के लिए आ रहे फोन'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : NEET (PG) काउंसलिंग में शामिल कई अभ्यर्थियों को कन्फर्म सीट दिलाने के नाम पर फर्जी कॉल आने का मामला सामने आया है। डॉक्टरों के संगठन यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (UDF) ने आरोप लगाया है कि यह सिर्फ ठगी नहीं, बल्कि अभ्यर्थियों के डेटा लीक या दुरुपयोग का मामला हो सकता है। बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को गारंटीड सीट, फिक्स्ड पैकेज और डायरेक्ट एडमिशन जैसे वादों वाले कॉल आ रहे हैं। यूडीएफ के संस्थापक डॉ. लक्ष्य मित्तल ने इस मुद्दे पर एक विडियो जारी कर कहा कि कॉल करने वालों के पास अभ्यर्थियों की महत्वपूर्ण जानकारियां होना चिंताजनक है। कॉल्स का समय और पैटर्न देखकर लगता है कि यह संगठित तरीके से हो रहा है।

UDF बोला- यह ठगी नहीं, बल्कि डेटा लीक, दुरुपयोग का मामला हो सकता है

# CUET-PG में इस बार रजिस्टर्ड हुए 4,06,666 यूनीक कैंडिडेट्स

## UG रजिस्ट्रेशन के लिए बचे 4 दिन, अब तक 10 लाख आवेदन

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : केंद्रीय विश्वविद्यालयों समेत दूसरे उच्च शिक्षण संस्थानों के पीजी कोर्सेज में एडमिशन के लिए होने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET- PG) की आवेदन प्रक्रिया खत्म हो गई है। 157 विषयों के लिए 503482 कैंडिडेट्स ने रजिस्ट्रेशन किया, लेकिन फीस जमा करने वाले यूनीक कैंडिडेट्स की संख्या 406663 रही। सीयूईटी पीजी में अधिकतम चार विषयों की परीक्षा देने का विकल्प था और बड़ी संख्या में छात्रों ने तीन से चार विषय ही चुने हैं। इस तरह से यह संख्या 703586 कैंडिडेट्स की होती है। कंप्यूटर बेस्ड CUET- PG मार्च 2026 में होगा। पीजी कोर्सेज के लिए विदेशी छात्रों ने भी आवेदन किया है। वहीं, ग्रैजुएशन में दाखिले के लिए होने वाली CUET- UG-2026 में आवेदन के लिए चार दिन ही बचे हैं। अभी तक 10 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स आवेदन कर चुके हैं। CUET- UG 2026 के एग्जाम का पैटर्न लगभग 2025 के जैसा ही होगा। कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड में हर पेपर एक- एक घंटे का होगा। हर पेपर में 50 क्वेश्चन होंगे और सभी क्वेश्चन कंपलसरी होंगे। सही जवाब देने पर 5 नंबर मिलेंगे जबकि किसी सवाल का गलत जवाब दिया तो एक नंबर की नेगेटिव मार्किंग होगी।



AI image

### ज्यादातर ने चुना 4 विषयों का विकल्प

CUET- UG के लिए 30 जनवरी तक cuet.nta.nic.in पर आवेदन कर सकते हैं। 31 जनवरी को रात 11.50 बजे तक क्रेडिट-डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग और यूपीआई के जरिये फीस जमा कराई जा सकती है। फॉर्म में करेक्शन विंडो 2-4 फरवरी तक ओपन रहेगी। 11-31 मई के बीच एग्जाम होगा। छात्रों को 5 विषयों की परीक्षा देने का विकल्प मिला हुआ है। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी के एक सीनियर अधिकारी का कहना है कि ग्रैजुएशन कोर्सेज में दाखिले के लिए ज्यादातर छात्रों ने 4 विषयों की परीक्षा देने का विकल्प चुना है।

# शादी का वादा कर मेड से रेप में 'धुरंधर' का ऐक्टर अरेस्ट

■ पीटीआई, मुंबई : मुंबई में एक अभिनेता को मेड से शादी का वादा कर 10 साल तक रेप करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, 41 साल की महिला की शिकायत के आधार पर नदीम खान को 22 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। वह इस समय पुलिस हिरासत में हैं। हाल ही में खान ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' में नजर आए थे। शिकायत के अनुसार, महिला ने कई ऐक्टर्स की घरेलू सहायिका के रूप में काम किया था और कई साल पहले खान के संपर्क में आई थी, जिसके बाद वे करीबी दोस्त बन गए थे। महिला ने आरोप लगाया कि खान ने उससे शादी का वादा कर उसके मालवानी स्थित आवास और वर्सोवा स्थित अपने घर में कई बार रेप किया।



■ हाल ही में ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर में नजर आए थे नदीम खान

# फिलिपींस में डूबी नाव, 18 की मौत

■ एपी, मनीला : साउथ फिलिपींस में एक द्वीप के पास सोमवार तड़के 350 से अधिक लोगों को ले जा रही एक नाव डूब गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई। सैकड़ों लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि कई अब भी लापता हैं। अधिकारियों के मुताबिक, सामान और यात्रियों को ले जा रहे नाव में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे वह डूब गई। बचाव दल ने 316 लोगों को बचा लिया, जबकि तटरक्षक बल और नौसेना के जहाजों का एक बेड़ा लापता लोगों की तलाश कर रहा है।

# 'राहुल पर शकील का बयान है विश्वासघात'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: राहुल गांधी पर तीखे हमले के बाद कांग्रेस के भीतर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। शकील अहमद ने राहुल गांधी को असुरक्षित नेता बताते हुए कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में वह शशि थरूर को वोट देना चाहते थे, लेकिन मजबूरी में मल्लिकार्जुन खड़गे को वोट देना पड़ा। इस पर अब कांग्रेस नेता और लोकसभा सांसद मणिकम टैगोर ने प्रतिक्रिया दी है। टैगोर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राहुल गांधी का खुलकर बचाव किया। उनकी आलोचना करने वालों को विश्वासघाती करार दिया। कहा कि जब साहस सबसे कठिन रास्ते पर चलता है, तब विश्वासघात किस तरह सामने आ जाता है।

मणिकम टैगोर ने सोशल मीडिया पर राहुल गांधी का बचाव किया

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सभी सम्बन्धित पक्षों को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल गोल्फ लिंक, नई दिल्ली -110003 में स्थित प्लॉट संख्या 197, ब्लॉक संख्या 10, पर स्थित संपत्ति पर बने आवासीय भवन सहित सम्पूर्ण मुक्त स्वामित्व भूखंड और उस भूखंड के सम्पूर्ण स्वामित्व अधिकार (जिसे यहाँ पर "संपत्ति" संदर्भित किया गया है) को श्री [illegible] से खरीदने के लिए एक लेन-देन की प्रक्रिया में है। कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था, जिसमें कोई बैंक अथवा वित्तीय संस्था शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है, जो संपत्ति अथवा उसके किसी भी भाग के संबंध में कोई अधिकार, हक, हित, मांग अथवा संपत्ति का दावा करता है अथवा उसे पुष्ट करता है, जिसमें [illegible] हो, तो उन्हें एतद्द्वारा इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 15(पंद्रह) दिनों के भीतर दस्तावेजी प्रमाण के साथ लिखित में अधोहस्ताक्षरी को देनी होगी, अन्यथा यह मान लिया जायेगा कि हमारे मुवक्किल के पक्ष में संपत्ति की बिक्री के संबंध में किसी का कोई दावा अथवा आपत्ति नहीं है, और हमारे मुवक्किल संपत्ति को खरीदने के पूर्ण हकदार होंगे, जिसमें उसका कब्जा शामिल है।

[illegible]
[illegible] एण्ड पार्टनर्स
प्रथम मंजिल, [illegible], 70, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली - 110017
Email:knm@knm.in; [illegible]@knm.in
Ph:01143115000

# लिव-इन-रिलेशनशिप में संबंध खराब तो दर्ज करा दी जाती है रेप की FIR : HC

## यह टिप्पणी करते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रद्द की उम्र कैद

■ भाषा, प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक निर्णय में कहा कि पश्चिमी विचारों से प्रभावित होकर युवा लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे हैं। ऐसे संबंध खराब होने पर रेप के आरोप में केस दर्ज करा दिया जाता है। कोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए एक युवक को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा रद्द कर दी। युवक पर कथित तौर पर किशोरी का अपहरण कर यौन शोषण करने का आरोप था। कोर्ट ने पाया कि घटना के समय लड़की बालिग थी और वह अपनी इच्छा से युवक के साथ घर छोड़कर गई थी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्र की खंडपीठ ने चंद्रेश नाम के युवक की अपील स्वीकार करते हुए कहा कि चूंकि कानून महिलाओं के पक्ष में है, इसलिए पुरुष इनके आधार पर दोषी ठहराए जाते हैं, जबकि ये कानून तब बनाए गए थे, जब 'लिव-इन-रिलेशनशिप' की अवधारणा अस्तित्व में नहीं थी। मुकदमे के अनुसार, एक शख्स ने आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता शादी के बहाने उसकी बेटी को घर से ले गया और बाद में उसे बेंगलुरु ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। निचली अदालत ने अपीलकर्ता को भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया था।



# गाजा में मिला अंतिम बंधक का अवशेष

■ एपी, यरूशलम : इस्राइली सेना ने कहा है कि गाजा में बचे अंतिम बंधक के अवशेष बरामद कर उनकी पहचान कर ली गई है। इसके साथ ही इस्राइल-हमास युद्ध को रोकने के लिए लागू संघर्ष विराम के अगले चरण का रास्ता साफ हो गया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे सेना की असाधारण उपलब्धि बताया और कहा कि सरकार ने सभी बंधकों को घर लाने का वादा पूरा कर दिया है। 24 साल के पुलिस अधिकारी रण ग्विली 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के दौरान मारे गए थे और शुरुआती बंधकों में शामिल थे। उनके परिवार ने सरकार से अपील की थी कि अवशेष मिलने तक संघर्ष विराम के दूसरे चरण में न जाएं।



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in